फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 290, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00
प्रयागराज, गुरुवार, 9 फरवरी, 2023



परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर - एक बड़े और जुझारू कवि थे विष्णु खरे

अन्दर : गिल या सूर्यकुमार किसे मिलेगा मौका? रोहित शर्मा ने कहा



नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कुछ निराश लोग देश की प्रगति स्वीकार नहीं कर पा रहे

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब रहे थे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया में कोरोना महामारी सहित अनेक संकटपूर्ण हालात के बीच देश को जिस तरह से संभाला गया, उससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है एवं पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा और भरोसा है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए विपक्षी कांग्रेस पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक का समय आजादी के इतिहास में सबसे अधिक घोटालों का दशक रहा है और संप्रग सरकार के इन दस साल के कार्यकाल में कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर कोने में भारत के लोग असुरक्षित महसूस करते थे। मोदी ने 2जी, सीडब्ल्यूजी और अन्य घोटालों

### संसद में भाषण

**पीएम बोले- 2004 से 2014 तक का समय आजादी के इतिहास में सबसे अधिक घोटालों का दशक रहा**

**संप्रग सरकार के दस साल का कार्यकाल जहां लॉस्ट डिकेड' था, वहीं 2030 तक का दशक इंडियाज डिकेड' होगा**



का जिक्र करते हुए कहा कि इन दस साल में वैश्विक मंचों पर भारत की साख इतनी कमजोर हो गयी थी कि दुनिया उसकी बात सुनने को तैयार नहीं थी। उन्होंने कहा कि दुनिया में सौ साल बाद कोरोना जैसी महामारी आई, विश्व बंटा हुआ है, ऐसी स्थिति में भी राजग सरकार के कार्यकाल में देश को जिस तरह से संभाला गया, उससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है एवं पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा और भरोसा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संप्रग सरकार के दस साल का कार्यकाल जहां लॉस्ट डिकेड' था, वहीं 2030 तक का दशक इंडियाज डिकेड' होगा। उन्होंने कहा कि आज जब कई देशों में भीषण महंगाई, बेरोजगारी, खानेपीने का संकट है और अपने पड़ोस में भी ऐसे हालात हैं, ऐसी स्थिति में कौन हिंदुस्तानी इस बात पर गर्व नहीं करेगा कि ऐसे समय में भी देश दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के रूप में गौरव पूर्ण अवसर हमारे सामने हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पूरे अभिभाषण में जो बातें कही गयी हैं वे 140 करोड़ देशवासियों के लिए उत्सव का अवसर हैं। मोदी ने कहा कि खुशी की बात है कि आज भारत को विश्व के समृद्ध देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता का अवसर भी मिला, जो देश के लिए गर्व की बात है।

कांग्रेस सदस्यों की टीका-टिप्पणी के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को इसका भी दुख हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सारे विशेषज्ञों को भारत से बहुत आशा और विश्वास है, जिसका कारण भारत में आई स्थिरता, उसकी वैश्विक साख, बढ़ता सामर्थ्य और नयी संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान सदन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। मोदी ने कहा कि देश में आज स्थिर और निर्णायक सरकार है जिसका भरोसा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूर्ण बहुमत से चलती है और राष्ट्रहित में फैसले लेने का सामर्थ्य रखती है।

उन्होंने कहा, हम इस मार्ग से हटने वाले नहीं, इस पर चलते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चर्चा में सभी सदस्यों ने अपनी रुचि, प्रवृत्ति और प्रकृति के अनुसार सबने अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि जब हम इन बातों को गौर से सुनते हैं और समझने का प्रयास करते हैं तो समझ में आता है कि किसकी कितनी क्षमता है, किसकी कितनी योग्यता है, किसकी कितनी समझ है और किसका क्या इरादा है। मोदी ने कहा कि देश भलीभांति इन बातों का मूल्यांकन करता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक शेर पढ़ा और कहा कि ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, ये कह-कहकर हम दिल को बहला रहे हैं, वो अब चल चुके हैं, वो अब आ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में संकल्प से सिद्धि' तक का बढ़िया तरीके से खाका खींचा गया जिसमें एक प्रकार से देश को लेखाजोखा भी दिया गया और प्रेरणा भी दी गयी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों ने अभिभाषण से कन्नी काटी। एक बड़े नेता तो राष्ट्रपति का अपमान कर चुके हैं। जनजातीय समुदाय के प्रति उनकी सोच क्या है, यह सामने आ गया। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री का इशारा कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की तरफ था जिन्होंने कुछ महीने पहले राष्ट्रपति के खिलाफ एक टिप्पणी की थी।

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहुत सारी बातों को विपक्ष ने भी मौन रहकर स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि चर्चा में किसी सदस्य ने राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के दुनिया की समस्याओं के समाधान बनने, इस सरकार में लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलने, भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलने तथा नीतिगत पंगुता से उबरने जैसे उल्लेखों का विरोध नहीं किया। मोदी ने कहा, मुझे आशंका थी कि कुछ लोग इन बातों का विरोध करेंगे, लेकिन मुझे खुशी है कि किसी ने विरोध नहीं किया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

# ड्यूटी पर फेसबुक-इंस्टा यूज किया तो खैर नहीं

### सख्त कदम

**रील बनाने वालों पुलिसवालों को सख्त संदेश, यूपी पुलिस के लिए सोशल मीडिया पॉलिसी जारी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस कर्मियों को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना भारी पड़ जाएगा। इसके उपयोग पर रोक लगा दी गई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम पर चेहरा चमकाने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर यह निर्देश जारी किया गया है। अब वे अपने पर्सनल अकाउंट नहीं चला पाएंगे। यूपी पुलिस ने नई सोशल मीडिया पॉलिसी के तहत कड़े निर्देश दिए हैं। यूपी के डीजीपी डीएस चौहान की मंजूरी के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से इस संबंध में आदेश जारी हुआ है। पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया साइट का उपयोग नहीं कर पाएंगे। ड्यूटी के बाद भी वर्दी में रील बनाने पर रोक लगा दी गई है। किसी भी स्थान पर तैनाती के बाद पुलिसकर्मी सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर लाइव टेलीकास्ट नहीं कर पाएंगे। योगी सरकार ने बुधवार को पुलिस कर्मियों के लिए सोशल मीडिया की नई पॉलिसी जारी कर दी है। यूपी पुलिस कर्मियों के लिए जारी सोशल मीडिया पॉलिसी के अनुसार, थाना, पुलिस लाइन या फिर कार्यालय के निरीक्षण और पुलिस ड्रिल या फायरिंग में भाग लेने का लाइव टेलीकास्ट अब नहीं किया जा सकेगा। कार्यवाही से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने से भी रोक लगा दी गई है। इस प्रकार का कोई भी कार्य गोपनीयता की नीति का उल्लंघन माना जाएगा। कोचिंग, लेक्चर, लाइव टेलीकास्ट, चैट, वेबीनार आदि में बतौर गेस्ट बुलाए जाने या उसमें भाग लेने से पहले यूपी पुलिस के कर्मियों को अब सीनियर अधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

C.U.E.T CHS
ENTRANCE EXAM - 2022
BHU / DU / AU 6, 9 & 11
B.Sc B.Com B.A B.Ed
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
CLAT & BLAT
9335418689, 9335720660

# पीएम ने नहीं दिया जवाब, अपने मित्र की रक्षा कर रहे

## लोकसभा में पीएम के भाषण के बाद सदन के बाहर राहुल गांधी ने निशाना साधा

### संसद सत्र

**कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं, पीएम के संबोधन में अडाणी मामले का जिक्र नहीं**

**अगर मित्र नहीं हैं तो कहते ठीक है मैं जांच कराउंगा, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। हालांकि इस दौरान अदाणी को लेकर लगाए जा रहे विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कुछ नहीं कहा। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सदन के बाहर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन पर पलटवार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर अडाणी को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम ने एक भी जवाब नहीं दिया। उनके भाषण से सच्चाई दिखती है। अगर (अडाणी) मित्र नहीं है तो उनको कहना चाहिए था कि जांच कराएंगे।

लोकसभा में प्रधानमंत्री के भाषण के बाद सदन के बाहर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं संतुष्ट नहीं हूं। पीएम के संबोधन में अदाणी मामले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन में सच्चाई दिखती है। उन्होंने एक भी जवाब नहीं दिया। जांच कराने की बात नहीं की। अगर मित्र नहीं हैं तो कहते ठीक है मैं जांच कराउंगा, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। राहुल गांधी ने आगे जवाब देते हुए कहा कि उनका (अदाणी) शेल कंपनी, डिफेंस इंडस्ट्री में बहुत बेनामी पैसा घूम रहा है। उस पर प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री उनकी रक्षा कर रहे हैं। ये राष्ट्रीय सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर का मामला है प्रधानमंत्री को कहना चाहिए था कि जांच कराएंगे। बहुत बड़ा घपला है। जरूर उनको बचाने की कोशिश कर रहे हैं मैं समझता हूं ऐसा क्यों है।

### राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**लोकसभा अध्यक्ष ने अध्ययन करके कार्रवाई की बात कही**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री के संबंध में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोकसभा में की गयीं कुछ टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर विचार करने के बाद कार्रवाई की बात कही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर मंगलवार को शुरू हुई चर्चा में भाग लेने के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा की गयीं कुछ टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सदन में बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सदस्य ने सदन के कामकाज के नियम 353 और 369 का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि नियम 353 के तहत उस व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाये जा सकते जो अपने बचाव के लिए सदन में उपस्थित नहीं है। उन्होंने कहा कि नियम के तहत इसके लिए पूर्व में नोटिस देना होता है और लोकसभा अध्यक्ष से पूर्व अनुमति लेनी होती है। वहीं, निशिकांत दुबे ने सदन में प्रश्नकाल के बाद कहा कि उन्होंने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। इस पर पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि उनका नोटिस मिला है जो लोकसभा अध्यक्ष के विचाराधीन है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को लोकसभा में पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस व्यक्ति ने प्रधानमंत्री पर आरोप मढ़े हैं जो खुद भ्रष्टाचार के मामले पर जमानत पर है। प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर निचले सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए दावा किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सदन को गुमराह किया और वह हताश हैं क्योंकि मोदी सरकार में डील और कमीशन बंद हो चुका है।

# सदन में शिवपाल यादव को फ्रंट सीट देंगे अखिलेश

**लखनऊ।** सपा महासचिव बनाए जाने के बाद अब विधानसभा के अंदर भी विपक्षी खेमे में शिवपाल का कद बड़ा दिखेगा। विधानसभा के अंदर उन्हें फ्रंट सीट पर बैठाने पर पार्टी में सहमति बन चुकी है। इसे सपा अध्यक्ष अखिलेश की ओर से उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट पर जीत का रिटर्न गिफ्ट माना जा रहा है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार शाम अचानक चाचा शिवपाल सिंह यादव के घर भी पहुंचे और दोनों के बीच करीब 45 मिनट तक संगठनात्मक मुद्दों पर बात हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुलाकात के दौरान शिवपाल के साथियों को संगठन में समायोजित करने पर भी बात हुई। माना जा रहा है कि सपा प्रदेश में नए सिरे से आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी से दूर हुए कई

### चाचा को सम्मान

**मैनपुरी जीत का रिटर्न गिफ्ट समर्थकों के लिए भी खास प्लान**

नेताओं की घर वापसी भी कराई जाएगी। पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद भी शिवपाल अब तक कार्यालय नहीं जाते हैं। वे पहले की तरह अपने पुराने कार्यालय में ही कार्यकताओं से मिलते हैं। ऐसे में अखिलेश उनके घर पहुंचे। दोनों के बीच सियासी हालात और प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर मंथन हुआ। सूत्रों का कहना है कि शिवपाल ने प्रसपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी में रहे कुछ लोगों को समायोजित करने पर जोर दिया है।

### यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** यूपी राजधानी लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। समिट का उद्घाटन 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वहीं इस कार्यक्रम के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी समिट में भाग लेंगे। इसकी जानकारी लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार ने दी। जानकारी के मुताबिक 10 फरवरी की सुबह साढ़े 9 बजे प्रदानमंत्री मोदी अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। 10 बजे तक वह वृंदावन योजना स्थित कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे और यहां डेढ़ घंटे तक रहेंगे। इसके बाद साढ़े 11 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 20 से ज्यादा देशों के 10 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# अब गाजीपुर का नाम बदलने की मांग

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने अब गाजीपुर जिले का नाम बदलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। इससे पहले सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव भी गाजीपुर का नाम बदलने के लिए सीएम योगी को पत्र लिख चुके हैं। ओपी राजभर ने सीएम योगी को पत्र लिखकर कहा कि गाजीपुर के पौराणिक महत्व में ब्रह्मर्षि विश्वामित्र की अद्वितीय भूमिका का उल्लेख करते हुए गाजीपुर का नाम बदलकर विश्वामित्र नगर करने की मांग की है। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी सांसद संगमलाल गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सूबे की राजधानी लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी या लक्ष्मणपुरी करने की मांग की है।

इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया। फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या किया गया। मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन किया गया। झांसी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन रखा गया। सबसे पहले मुगलसराय जंक्शन का नाम बदल कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन कर दिया गया था। इसके बाद मुगलसराय तहसील का नाम भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर दिया गया था। कुछ महीने पहले प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई जगहों के नाम बदले गए थे। इनमें बर्लिंगटन चौराहा का नाम अशोक सिंघल कर दिया गया। सर्वोदयनगर में द्वार का नाम नामकरण विनायक दामोदर सावरकर द्वार कर दिया गया। वहीं सिकंदराबाग चौराहे का नामकरण विरांगना उदादेवी हो गया तो विरामखंड राम भवन चौराहा, अमर शहीद मेजर कमल कालिया चौराहा किया गया।

### लिखा पत्र

**सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने सीएम योगी से की गाजीपुर का नाम बदलकर विश्वामित्र नगर करने की मांग**

**सबसे पहले मुगलसराय जंक्शन का बदला था नाम**



# दिल्ली में महबूबा मुफ्ती हिरासत में ली गई

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ आवाज उठा रही थीं महबूबा



**नई दिल्ली।** पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती को जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हिरासत में लिया। बुधवार को महबूबा मुफ्ती और उनके कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। महबूबा जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में गुंडा राज है। इसे अफगानिस्तान की तरह बरबाद किया जा रहा है।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी जमीन को मुक्त कराने के लिए अब तक कई इमारतों पर बुलडोजर चलाया गया है। इसके विरोध में जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह विध्वंस अभियान कश्मीर को फिलिस्तीन से भी बदतर स्थिति में बदल रहा है। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान जैसा बनाना चाहती है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि बीजेपी देश के संविधान को तोड़ रही है। कश्मीर को अफगानिस्तान बना दिया गया है।

### विरोध पड़ा भारी

**बोलीं-जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान बनाना चाहती है केंद्र सरकार**

बीजेपी ने बहुमत को हथियार बनाया है। जम्मू-कश्मीर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत गरीबों और हाशिए पर खड़े लोगों के घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा रहा है। पीडीपी प्रमुख ने इस दौरान देश में विपक्षी पार्टी के नेताओं से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा द्वारा किए जा रहे अत्याचारों पर मूकदर्शक न बनें। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन अभी भी बेहतर है। जिस तरह से लोगों के छोटे-छोटे घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा रहा है, उससे कश्मीर अफगानिस्तान से भी बदतर होता जा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने यह भी कहा कि भाजपा के शासन में जम्मू-कश्मीर की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर ही एक ऐसा प्रदेश था, जहां लोग सड़क पर नहीं सोते थे, जहां लोग मुफ्त राशन के लिए लाइन में खड़े नहीं होते थे। जब से बीजेपी आई है, गरीबी रेखा से ऊपर रहने वाले लोग भी इसके नीचे आए हैं।

# रेस्क्यू ऑपरेशन में मौसम बना मुसीबत

**नई दिल्ली।** तुर्की में आए विनाशकारी भूकंप में अब तक 7 हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। बचावकर्मी तीन दिन से लगातार लोगों को बचाने में जुटे हैं। खराब मौसम और कड़ाके की ठंड में रेस्क्यू ऑपरेशन बेहद मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि, बचावकर्मी लगातार लोगों की मदद में जुटे हैं और मलबे में दबे लोगों को निकाल रहे हैं। जैसे-जैसे समय गुजर रहा है, चुनौती भी बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग मलबे में दबे हैं और उन्हें जल्द से जल्द बाहर निकालना होगा।

1999 के बाद यह दूसरा ऐसा भूकंप है, जिसने इतने बड़े स्तर पर तबाही मचाई है। 7.8 तीव्रता वाले इस भूकंप के कारण स्कूलों, अस्पतलों और अपार्टमेंट की हजारों इमारतें ढह गई हैं। इनमें दबकर हजारों लोगों की जान चली गई। अभी तक 7,200 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र ने आशंका जताई है कि मरने वालों में हजारों बच्चे भी हो सकते हैं। तुर्की में सोमवार को एक के बाद एक 3 भूकंप आए, जिनमें दो भूकंप की तीव्रता 7.8 और 7.5 थी। सबसे ज्यादा तबाही 7.8 तीव्रता वाले भूकंप के कारण हुई है। भूकंप के बाद भी यहां कई आफ्टरशॉक्स महसूस किए गए।

### विनाशकारी भूकंप

**तुर्की में सात हजार से ज्यादा की मौत, कई इलाकों में बिजली और तेल की किल्लत**

**वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम ग्रेबेसियस ने जताई चिंता**



तुर्की में बेहद ठंड है। ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन मुश्किलभरा होता जा रहा है और बेघरों के लिए स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। कई लोग जान बचाने के लिए मलबों के टीलों पर पहुंच गए ताकि उनके दोस्त, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को उन्हें ढूंढने में आसानी हो। सोमवार को भी तुर्की के राष्ट्रपति तईप एर्दोगन ने कहा था कि खराब मौसम के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन और ज्यादा दिक्कतभरा होता जा रहा है। हालांकि, कड़ाके की ठंड में भी सभी लोग मदद करने में जुटे हैं। इस बीच वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम ग्रेबेसियस ने तुर्की के हालातों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ये समय के खिलाफ दौड़ है, जैसे-जैसे समय बीत रहा ही, चुनौती भी बढ़ती जा रही है। अधिकारियों ने सीरिया को लेकर भी चिंता जताई है।

### त्रिपुरा में गरजे सीएम योगी 25 साल से काबिज विपक्ष को बीजेपी ने किया खत्म

**त्रिपुरा।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सूर्यमणिनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और माकपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और माकपा ने ज्यादातर त्रिपुरा पर शासन किया। भाजपा 2018 में सत्ता में आई और 25 साल के वाम शासन को समाप्त कर दिया। 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों दलों ने गठबंधन में लड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्रिपुरा में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास की गति बुलेट ट्रेन तक पहुंच गई है। सरकार की गति को कोविड-19 महामारी के दौरान जनता ने महसूस किया जब लोगों को मुफ्त टीके, मुफ्त इलाज और मुफ्त भोजन मिल रहा था। अगर राज्य में कांग्रेस या माकपा सत्ता में होती तो लोग उन योजनाओं से वंचित रह जाते। सीएम ने कहा, हम सभी का विकास चाहते हैं।

संक्षेप

### अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने अपहरण के एक वांछित को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के सुरबल साहनी तालाब के समीप से मुखबिर की सूचना पर की गई है। मामले में विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अभियुक्त का चालान भेज दिया है।
यह जानकारी देते हुए शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अपराध संख्या 29-2023, धारा 363, 323, 328, 506, 34 के मामले में अभियुक्त कौशल प्रसाद पुत्र स्व. धोधर (निवासी छतरगढ़, शंकरगढ़) काफी समय से फरारी काट रहा था। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने अपनी टीम के सदस्य कांस्टेबल राम अवध यादव के साथ धर दबोचा। अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है।

# नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेते समय युवक पानी में डूबा, मौत

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के अरैल घाट पर बुधवार की दोपहर अपने भतीजे के साथ स्नान करने गया युवक नाव पर खड़े होकर सेल्फी ले रहा था। उसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी मार्तंड प्रताप सिंह (20) वर्षीय पुत्र रूद्र प्रताप सिंह मिजार्पुर जिले के लालगंज के मूल निवासी है। बताते हैं, कि बुधवार की दोपहर मैं तकरीबन 1:00 बजे वह अपने भतीजे राघवेंद्र प्रताप सिंह के साथ अरैल घाट पर स्नान करने गया था। उसी दौरान दोनों नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेने लगे। अचानक मार्तंड का पैर फिसल गया, और वह गहरे पानी में चला गया।



शव को अपने कब्जे में लेती पुलिस

देखते ही देखते वह पानी में समा गया। जब तक लोग उसको बचाने के लिए एकत्र होते। तब वह पूरी तरह से आंखों से ओझल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को पानी में उतारा। काफी मशक्कत करने के बाद गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाल लिया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। उसके मरने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना से मोहल्ले में शोक छाया हुआ है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रोडवेज कर्मी की मौत

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध का पूरा गांव में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ रोजवेज कर्मी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के मुताबिक प्रसिद्ध का पूरा गांव का राम आसरे सरोज 52 वर्ष पुत्र भाईलाल रोडवेज में कर्मचारी था। मंगलवार की रात में उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह परिजन लाश का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे तभी किसी ने ट्वीट कर पुलिस अधिकारियों को शिकायत किया कि घर वालों ने उसकी हत्या कर दी है। जिस पर फाफामऊ पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जबकि घर वालों का कहना है दो वर्ष पहले एक्सीडेंट होने से वह बीमार चल रहे थे। मंगलवार की रात हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# खाना बनाते समय करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी मोहल्ले में बुधवार की दोपहर खाना बनाते समय करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी मोहल्ला निवासी रंजना देवी (55) वर्षीय पत्नी स्वर्गीय मंगला प्रसाद बुधवार की दोपहर मैं तकरीबन 1:00 खाना बना रही थी । उसी दौरान करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह से झुलस गई। जानकारी मिलने पर पड़ोस में रहने वाले लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। चौकी प्रभारी उमाशंकर का कहना है, कि करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। फिलहाल मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### शांति भंग के आरोप में तीन लोगों का हुआ चालान

**नैनी।** औद्योगिक थाना क्षेत्र की पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों को पकड़कर शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को औद्योगिक थाने की पुलिस ने विराज सिंह पुत्र सुभाष चंद्र सिंह निवासी महुवारी, सौरभ पुत्र प्यारे लाल निवासी महुवारी, आदित्य उर्फ साजन भारतीया पुत्र सुरेश कुमार भारतीया निवासी पतेवरा थाना औद्योगिक क्षेत्र को पकड़ कर शांति भंग के आरोप में धारा 151/107/116 सीआरपीसी एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

## शिक्षिकाओं के बीच हुई मारपीट के बाद सहायक शिक्षिका अवकाश पर

**मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को हुई थी मार पीट**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को दो शिक्षिकाओं के बीच मार पीट के बाद सहायक शिक्षिका अवकाश पर चली गई है। बता दें कि मंगलवार को सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक दशक से तैनात प्रधानाध्यापिका कामनी गौड और सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव के बीच किन्हीं बातों को लेकर लात घूंसों चले थे। बाद में कामनी गौड के छात्रों को उक्सा कर मोबाइल छिनने और पीटवाया था। प्रियंका श्रीवास्तव ने तैस में आकर बच्चों पर ताला फेंक दिया था। जिस पर दो छात्र घायल हो गए थे। बाद में खंड शिक्षा अधिकारी ने मामला शांत करा कर अपने साथ दोनों शिक्षिकाओं को लेकर चली गई थी। बुधवार को सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव अवकाश पर चली गई। जब कि प्रधाना अध्यापिका कामनी गौड थोडी देर विधालय में रहीं। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि कामनी गौड आधा दर्जन गांव की महिलाओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी के पास अपनी सफाई दिलवाने चली गई। हालांकि इस विद्यालय में आधा दर्जन शिक्षकों की तैनाती है। घायल बच्चों के अभिभावकों ने कोई भी कार्यवाही करने से इंकार कर दिए। जबकि अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वह अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजते हैं।यहां की टीचर तो बच्चों को मार पीट का शिक्षा दे रही है। ग्रामीणों ने नाम छापने के शर्त पर बताया कि आप लोग देख लेना दस वर्षों से एक ही स्कूल में कुंडली मारे इन महिला शिक्षकों का कुछ भी नहीं होगा। ठीक इसी प्रकार अनेकों विद्यालय के शिक्षकों ने भी कही।

खंड शिक्षाधिकारी ममता सरकार ने बताया कि वह दोनों महिला शिक्षकों को स्पष्टीकरण के लिए पत्र भेजी हैं।

# तीस वर्षों से बदहाल सड़क की कोई नही ले रहा सुधि

**अनदेखी**

**बेलामुण्डी गांव जाने वाली सड़क तीस वर्ष से नही हुई रिपेयरिंग, गड्ढे में तब्दील, ग्रामीण परेशान**

**कई वर्षों से कर रहे ग्रामीण सरकार से मांग, आज तक नही बनी सड़क**

**पी. सी. पाण्डेय**

**लालापुर।** सरकार ने कई बार सड़क विभाग को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया की सभी सड़क गड्ढा मुक्त होनी चाहिए,कही भी किसी सड़क पर गड्ढा नही होना चाहिए। लेकिन सरकार का आदेश इस सड़क को देखने के बाद यही पता चलता है कि सम्बंधित विभाग कागज पर सीमित करके रख दिया है। जिससे एक तरफ सरकार बदनाम होती है, तो दूसरी तरफ ग्रामीण परेशान होते है।

तीस वर्ष पूर्व बसहरा तेलियान तिराहा से बेलामुण्डी गांव की तीन किलोमीटर की आर एस विभाग की


बेलामुण्डी गांव की बदहाल सड़क

सड़क उस समय के बारा विधायक रामशेवक पटेल के सौजन्य से बनवाई गई थी। दर्जनों गांव को जोड़ने वाली सड़क कुछ वर्षों के बाद सड़क टूटना शुरू हो गई,जगह जगह गड्ढे में सड़क तब्दील होती चली गई, ग्रामीण सड़क रिपेयरिंग करने के लिये विभाग से गुहार लगाते रहे,लेकिन किसी ने एक नही सुनी। बदहाल सड़क पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गये अंतिम लेयर गिट्टी निकल कर बाहर आ गई, इस पर वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल चलना बहुत मुश्किल है। ग्रामीणों ने माननीया सांसद प्रयागराज, विधायक बारा से जो भी बनते रहे उनसे मांग करते रहे नतीजा शून्य निकला, क्योकि आज तक सड़क रिपेरिंग नही हो पाई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पी डब्लू डी विभाग सड़क को अपने अधीन नही ले रहा है।जब तक सड़क का आर एस विभाग से अहस्त्रण नही होगा तब तक पी डब्लू डी तब तक सड़क रिपेरिंग नही करेगा। क्षेत्र के पुरवा, अतरसुइया, पचवर, गोझवार, नागनपुर, मझियारी, महेरा, बेलामुण्डी गांव को जोड़ने वाली जरजर सड़क को ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है खस्ताहाल सड़क को जल्द रिपेरिंग करवाए,खैर जो भी हो ग्रामीणों का कहना है कितनी बार इस सड़क की शिकायत करू कहा कागज चला जाता है पता नही है। सड़क तो बनी नही सरकार कितनी बार बदल कर बनती रही, और सड़क गड्ढे में तब्दील होती रही, आज इस सड़क की इस तरह दुर्दशा है कि बिन बारिश वाहन तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो रखा है। ग्राम प्रधान बेलामुण्डी सूर्य बली त्रिपाठी, पूर्व प्रधान भूपेंद्र मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि मझियारी, सुरेश गुड्डु,अजय, अभिषेक शुक्ला, दीपक तिवारी, चन्द्रबली त्रिपाठी आदि ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की सड़क है,चाहे जिस विभाग की हो इसको रिपेरिंग करवाये,ताकि ग्रामीणों की समस्या सदैव के लिये दूर हो सके।


"सड़क की दयनीय दशा है किसी भी विभाग की हो ग्रामीणों की परेशानी है कई गांव को जोड़ती है हमने दो महीना पहले सरकार को पत्र के माध्यम से मांग किया हूँ, सड़क जल्द बनेगी"
**-डॉ वाचस्पति,विधायक बारा**


"कई वर्षों सो सड़क टूट गई चुनाव के समय जनप्रतिनिधि कहकर चले जाते है इस पर चलना दूभर है रिपेयरिंग सरकार जल्द करवाए"
**-राज बहादुर ग्रामीण बेलामुण्डी**


"सड़क की हालत बहुत खराब है वाहन तो दूर पैदल चलना मुश्किल है बारिश में पूरी सड़क तालाब बन जाती है, इस पर चलना मुश्किल हो रखा है आज तक रिपेयरिंग नही हुई सरकार से मांग करता हूं जल्द सड़क बनवाये"
**-चन्द्रबली त्रिपाठी ग्रामीण बेलामुण्डी**


मौके पर जुटी लोगों की भीड़

## मोबाइल छीन कर भाग रहे उचक्कों को बाजारवासियों ने पकड़ पीटा

**मेजा।** क्षेत्र के मेजारोड बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का दो बाइक सवार उच्चके मोबाइल छीन कर भाग रहे थे,बाजार वासियों ने उच्चकों को दौड़ाकर पकड़ कर जम कर धुनाई की उसके बाद पुलिस को सौंप दिया। गौरतलब हो कि संदीप कुमार निवासी शुक्लपुर मेजा बुधवार को मेजारोड चौराहे पर किसी कार्य से सुबह खड़ा था अचानक दो बाइक सवार उच्चके उसका मोबाइल छीन कर भागने लगे तो उसने शोर मचाया शोर सुनकर बाजार वासियों ने मामला समझ लिया और उच्चकों को दौड़ाकर पकड़ लिया और धुनाई कर दी। सुचना पर चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, दरोगा इश्तियाक अहमद पंहुचे और दोनों को पुलिस चौकी ले गए। मोबाइल छीनने वाले युवक ने अपना नाम छोटू भारतीया पुत्र सालिक राम निवासी बिगहनी बताया। फिलहाल पुलिस पुछताछ कर रही है।

## एक गांव में मार पीट दूसरे गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में मार पीट हुई जबकि दूसरे गांव में सरकारी जमीन कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर के लेखपाल नीरज कुमार ने चारागाह की जमीन पर कब्जा करने पर ग्राम बडौरा के शंकर लाल पुत्र राम दुलार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम धानी का पूरा कल्याणपुर निवासी अमर बहादुर पुत्र राम सजीवन का आरोप है कि आबादी की जमीन पर उसने पेड लगा रखा था। जिसे पडोसी उखाड़ दिए। बोलने पर मारे पीटे। अमर बहादुर ने अरविन्द कुमार ,गुलाबा देवी ,शुक्लाईन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## बाला जी का जागरण आयोजित


मिश्रपुर में जागरण कहते भक्तगण व गुरु जी

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के मिश्रपुर में मंगलवार को बाला जी का जागरण का आयोजन बाला जी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीएसी वाले गुरु जी के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।

जागरण के अवसर पर पीएसी वाले गुरु जी ने हनुमान जी के बाल रूप पर विधिवत प्रकाश डालते हुए कथा सुनाया । इस दौरान ढोल हारमोनियम,मजीरा के साथ पूरी रात हनुमान जी का भजन गाया गया । सुबह भोर में प्रसाद वितरण किया गया । इस दौरान मुख्य रूप से सोनू कुमार अमरनाथ बिंद, आचार्य विवेक पंडित, अभिषेक सिंह,उमेश छोटू राय, अंशु सहित दर्जनों लोग रहे ।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

**मऊआइमा।** मऊआइमा स्वच्छ भारत मिशन के तहत दस्तक अभियान के अंतर्गत जुलूस निकाला गया तथा लोगों को गंदगी न फैलाने की अपील की गई। बुधवार को मऊआइमा नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन दस्तक अभियान के तहत जुलूस निकाला गया तथा डोर टू डोर जा कर गीला, सूखा कूडा कूडे दान में अलग अलग डालने की अपील किए। तथा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहित समिति के सदस्यों ने घर घर जा कर लोगों को सफाई के बाबत समझाए और दुकानदारों को भी कूडा इधर उधर न फेंकने की बात समझाई। तथा यह भी बताए कि गली गली, सडकों पर सुबह कूडों की गाडियां घूमती है उसमें कूडा डालें।या हर स्थान पर रखा कूडादान में कूडा डालें।इस अवसर पर अधिशासी


लोगों को घर घर जाकर जागरूक करते हुए

अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक हीरा लाल, जिला कोआडिनेटर नेहा कपूर, कम्प्यूटर ऑपरेटर अशीष कपूर, वलीद अंसारी, इकरा, शिव कुमार, आजम खान, रखसान, इनायत उल्ला ,सफाई नायक कुल्लू, जे बी ,आदि तमाम सफाई कर्मचारियों ने मौजूद थे।

## भण्डारा व एक माह का निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नैनी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष (2022-2023 में) भी पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी और शिवम अक्षयवट हास्पिटल के द्वारा माघ मेला अरैल क्षेत्र ( सेक्टर 1ए ) में एक माह का निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण और निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई। शिविर के समाप्ति पर सोसायटी द्वारा वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सच्चा संस्कृत विद्यालय के छात्रों एवं साधु संन्यासियों को धार्मिक पुस्तकें भी भेंट की गई। सोसायटी की सचिव डॉ नम्रता राय ने गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरण करते हुए कहा कि सोसायटी स्वास्थ्य सेवा के लिये सदैव तत्पर रहती है और हर वर्ष माघ मेले में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती रहेगी। शिविर में हास्पिटल की तरफ से डॉ सी. बी उपाध्याय ने सहयोग किया और रिटायर्ड फार्मासिस्ट टी. एन. सिंह एवं अजय उपाध्याय ने दवा वितरण किया, डॉ आनन्द पाण्डेय ने फिजियोथेरेपी की जानकारी दी, शिविर की व्यवस्था धर्मेंद्र पाण्डेय ने की।


भण्डारे में छात्रों एवं साधु संन्यासियों को धार्मिक पुस्तकें भेंट करते हुए

### गंगा और टोंस नदी से अवैध बालू खनन पर जागृति मिशन ने डीएम से की शिकायत


**करछना।** तहसील क्षेत्र के गंगा और टोंस नदी के घाटों से रात के अधेरें में चोरी छिपे चल रहे बालू के अवैध खनन को लेकर बीते दिनों जागृति मिशन द्वारा आवाज उठाई गई।यह बात विभागीय अधिकारियों तक पहुंचने पर कार्रवाई भी हुई और कुछ दिनों तक अवैध खनन पर रोक भी लगी थी। इसके अलावा कुछ अज्ञात खनन माफियाओं के खिलाफ रिर्पोर्ट भी दर्ज हुई थी।लेकिन कुछ दिनों के बाद फिर यह धंधा फिर शुरू हो गया है।गंगा के कबरा,डीहा और रवनिका घाटों पर शुरू हुए इस धंधे से ओवर लोडिंग अनवरत जारी है जिससे क्षेत्र की कई सड़कें भी टूट रहीं हैं।मिशन के लोगों ने कहा कि इस कार्य में निश्चित ही कुछ विभागीय अधिकारियों और खनन माफियाओं का गठजोड़ सक्रिय है और पुलिस की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता।मिशन ने जिलाधिकारी को लिखित पत्र के द्वारा इस गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए जांच पड़ताल कर अवैध खनन पर लगाम लगाने और संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# खेतों में धावा बोल रहे निराश्रित गोवंश, किसान परेशान

**कोरांव।** निराश्रित गोवंश के रहन-सहन के लिए संचालित गौशालाओं के बावजूद भी सड़कों एवं खेतों में सैकड़ों की संख्या में गोवंश घूम रहे हैं नगर हो या गांव आवारा पशुओं को पकड़ने और गौशालाओं में रखने के दावे सिर्फ कागजी साबित हो रहे है, गोवंश की वजह से रात दिन खेतों में बोई गई फसलों की रखवाली करनी पड़ती है। एक तरफ किसान फसल की जुताई बुआई समेत खाद पानी का किसी तरह इंतजाम करते है दूसरी तरफ आवारा पशु रात भर में खड़ी फसल साफ कर देते है।

कोरांव नगर पंचायत हो या गांव आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए गौशालाओं की व्यवस्था की गई है, कागजों में गौशालाएं संचालित भी हों रही, किंतु कोरांव के किसी भी रास्ते से निकल जाइए आवारा पशु सड़क पर झुंड के झुंड दिख जायेंगे।

नगर पंचायत कोरांव निवासी लल्लू तिवारी ने बताया की उनकी



चारो ओर से रुंधाई करने के बावजूद उनकी गेहूं की फसल छुट्टा जानवर रात भर में पूरी तरह से साफ कर दीया सिमरिया ग्राम निवासी ज्ञानचंद सिंह ने बताया की छुट्टा जानवरो से फसल बचाना बहुत मुश्किल साबित हो रहा है, इन जानवरो को अगर पकड़ कर गौशाला भेजा जाए तो ही फसल बच सकती है, और किसानों को राहत मिल सकती है।

छुट्टा जानवर केवल फसल ही नही बल्कि शाम होते होते ही सड़को पर झुंड के झुंड इकट्ठा हुए रहते है जिससे आए दिन मार्ग दुर्घटना का कारण बनते है। समाज सेवी प्रकाश द्विवेदी ने प्रशासन से मांग की जिन लोगो के जानवर छुट्टा घूम रहे उनपर कड़ाई की जाए व अभियान चलाकर छुट्टा जानवरो को गौशालाओ में रखा जाए।



किसान मेले में लगाये गये स्टॉल को देखते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

# प्रयागराज

# योजनाओं, उत्पादों और कृषि यंत्रों के प्रयोग के प्रति किसानों को करें जागरूक : कृषि मंत्री

### 9 दिवसीय किसान मेला का भव्य शुभारंभ



किसान मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**प्रयागराज।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बुधवार को प्रयागराज में थे। उन्होंने अखिल भारतीय सरदार पटेल, सेवा संस्थान अलोपीबाग परिसर में आज से 16 फरवरी तक चलने वाले 9 दिवसीय विराट किसान मेले का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। किसान मेले में कृषि और कृषि से संबंधित सभी विभागों, संस्थाओं, कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखा। इसके बाद उन्होंने किसानों को संबांधित करते हुए कहा कि कृषि योजनाओं, उत्पादों और कृषि यंत्रों के प्रयोग के प्रति किसानों को जागरूक करें।

मंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रों, बीजों, उत्पादों, जैविक खादों के बारे में जितना अधिक से अधिक लोगो को जानकारी प्राप्त होगी, वे उसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपनी आय को बढ़ा सकेंगे। किसान मेले में कृषि यंत्र बेचने वाली संस्थाओं ने इसके उपयोग से होने वाले लाभों के बारे में बताया जा रहा है। मेले में जीरो बजट खेती, जैविक खेती, यौगिक खेती, आधुनिक वैज्ञानिक खेती, समेकित कृषि प्रणाली, कृषि विविधीकरण, मिलेट्स उत्पादों के बारे में प्रदर्शनी लगायी गयी है। मेले में सरकार की योजनाओं में देय सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में आज किसानों के लिए चलायी जा रही सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ किसानों को मिल रहा है। बिचैलियों का खेल समाप्त हो गया है। सरकार के द्वारा धान की खरीद व्यापक स्तर पर की जा रही है, जिससे किसानों को अपना धान क्रय करने में कोई परेशानी न हो व सारा पैसा उनके खाते में दिया जा रहा है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार किसानों की उपज का उचित मूल्य उन्हें दे रही है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और उनका जीवन स्तर ऊंचा हुआ है।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार दृढ़संकल्पित है और इसके लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिससे कम लागत में अच्छी फसल तैयार हो और किसान भाईयों को लाभ हो। मंत्री जी ने कहा कि किसान भाई जैविक खेती की ओर बढे, इस दिशा की ओर जागरूक हो, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। जो किसान भाई जैविक खेती कर रहे हैं, उनको हमारी तरफ से बधाई है। साथ ही दूसरे किसानों को भी जैविक खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए उन्हें जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। अमृत महोत्सव काल में किसान भाई समृद्ध हो, इसी लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तिलहन खेती को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयास का ही नतीता है कि इस बार प्रदेश में रिकार्ड स्तर पर सरसों का उत्पादन होने जा रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य सरकार कर रही है, इस कार्य में किसान भाईयों को भी पूरा सहयोग देना चाहिए तथा प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए किसानों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाते रहने के लिए कहा है। किसानों को अपनी मिट्टी की जांच कराकर उसके अनुरूप फसल लगानी चाहिए। जैविक खेती में अच्छी पैदावार होती है।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की धज्जियां उड़ा रहे हैं सिविल लाइन कोतवाली के उपनिरीक्षक

### अवैध वसूली

### सैकड़ों अवैध वाहनों से लाखो की रकम वसूलने वाले उपनिरीक्षक अब समाचार पत्रों के वाहनों का चालान कर निकाल रहे भड़ास



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने डग्गामार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश कई महीने पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज को दिया है लेकिन योगी सरकार के निर्देश प्रयागराज की धरती पर लागू होता नहीं दिख रहा है पूरे शहर में जगह-जगह डग्गामार वाहनों की भरमार है ओवरलोड वाहन बेखौफ तरीके से पूरे दिन सड़कों पर दौड़ रहे हैं सड़क और चौराहे पर बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा करके चालक सवारियां भर रहे हैं जिससे सड़कों पर जाम लग रहा है और आम जनमानस परेशान हो रहा है लेकिन प्रयागराज की पुलिस डग्गामार वाहनों पर ठोस कार्यवाही कर डग्गामार वाहनों का संचालन नहीं रोक पा रही है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन बस स्टॉप, हनुमान मंदिर चौराहा, पीडी टंडन पार्क चौराहा, पत्रिका चौराहे के पेट्रोल पंप सहित विभिन्न स्थानों पर विक्रम अप्पे अवैध बस डग्गामार वाहनों की भरमार है सिविल लाइन के हनुमान मंदिर चौराहे से कई दर्जन अवैध बस बिना परमिट की बेखौफ तरीके से संचालित हो रही हैं पूरे दिन सड़कों पर डग्गामार बस के चालक सड़क पर बसें खड़ी करके सवारियां भरते हैं बस के परिचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं लेकिन सिविल लाइन कोतवाली के उपनिरीक्षक को दर्जनों अवैध डग्गामार बसें नहीं दिखाई पड़ रही हैं।

समाचार पत्रों को वितरण करने वाले वाहनों का चालान कर उपनिरीक्षक सिविल लाइन अपनी भड़ास निकाल रहे हैं शासन के निर्देश का खुलेआम उल्लंघन सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में हो रहा है लेकिन क्षेत्राधिकारी और पुलिस कमिश्नर भी सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के डग्गामार वाहनों पर चुप्पी साध कर बैठे हैं। सूत्रों की माने तो अवैध तरीके से संचालित विक्रम अप्पे और डग्गामार बसों से लाखों रुपए महीने की वसूली उपनिरीक्षक सिविल लाइन बेखौफ तरीके से प्रत्येक महीने कर रहे हैं सिविल लाइन कोतवाली के उपनिरीक्षक के अवैध वसूली के कारनामे को यदि पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान लेकर जांच कराई तो सिविल लाइन उपनिरीक्षक के अवैध वसूली का भंडाफोड़ होना तय है लेकिन क्या योगीराज में उनके निर्देशों की धज्जियां उड़ाने वाले सिविल लाइन कोतवाली के उपनिरीक्षक के कारनामों को पुलिस कमिश्नर संज्ञान लेकर जांच कराते हुए अवैध वसूली में लिप्त सिविल लाइन उपनिरीक्षक को निलंबित कर इनकी विभागीय जांच शुरू कराएगे या फिर योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान की इसी तरह धज्जियां उड़ाते हुए उप निरीक्षक सिविल लाइन मालामाल होते रहेंगे यह योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

# मां की डांट से भागी युवती को पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर ढूंढ कर परिजन को सुपुर्द किया

### लोगो की सेवा करना ही हमारा धर्म : आकाश सचान चौकी प्रभारी



**प्रयागराज।** कोतवाली थाना बहादुरगंज चौकी अंतर्गत युवती की गुमशुदगी का मामला सामने आया। प्रभारी चौकी आकाश सचान व सेकंड एसआई कुलदीप उपाध्याय के अथक प्रयास से बड़ा ही सुकृत्य कार्य किया गया। दरअसल कुछ दिन पहले बहादुरगंज क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्ष की युवती मां की डांट से घर से भाग गई थी, बात सिर्फ इतनी सी थी कि युवती को देर तक सोने की आदत थी मां ने उसे डांटा तो फिर क़्या बेटी को आया गुस्सा वो बैग लेकर घर से निकल गई। काफी देर होने के बाद वह घर नहीं लौटी घरवाले बेचैन हो गए तत्काल नजदीकी बहादुरगंज पुलिस चौकी परिवार वाले पहुंचे वहां पुलिस को सारी बातें बताई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लड़की का नंबर लेकर बात किया तो पता चला युवती प्रयागराज से बस द्वारा वाराणसी पहुंच गई युवती का लोकेशन वाराणसी जंक्शन का मिला। पुलिस के अनुसार ट्रेन नंबर 13168 (कोलकाता वीकली एक्सप्रेस) में युवती बैठ गई ट्रेन कोलकाता की ओर जा रही थी। वही सेकंड एसआई कुलदीप उपाध्याय ने बड़ी बुद्धिमानी से घंटों पूछताछ बातों में युवती को बहलाये फुसलाए रखा और इधर तत्काल कर्मठ चौकी प्रभारी आकाश सचान ने रेलवे पुलिस से त्वरित सूचना दी रेलवे पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए युवती का लोकेशन ट्रेस कर मौके पर पहुंचकर युवती को सुरक्षित अपने संरक्षण में ले लिया। उसके बाद उन्होंने प्रयागराज पुलिस को संपर्क किया,पुलिस ने इस तरह 24 घंटे के अंदर सकुशल परिजनों को बुलाकर बेटी को सुपुर्द किया,बच्चे को देख परिवार के चेहरे खिल उठे। पुलिस के इस तरह कार्य से क्षेत्र वासियों ने काफी तारीफ की संवादाता ने चौकी प्रभारी के कार्यशैली के पर नजर रखी औ? वहां के लोगो से पूछताछ की लोगों ने बताया की प्रभारी साहब बहुत ही कर्मठ झुझारू व्यक्ति है क्षेत्र की किसी भी समस्या को बड़े ही प्यार से हल करते है। इस तरह के सुकृत्य कार्य को देखते हुए लोगों ने जमकर तारीफ की।

# डीएम भदोही को खड़ंजा हटवाने, जमीन की पैमाइश कर सीमांकन करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी भदोही व ग्राम प्रधान भात भदोही को याची की भूमिधरी जमीन में बिछाया गया खड़ंजा हटवाकर जमीन की पैमाइश कर सीमांकन करने का निर्देश दिया है और एसडीएम भदोही व ग्राम प्रधान से 10 दिन में कृत कार्यवाही का हलफनामा दाखिल करने अन्यथा हाजिर होने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई 22 फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सी के राय ने जटाशंकर दूबे वह अन्य की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि उसकी खेती की जमीन पर ग्राम प्रधान ने खड़ंजा रोड बना ली है। जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है और न ही मुआवजा दिया गया है।

कोर्ट ने ग्राम प्रधान ने हलफनामा मांगा तो आरोप को स्वीकार कर कहा कि प्लाट 477 याची की भूमिधरी है। किंतु, प्लांट 481 पर आबादी के लोगों के लिए खड़ंजा बनाया गया है। वह 15 दिन में हटाकर जमीन की स्थिति बहाल कर देगा। जिस पर कोर्ट ने दस दिन का समय दिया है। याची का कहना है कि उसकी जमीन पर खड़ंजा बिछाकर अवैध कार्य किया गया है। सुनवाई 22 फरवरी को होगी।

# माफिया मुख्तार के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की जनसभा के आयोजक को मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी के भड़काऊ भाषण मामले में जनसभा का आयोजन करने वाले व मुख्तार के रिश्तेदार मंसूर अंसारी को राहत दी है जस्टिस डीके सिंह ने आरोपी मंसूर अंसारी को 10 दिनों में गाजीपुर की सेशन कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सेशन कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह सरेंडर करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर याची मंसूर की जमानत पर फैसला ले।

अब्बास अंसारी ने विधानसभा चुनाव के दौरान जिस जनसभा में भड़काऊ बयान दिया था, उस सभा के आयोजक मंसूर अंसारी थे। आरोप है कि अब्बास अंसारी के विवादित बयान के बाद मंसूर अंसारी ने ही लोगों से ताली बजवाई थी। अब्बास अंसारी ने बयान दिया था कि यूपी में अखिलेश यादव की सरकार बनने पर पहले अधिकारियों से हिसाब-किताब किया जाएगा उसके बाद ही उन्हें यहां से जाने दिया जाएगा। इस मामले में चुनाव आयोग ने अब्बास अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की थी। पुलिस ने एक आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया था। अब्बास अंसारी के साथ ही मंसूर अंसारी के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की गई थी। चार्जशीट को चुनौती देने के लिए मंसूर अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दिया।

# रोडवेज ने रोकी परिचालक भर्ती प्रक्रिया, रिश्वत लेने का वीडियो हुआ था वायरल, एजेंसी से जवाब तलब

**प्रयागराज।** यूपी रोडवेज के कानपुर परिक्षेत्र में संविदा पर परिचालकों की भर्ती के लिए रिश्वत की शिकायत का वीडियो वायरल होने के बाद फिलहाल भर्ती प्रक्रिया रोक दी गई है। इस मामले में कानपुर रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक लव सिंह ने संबंधित एजेंसी को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है।

दरअसल मंगलवार को कानपुर रीजन में संविदा पर परिचालकों की भर्ती कर रही एजेंसी पर रिश्वत लेने का आरोप अभ्यर्थियों ने लगाया था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। 2.51 मिनट के इस वीडियो में हमीरपुर, फरुर्खाबाद, जालौन, हाथरस आदि जिलों से आए अभ्यर्थियों ने 50 हजार की रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया। परिवहन निगम कानपुर में बतौर परिचालक चयनित होने का दावा करने वाले युवकों ने कहा कि उनसे 50 हजार रुपये नकद, 15 हजार का डिमांड ड्राफ्ट और हलफनामा मांगा गया।

कई अभ्यर्थी हलफनामा आदि लेकर जॉर्जटाउन स्थित सोनल अपार्टमेंट पहुंचे। इसके बाद ही वहां संबंधित एजेंसी द्वारा 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगे जाने का वीडियो वायरल हो गया। आरएम कानपुर ने भर्ती प्रक्रिया रोकने के बाद वीडियो की जांच शुरू कर दी। साथ ही एजेंसी से जवाब मांगा है।

# कर विभाग द्वारा वसूली के सापेक्ष विभागीय समीक्षा



समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारी व कर्मचारी

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा बुधवार को चलाये गये जोनवार कुर्की अभियान में सभी जोनों में कुल 16 बकायेदारों की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें सभी बकायेदारों द्वारा कुल रू0-34,14,143.00 के सापेक्ष सभी बकायेदारों द्वारा लगभग 40 प्रतिशत से अधिक धनराशि 14,01,084.00 जमा कर दिया गया है। अन्य बकाया धनराशि के सापेक्ष सम्पूर्ण भुगतान करने हेतु सभी भवन स्वामियों द्वारा प्रत्यावेदन के माध्यम सें माह फरवरी एवं मार्च में नगर निगम प्रयागराज में प्राप्त करा दी जायेगी।

कुर्की नोटिस द्वारा चिन्हित किये गये कुल 900 बकायेदारों में 180 बकायेदारों की दिनांक 28.01.2023 को समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया गया है द्वितीय फेज में 400 बकायेदारों की सूची तैयार की गयी है, जिसे आगामी शुक्रवार को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु भेज दिया जायेगा। सरकारी भवनों के बकाया गृहकर के लिए सभी सरकारी विभागाध्यक्षों को नगर आयुक्त के माध्यम से पत्र भेजा जा चुका है। उक्त विभागों द्वारा बजट आवंटन हेतु शासन को पत्र भेजा गया है। जिसपर गृहकर वसूली भुगतान हेतु निरंन्तर विभागों से सम्पर्क जारी है। नगर निगम प्रयागराज द्वारा 04 टेलीकॉलर के माध्यम द्वारा प्रतिदिन 06 घंटें 600 बकायेदारों को अपने गृहकर की धनराशि जमा कराने हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

# भक्तों को धुनि का आशीर्वाद प्रदान कर आनंदमई मां हेमागिरी अयोध्या के लिए हुई रवाना



**प्रयागराज।** ओल्ड जीटी मार्ग स्थित क्लीन साधना पीठ शिविर में गुरु मां साध्वी हेमा आनंदमई मा अपने शिष्यों को धुनि का आशीर्वाद प्रदान कर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई।आनंदमई गुरु मां के साथ उनके शिष्यों ने आशीर्वाद लिया साथ ही जब गुरु मा अपना शिविर छोड़ने लगी तो भक्तों के आंखों में आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिला भक्त गुरु मां के गले मिलकर रोने लगी गुरु मां ने कहा कि प्रयागराज धर्म की नगरी है। गंगा मैया आप सभी लोगों के जीवन में सुख समृद्धि ऐश्वर्य प्रदान करें ।साथ ही शिविर छोड़ने से पहले आनंदमई हेमागिरी माने गंगा मैया की जय यमुना मैया की जय सरस्वती मैया की जय सहित कई गगनभेदी नारे लगवाए जिससे आसपास का शिविर गुंजायमान हो उठा ।वही भक्तों ने जयकारों के उद्घोष के साथ क्ली साधना पीठ के पीठाधीश्वर हेमागिरी मां को जयकारों के उद्घोष के साथ विदाई की ।आनंदमई हेमागिरी मा ने सभी अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते करते उनके भी आंखों से आंसू छलक ने लगे थोड़े देर रुकने के बाद उन्होंने कहा यही माया है इसी से दूर होना है ।लेकिन गंगा मैया के शरण में इतने दिनों से रहने के बाद त्रिवेणी से विदा लेने में जैसे एक बेटी अपने मां से जब विदा होती है उसके आंख में आंसू छलक ने लगती है उसी प्रकार से मा से हम लोग विदा ले रही हूं साल भर के लिए अन्यत्र जगह पर साधना उपासना करने जा रही हूं फिर अगले वर्ष माता के पास आएंगे साधना उपासना होगी सब को आशीर्वाद प्रदान कर गुरु मां अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान की।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता की मंगलकामना के साथ छात्रों की हुई विदाई

**करछना।** पडोखरा गांव के आजाद नगर स्थित चंद्रशेखर तिवारी विद्यालय में यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों का विदाई समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बुधवार को आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ । वहीं छात्र व छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना व स्वागत गान की प्रस्तुतियां भी हुई । इसके अलावा विदाई गीत सहित नृत्य की भी प्रस्तुतियां हुई । जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की । वही विदाई गीत पर लोग भावुक हो उठे। नौवी कक्षा व 11वीं कक्षा के छात्र व छात्राओं की ओर से दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर विदाई की गई। जिस पर बोर्ड के परीक्षार्थियों समेत अन्य विद्यार्थियों की आंखें भी भर आई । विद्यालय की ओर से सभी का मुंह भी मीठा कराया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में भावुक हो उठे । उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को अच्छे अंकों में उत्तीर्ण होने की शुभकामना दी। साथ ही साथ परीक्षार्थियों को सफलता के अनेक मंत्र देते हुए परीक्षा संबंधी अनेक गुर भी सिखाए । इस मौके पर एम के मिश्र आशुतोष त्रिपाठी स्वामी नाथ त्रिपाठी रविशंकर द्विवेदी सुधाकर मिश्र संजीव पांडेय हरि प्रकाश तिवारी संजय कुमार तिवारी अनूप पांडेय स्वाति संज्ञा नीशू पुष्पा कर आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# मंत्री नंदी का अखिलेश पर पलटवार, कहा जनता की कमाई से सपा सरकार में होता था सैफई महोत्सव

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ट्वीट पर सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने पलटवार किया है। नंदी ने कहा है कि सपा सरकार में जनता की कमाई से सैफई महोत्सव होता था, जबकि भाजपा सरकार में ग्लोबल इनवेस्टर समिट हो रहा है। अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा था कि बस का किराया 24 प्रतिशत बढ़ाकर भाजपा सरकार इनवेस्टर समिट का खर्च जनता की जेब से निकालना चाहती है। इसके जवाब में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने ट्वीट कर कहा कि अखिलेश जी ग्लोबल इनवेस्टर समिट के आयोजन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिलेगी। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आपकी दृष्टिहीन और दिशाहीन सपा सरकार में जनता की गाढ़ी कमाई सैफई महोत्सव में किस तरह लुटाई जाती थी, यह प्रदेश की जनता अच्छी तरह जानती है।

# भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है : संतोष जी महाराज



भक्तों को भागवता सुनाते संतोष जी महाराज

**जंघई।** भागवत कथा के चौथे दिन भण्डा गांव में बुधवार को कथा वाचक संतोष जी महाराज ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की संगीतमय कथा सुनाया। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि 24 लाख की योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है। जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ जब कंस ने सारी मयार्दाऐं तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है ।इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया उपस्थित सैकड़ों लोगों ने संगीतमय भागवत कथा सुनकर भावविभोर हो गये। कथा यजमान राजेंद्र प्रसाद सिंह लालती सिंह, पंकज सिंह सोनी सिंह एवं मैना सिंह द्वारा व्यास पीठ की आरती किया एवं प्रसाद वितरण करवाया ।परमेंद्र बहादुर सिंह, हरिशंकर दुबे, कपिल देव शुक्ल, अजय पांडेय, मुन्ना सिंह, बच्चन मिश्रा प्रधान, सिंपी सिंह, गौरव राजपूत, सचिन सिंह, कृष्णराज शुक्ला, पवन शुक्ला, अखिलेश सिंह, हरिश्चंद्र शुक्ला, बाबा शुक्ला, दिनेश सिंह, प्रतीक सिंह मोनू, संदीप, पुनीत, आशीष एडवोकेट, नीलेश, अमित, रवि, अनुपम, अनुराग, अंश, किशन, लक्ष्य, शौर्य प्रताप, आदित्य सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कनैली ग्राम सभा की खुली बैठक आज

**कनैली।** विकास खंड कौशांबी के ग्राम पंचायत कनैली में विकास को लेकर बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधान कविता सिंह की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत से जुड़े विकास कार्य को लेकर चर्चा की जाएगी। एजेंडा तैयार किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह ने दी है।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक्सेस आईटीआई म्योहर के परिसर में नौ फरवरी को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ-साथ कैप्सटन सिक्योरिटी के माध्यम से सेसिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जायेंगा, इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10.30 बजे पहुँचना सुनिश्चित करें।

# लोकलाज के भय से मां-बाप ने ही कर दिया था बेटी का कत्ल

**खुलासा**

**31 जनवरी से गायब थी युवती, सात फरवरी को गांव के बाहर नाला में बरामद हुई थी लाश**

**मामला सदर कोतवाली के टेनशाह आलमाबाद गांव का, कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा**



हत्या की घटना का खुलासा करती पुलिस टीम

**कौशाम्बी।** सात फरवरी को सदर कोतवाली के टेनशाह आलमाबाद गांव के बाहर नाला में युवती के कपड़े व नग्न लाश बरामद हुई थी। आठ फरवरी मतलब दूसरे दिन कोतवाली पुलिस ने रहस्या का सनसनी खेज खुलासा कर दिया। घटना में अपनों ने ही युवती का कत्ल कर शव को ठिकाने लगाया था।

सदर कोतवाली के टेनशाह आलमा बाद गांव निवासी नरेश पुत्र मेडवा ने तीन फरवरी को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री सुमन (परिवर्तित नाम) (21) पिछले 31 जनवरी से गायब है। खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। इधर पुलिस युवती का सुराग लगा पाती कि सात फरवरी दिन मंगलवार को गांव के लोगों ने नाला में एक युवती के शव पड़ा होने की चर्चा किया। जानकारी होने पर गांव के तमाम लोग घटनास्थल पर एकत्रित हुए। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस के अलावा सीओ सदर भी पहुंचकर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पुलिस की शक की सुई घटनास्थल के इर्द गिर्द ही मंडरा रही थी। आठ फरवरी को पुलिस ने सनसनी खेज खुलासा करते हुए बताया कि मृतका की मां व पिता ही बेटी के कातिल है। हालांकि जुर्म कबूल करते हुए पिता नरेश पुत्र मेडवा, पत्नी शोभा देवी ने बताया कि उसकी पुत्री फोन पर किसी से बात करती थी। इतना ही नहीं कुछ प्रेग्नेंसी किट भी उसके पास देखा गया था। ऐसा माना जा रहा था कि वह गर्भवती है। यदि ऐसा है तो वह समाज को कैसे मुंह दिखाएंगे। लोकलाज के भय से नरेश व उसकी पत्नी शोभा ने बेटी के डुपट्टे से ही उसका गला दबाकर हत्या कर दिया और लाश को ठिकाने लगा दिया, यह भी बताया कि शव ठिकाने लगाने में नरेश के दो भाई गुलाब पुत्र मेडवा व रमेश पुत्र मेडवा भी शामिल थे। पुलिस ने चारों आरोपियों की लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय कर दिया था।

## खुलासा : कलंक के भय से मां ने ही मासूम को पानी टैंक में था छिपाया

**तीन दिन पहले गायब हुई थी दुधमुही बच्ची, मंगलवार को बरामद हुआ था शव**

**पिपरी कोतवाली के पिपरी गांव का मामला, पुलिस ने किया सनसनी खेज खुलासा**

**कौशाम्बी।** तीन दिन पहले मतलब पांच फरवरी की रात मां के विस्तर से गायब हुई दुधमुही बच्ची (50 दिन) की लाश सात फरवरी को घर के छत पर मौजूद पानी टंकी से बरामद हुई थी। जिसका बुधवार को पिपरी पुलिस ने सनसनी खेज खुलासा किया है।

पिपरी कोतवाली अंतर्गत पिपरी गांव निवासिनी आरती देवी (परिवर्तित नाम) की शादी सरायअकिल कोतवाली के तरनी गांव में हुई थी। सालों बाद उसने एक पुत्री को जन्म दिया। पांच फरवरी की रात विवाहिता मासूम बच्ची के साथ अपने मायके पिपरी गांव में थी। दूसरे दिन उसे बताया कि उसकी मासूम बच्ची विस्तर से आचानक गायब हो गई। इसकी सूचना विवाहिता के भाई वीरेंद्र सिंह पाल पुत्र इंद्रपाल ने पिपरी कोतवाली पुलिस को दिया। पुलिस गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया। सात फरवरी मतलब मंगलवार को गायब मासूम की लाश घर के ऊपर रखे प्लास्टिक के पानी टैंक में बरामद हुई। हालांकि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन पुलिस की शक की सुई घटनास्थल के इर्द गिर्द ही घूम रही थी। पुलिस टीम ने इस दौरान मृतक बच्ची के मां से कई बार पूछताछ भी किया। पड़ताल के दौरान पुलिस ने मृतका की मां आरती देवी से कड़ाई से पूछताछ किया तो उसे जुर्म कबूल करते हुए बताया कि कलंक न लगे, उसने खुद बच्ची के शव को पानी के टैंक में छिपा दिया था। हालांकि आरती ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की हत्या नहीं किया। पांच फरवरी की रात अपनी पुत्री को वह दूध पिला रही थी, कहीं दूध गले की नली में फंस गया या क्या हुआ बच्ची परेशान हो गई। इस दौरान उसने बच्ची के पीछे हाथ थपथपाना शुरू कर दिया और बच्ची की सांसे थम गई। उसे लगा कि कहीं ऐसा न हो कि बच्ची की हत्या का कलंक लग जाए और उसने बच्ची के शव को पानी टैंक में छिपाकर यह बता दिया कि बच्ची कहीं गायब हो गई। हालांकि पिपरी पुलिस ने मृतका की मां आरती की लिखा पढ़ी कर दिया था। खैर यह तो रही पुलिस व आरोपी मां की बात लेकिन सवाल इस बात का उठ रहा है कि क्या आखिर पीठ थपथपाने से बच्ची की मौत हो सकती है, हालांकि इस तरह के तमाम सवाल इलाकाई बुद्धिजीवियों के जेहन में कौंध रहा था।

# चोक नालियों में गंदगी का अंबार, मच्छरों का प्रकोप

**कौशाम्बी।** विकास खंड के जुगराजपुर गांव मजरा कालानी में सड़क किनारे बनी नाली सफाई के अभाव में गंदगी से पटी हुई है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एडीओ पंचायत से की है। लेकिन सफाई कर्मी नाली साफ करने में आनाकानी कर रहा है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। वहीं शिकायत के बावजूद विभागीय अफसर भी उदासीन बने हुए हैं। बजबजाती नाली के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। लोगों को बीमारी होने शंका बनी हुई है।

कौशाम्बी ब्लॉक के सफाई कर्मी अपने कार्य शैली को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इनकी अनदेखी व लापरवाही के चलते यह ग्रामीणों के कोप का शिकार भी हो जाते हैं। और फिर संगठन का नाम लेकर कार्रवाई की आवाज बुलंद करते हैं। अधिकांश गांव जनपद में ऐसे हैं, जहां सफाई कर्मी महज खानापूर्ति करते हैं।



गंदगी से पटी चोक नालियां

बहुत से ऐसे गांव भी हैं, जहां सफाई कर्मी झांकने तक नहीं जाता। ऐसी ही एक हकीकत जुगराजपुर गांव के मजरा कालानी पर देखने को मिल रहा है। गांव में बनाई गई नाली में गंदगी का अंबार है नालियां चैक है जिससे सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। लोगों का कहना है कि जब से नाली का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तक नाली की सफाई नहीं कराई गई। मच्छरों के आतंक व उसमें से उठ रही दुर्गंध से लोग परेशान हैं। रात तो छोड़िए दिन में भी मच्छरों के आतंक से लोग चैन से नहीं बैठ पाते। गांव के सन्तोष कुमार ने नाली सफाई के लिए कई बार ग्राम प्रधान सहित ब्लॉक के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। रामबाबू ने बताया कि गंदगी की वजह से नाली चोक हो चुकी है। पानी निकासी की कोई और व्यवस्था नही है।

नाली का पानी रोड पर बहता है। रोहित का कहना है कि सफाई कर्मचारी जुगराजपुर गांव के मजरा कालानी में नही आते है और जुगराजपुर गांव में आकर खानापूर्ति करके चले जाते है। इसलिए प्रधान कालानी मजरा में ध्यान नही दे रहे हैं।

### नया लगा हैंडपंप भी खराब

**कनैली, कौशाम्बी।** जुगराजपुर के मजरा कॉलोनी में रामचरन दिवाकर के घर के पास दो साल पहले लगाया गया सरकारी हैंडपंप लगते ही खराब हो गया है और पानी की जगह पर कीचड़ दे रहा है। लोग दूसरे मोहल्ले से पानी भरने के लिए मजबूर हैं इसी शिकायत भी ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सचिव से कई बार कर चुके हैं लेकिन अभी तक हैंडपंप को दुरुस्त नहीं कराया गया है।

## मानदेय को लेकर प्रधानों ने भरी हुंकार

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी कार्यालय परिसर में बुधवार को प्रधानों की बैठक हुई। इसमें विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। अखिल भारतीय प्रधान संघ के कौशाम्बी ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा के कार्यों में कार्य स्थल पर ही प्रतिदिन दिन में दो बार उपस्थिति प्रमाणित करना अनवार्य कर दिया गया है। नेटवर्क के कारण इस कार्य में दिक्कत हो रही है। लिहाजा यह व्यवस्था समाप्त करनी चाहिए। बैठक के दौरान मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 400 रुपये करने, प्रधानों, पंचायत सहायकों व शौचालयों के केयरटेकर आदि का मानदेय बढ़ाने की भी मांग की गई। इस मौके पर गिरीश चंद्र द्विवेदी, श्रीकांत यादव, शिवपूजन यादव, मुन्नू लाल चैधरी, वीरेन्द्र चौरसिया, उस्मान अली, ओमप्रकाश सरोज आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के जरैनी नेवादा के समीप मंगलवार रात शादी समारोह से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सरायअकिल थाना क्षेत्र के कादिरपुर नेवादा गांव निवासी शुभम सिंह (19) पुत्र राजू सिंह मंगलवार रात करारी थाने के म्योहर गांव एक शादी में बाइक से गया था। निमंत्रण में शामिल होने के बाद वह वापस घर आ रहा था। इसी दौरान जरैनी नेवादा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर के इकलौते चिराग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** सिराथू निवासी मान सिंह बुधवार सुबह किसी काम से मंझनपुर जा रहा था। सेलरहा के समीप पीछे से आई कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि हालत खतरे से बाहर है।

### ट्रक की टक्कर लगने से अधेड़ की मौत

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाने के रसूलाबाद कोइलहा गांव के समीप मंगलवार रात ट्रक की टक्कर से सड़क पार कर रहे अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। कोखराज थाना क्षेत्र के दिलावलपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार मौर्या (57) किसान था। मंगलवार रात वह पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर मोड़ अंतर्गत जेपी कॉलोनी निवासी अपने भांजे शैलेन्द्र कुशवाहा की बारात में शामिल होने के लिए रसूलाबाद कोइलहा स्थित गेस्टहाउस गया था। सड़क पार करते समय मूरतगंज की तरफ से प्रयागराज जा रही बेकाबू ट्रक ने उसे कुचल दिया। मौके पर जुटे स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 172 शराब दुकानों का हुआ नवीनीकरण, 11 दुकानां का ई-लाटरी से होगा चयन

**कौशाम्बी।** जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद में आबकारी दुकानां का 3 से 7 फरवरी तक वर्ष 2023-24 के लिए नवीनीकरण कराया गया है। उन्हांने बताया कि देशी मदिरा की कुल 72 दुकानों में से 71 दुकानें, विदेशी मदिरा की कुल 46 दुकानों में से 45 दुकानें, बीयर की कुल 38 दुकानों में से 37 दकानें एवं भॉग की कुल 27 दुकानों में से 19 फुटकर दुकानों का नवीनीकरण किया गया है। यह भी कि बताया कि 183 दुकानों में से 172 दुकानों का नवीनीकरण हुआ है। नवीनीकरण से अवशेष देशी मदिरा की एकमात्र दुकान-अझुवा थाना-सैनी, विदेशी मदिरा दुकान-गुलामीपुर, बीयर दुकान-मोहब्बतपुर पाइंसा तथा भॉग की 08 फुटकर दुकान-समदा, कनैली, भरवारी, दारा नगर, काजीपुर, चायल, उसमापुर तथा समशाबाद का व्यवस्थापन प्रथम चरण की ई-लाटरी के माध्यम से 20 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन कराया जायेंगा, जिनकी ई-लाटरी 28 फरवरी को सम्पन्न होंगी।

# मकनपुरवारी में बढ़ी पेयजल की किल्लत, तीन खराब, पांच का पता ही नहीं

**गांव के लोगों ने पेयजल समस्या को लेकर उठाई मांग**

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के मकनपुरवारी गांव के लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के तीन हैंडपंप खराब हैं, जबकि पांच हैंडपंप गायब हो चुके हैं। हैंडपंप कहां गए, किसी को जानकारी नहीं है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी ही पानी की समस्या से लोग परेशान हैं, भीषण गर्मी में क्या होगा पता नहीं। शिकायत की जा रही है, इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

मकनपुरवारी गांव के लोग अभी से ही पेयजल समस्या का सामना कर रहे हैं। गांव में 13 हैंडपंप लगे हैं, इनमें से तीन हैंडपंप पूरी तरह से ठप हो चुके हैं। ये हैंडपंप श्रीनाथ, दिनेश और ओमप्रकाश के दरवाजे पर लगे हैं। इसके अलावा दो तीन हैंडपंप ऐसे हैं, जो चलते-चलते पानी छोड़ देते हैं। पानी की समस्या से पूरा गांव परेशान हैं। अभी ठंड है, तब यह हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी में यह समस्या बढ़ जाएगी। गर्मी के दिनों में लोग पीने के पानी को लेकर परेशान हो जाते हैं। इसकी लगातार जानकारी अधिकारियों को दी जा रही है, लेकिन हैंडपंपों का रीबोर नहीं करवाया जा रहा है। हैरानी यह है कि इस गांव में लगे पांच हैंडपंप गायब हो चुके हैं। ये पांच हैंडपंप कहां गए, किसी को कुछ नहीं पता। सामान तक लोगों ने निकाल लिया है। इसको लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हैं।

## छेड़खानी का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कुरई उमरछा गांव में बारात गए युवक को दबंगों ने पीट दिया। पिटाई के बाद बदमाशों ने उसकी जेब से हजारों रुपये निकाल लिए। घायल ने थाने में चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पिपरी थाने के कस्बा चायल निवासी मो.समद पुत्र सलीम अहमद ने बताया कि वह पांच फरवरी को संदीपन घाट थाने के कुरई उमरछा गांव में बारात में गया था। युवक के अनुसार बारात में कुछ दबंग एक युवती के साथ छेड़खानी कर रहे थे। युवक के विरोध करने पर दबंगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे युवक का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। आरोप है कि दबंगों ने मो.समद से गले में पहनी सोने की चेन, मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये नकद छीन लिया। घायल ने थाने में घटना की तहरीर दी। मामले में कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित ने बुधवार को सीओ से शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

# गनपा नाला हेड का डीएम ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**पश्चिमी इलाहाबाद शाखा के 273.100 किमी. पर स्थित है गनपा नाला हेड**

**जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सिंचाई, फतेहपुर को दिया निर्देश**



नाला हेड का स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी सुजीत कुमार

**कौशाम्बी।** रामगंगा कमाण्ड के सिंचाई खण्ड फतेहपुर के अन्तर्गत पश्चिमी इलाहाबाद शाखा के किमी. 273.100 पर स्थित गनपा नाला हेड का जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने जिलाधिकारी को बताया कि पश्चिमी इलाहाबाद शाखा को किमी. 273.100 पर बायीं पटरी में तीन पाइपों द्वारा गनपा नाला से जोडा गया हैं। जिससें पश्चिमी इलाहाबाद शाखा कि अतिरिक्त पानी को खारिज किया जाता है। वर्तमान में नहर संचालन का रोस्टर न होने के कारण नहर में पानी नहीं पाये जाने पर बताया गया कि मंगलवार से रोस्टर अनुसार नहर चलायी जायेंगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सिंचाई, फतेहपुर को निर्देशित किया कि पश्चिमी इलाहाबाद शाखा के जिन पाइपों से पानी गनपा नाला में खारिज किया जा रहा है, उनको कम से कम पास में लगे साइफन पाइप के ऊपरी सतह तक ऊपर करा दिया जाये, जिससे कि टेल भाग में नहर का जल स्तर और बढ़ जाये और किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकें तथा अवशेष पानी को इससे खारिज किया जा सके। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड फतेहपुर शिवम श्रीवास, अवर अभियन्ता महेन्द्र कुमार सिंह यादव, सिंचाई खण्ड फतेहपुर संजीव कुमार अवस्थी एवं जिलेदार सिंचाई खण्ड फतेहपुर उपस्थित रहें।

# श्रीगंगा प्रसाद साहू कालेज में हुआ छात्र विदाई समारोह

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा के श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज देवीगंज में बुधवार को 12 वीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 12 वीं कक्षा के छात्रों को जूनियर्स की तरफ से विदाई दी गयी। इस दौरान शिक्षकों व विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ हुई। विदाई समारोह में विद्यालय के तमाम छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। जिस पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में 12 वीं कक्षा के छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया, वहीं मेघावी छात्रों को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय प्रबंधक रमेश साहू ने



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं

परीक्षार्थियों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा में सम्मलित होने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता, उमेश श्रीवास्तव, हनुमत सिंह, आँचल सोनी, चांदनी, प्रवीना, रुखसार,मो मुश्लिम आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### सुलह के बाद भी दबंग बना रहा दीवार

**कौशाम्बी।** करारी के मीरापुर निवासी बरमदीन यादव पुत्र सुंदरलाल ने करारी थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव का दबंग उसकी भूमि पर दीवार बना रहा है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट का प्रयास करता है। बताया कि मंगलवार को जब वह मौके पर पहुंचा तो उसको दौड़ा लिया गया। बरमदीन ने बताया कि चार साल पहले इस मामले को लेकर समझौता हो चुका है। इसके बावजूद दबंग निर्माण कार्य कर रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिले के छह खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**कौशाम्बी।** युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 फरवरी से 23 फरवरी के मध्य नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, गौतमबुद्ध नगर में किया जायेंगा। जानकारी देते हुए जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जोन स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के खिलाड़ी राजकुमार पाल पुत्र भैयालाल-400 मीटर दौड एवं शोभा देवी पुत्री मानसिंह-800 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ में विजयी रहीं है। इसी प्रकार शकुन पुत्री पुरुषोत्तम भारोत्तोलन, कुश्ती एवं शॉटपुट, उदयराज सर्कुलर डिस्कस थ्रो, नमन कुशवाहा पुत्र दुरई कुशवाहा, जैवलिन थ्रो तथा मधु देवी पुत्री राजू कुश्ती में जोन स्तर पर प्रथम स्थान पर रहें हैं। इन खिलाड़ियां द्वारा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जायेंगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सूचित किया है कि आयोजन से एक दिन पूर्व अर्थात 20 फरवरी को आयोजन स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा खिलाड़ी किसी भी जानकारी या सुविधा के लिए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मूरतगंज नाजुक जहां-9161080810 या उनसे मो0-8009528862 संपर्क कर सकते हैं।

## जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ का आयोजन 10 फरवरी को

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनी नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के माध्यम से वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 से 12 फरवरी को लखनऊ में तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेंगा तथा माननीय राष्ट्रपति द्वारा 12 फरवरी सायं 4:15 बजे तक समापन समारोह की अध्यक्षता किया जायेंगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के सापेक्ष ही जनपद में भी दिनांक 10 फरवरी को जिला स्तरीय निवेश कुम्भ का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें समस्त निवेशकगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेगें। उन्हांने बताया कि दिनांक 12 फरवरी को निवेशकों से सम्बन्धित जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की जायेंगी, जिसमें समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट सम्राट उदयन सभागार में किया जायेंगा। इस समिट में प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई औद्योगिक निवेश नीति 2022 के अन्तर्गत निवेश करने वाले नव उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेंगी। उपायुक्त उद्योग ने जनपद के सभी उद्यमियों एवं व्यापारी बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद में औद्योगिक वातावरण का सृजन ज्यादा से ज्यादा हो सकें, इसके लिये अधिक से अधिक औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करें, ताकि उ0प्र0 सरकार की मंशानुसार नव उद्यमियों को नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के माध्यम से सुविधाएं प्राप्त हो सके। इसके साथ ही आयाजित कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए अपनी उपस्थिति भी सुनिशितच करायें। उन्होंने बताया है कि निवेश के इच्छुक उद्यमी निवेश सारथी पोर्टल पर लिंक पर जाकर अपना पूर्ण विवरण मैन्युफैक्चरिंगसर्विस सेक्टर में भरकर प्राप्त कर सकते हैं।

## देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर बटोरीं तालियां

**कौशाम्बी।** चूहापीरन गांव स्थित हजरत मौलाना अली मियां नदवी डिग्री कॉलेज का छठवां वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि मौलाना कौशल नदी ने कहा कि आज के समय में धनवान बनना बेहद आसान है लेकिन, नेक इंसान बनने में काफी बल है। सभी को नेक इंसान बनने की ओर कदम बढ़ाना होगा। इसके लिए शिक्षित होना सबसे जरूरी है। प्रबंधक डॉ. मुस्ताक अहमद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। इस मौके पर डॉ. धनंजय सिंह, मो. आसिफ, अंसार अहमद, जियाउल्लाह, मौलाना तारिक, निहाल अहमद आदि मौजूद रहे।

# अमृत काल बजट पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**संगोष्ठी**

**अमृत काल बजट जनकल्याणकारी, सर्वसमावेशी व विकास को गति देने का बजट है : प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल**



संगोष्ठी को संबोधित करते मंत्री नितिन अग्रवाल व उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** सेनानी ट्रस्ट भवन में अमृत काल बजट संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग व जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार अमृत काल शब्द का इस्तेमाल 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया था, उस वक्त ही उन्होने 25 सालों के लिये देश के लिये का नया रोडमैप जारी किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 25 साल की यात्रा नये भारत का अमृत काल है। ये अमृत काल हमारे संकल्पों की पूर्ति करेगा और हमें आजादी के 100 साल तक ले जायेगा। कहा कि हर गांव में सड़कें होनी चाहिये, सभी परिवार के पास बैंक खाता हो और हर पात्रता वाले व्यक्ति के पास स्वास्थ्य बीमा कार्ड और गैस कनेक्शन होना चाहिये। उन्होने कहा कि अमृत काल का उद्देश्य भारत के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना और गांव-शहरों के बीच के विकास के अन्तर को कम करना है और लोगों की जिन्दगी में सरकार के हस्तक्षेप को कम करना है, इसके अलावा नई तकनीक का स्वागत करना है। सरकार ने इनकम टैक्स एक्ट में ऐसा सेक्शन शामिल किया है जिससे अग्निवीर को मिलने वाली सैलरी को टैक्स से छूट हासिल होगी। कहा कि आने वाले समय में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिये लीथियम आयन बैटरी बनाने के लिये जरूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी, कैमरा लेन्स और लीथियम आयन बैटरी जैसे मोबाइल फोन उत्पादन में लगने वाले जरूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी। उन्होने बताया कि गोवर्धन योजना के लिये 10 हजार करोड़ का आवंटन किया गया है, सरकार एक करोड़ किसानों को आर्गेनिक खेती अपनाने के लिये प्रेरित करेगी, इसके लिये 10 हजार बायो इनपुट रिसर्च सेन्टर बनाये जायेगें। मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत अवसंरचना जैसे कई क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं को बढ़ाने के लिये 500 प्रखण्डों को शामिल करते हुये आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य उद्योग को ध्यान में रखते हुये 20 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाया जायेगा। अनुसूचित जनजातियों के लिये विकास कार्य योजना के तहत अगले 3 वर्षो में प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन को लागू करने के लिये 15000 करोड़ रुपए शामिल है। बंदरगाहों, कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न क्षेत्रों में 100 महत्वपूर्ण परिवहन अवसंरचना परियोजनाओं के लिये 75000 करोड़ का निवेश जिसमें निजी क्षेत्र का 15000 करोड़ रुपए शामिल है। उन्होने इसी प्रकार अमृत काल बजट के तहत पर्यटन, भारतीय रेलवे, मेडिकल शिक्षा, पीएम मत्स्य योजना, शिक्षकों के प्रशिक्षण, एग्री स्टार्टअप्स आदि अमृत काल बजट के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिला प्रभारी नागेन्द्र रघुवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मीडिया प्रभारी भाजपा राघवेन्द्र शुक्ल, महामंत्री राजेश सिंह सहित शिव प्रकाश मिश्र ह्यसेनानीह्ण व पार्टी पदाधिकारीगण व अन्य व्यापार मण्डल के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### राजस्थान में मिली लापता सगी बहनों की लोकेशन


**प्रतापगढ़।** घर से निकली दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं लग सका। तो अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया गया है। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हैं। लापता बहनों के मोबाइल की लोकेशन राजस्थान में मिली है। लालगंज कोतवाली के नेकनामपुर रामपुर बावली निवासी रोहित पटेल की पत्नी नीला कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताई कि 6 फरवरी को उसकी पुत्री पूजा व पुष्पा किसी काम से घर निकली थीं। लेकिन वह घर लौट कर नहीं आई। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई दोनों बहनों का काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लग सका। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण के आरोप में केस दर्ज किया है। घटना के चलते अनहोनी की आशंका को लेकर परिजन परेशान है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस लापता बहनों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक लापता बहनों के मोबाइल की लोकेशन राजस्थान के बीकानेर में मिलीं है। हालांकि पुलिस का अभी उनसे संपर्क नहीं हो सका है। पुलिस की एक टीम को बीकानेर रवाना किया जा रहा है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। उनकी लोकेशन मिली है। शीघ्र ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा।

## ट्रक में टकराई बाइक, एक युवक की मौत, एक घायल


मृतक शिवकुमार गुप्ता (फाइल फोटो)

**रानीगंज।** खड़ी ट्रक में बाइक टकराने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजते हुए मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानीगंज थानाक्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी शिवकुमार गुप्ता (18) पुत्र बृजलाल व सुधांशू उर्फ जैकी पुत्र विनोद मिश्र से साथ बाइक से बुधवार की सुबह भुपियामऊ से रानीगंज आ रहा था। जैसे ही वह पचरास गांव के समीप स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा उसकी बाइक ट्रक से टकरा गई। घटना में शिवकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुधांशू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता मिलने से खुशी


अभिनव

**प्रतापगढ़।** कुण्डा क्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी चंद्रभान यादव के पुत्र अभिनव ने आईआईटी जेईई की मेंस परीक्षा में 99.25 प्रतिशत परीक्षाफल लाकर सफलता हासिल की है। अभिनव के पिता खेती-किसानी कर अपना जीवनयापन करते हैं। अभिनव की सफलता पर उनके परिजन संजीत, मान सिंह, जसवंत, उदयभान यादव व शिवभुवन यादव आदि ने खुशी व्यक्त की।

# फायर कर्मियों ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण


आग से बचाव हेतु प्रशिक्षण देते फायर कर्मी

**पट्टी।** कस्बा स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश के क्रम में फायर सर्विस यूनिट पट्टी द्वारा बुधवार को छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को आग से बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के तरह-तरह के टिप्स विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फायर सर्विस यूनिट पट्टी के हेड कांस्टेबल सोहन लाल यादव, कांस्टेबल सुनील कुमार, अमरजीत कुमार, सौरभ सिंह राणा, केवल सिंह, कमलेश कुमार यादव, अश्वनी, संजय कुमार, विजय शंकर यादव के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील सिंह, प्रधानाचार्य संतोष जैकब, शिक्षिका सीमा बेगम, संगीता सिंह, विंसी, प्रिया सिंह व शिक्षक अभिषेक तिवारी, योगेश कुमार, समेत विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## मां बेटे सहित तीन को आजीवन कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश कुंदन किशोर ने हत्या के आरोप में दिनेश यादव, अरविंद यादव सुतगण रामनाथ यादव व श्रीमती रानी देवी पत्नी रामनाथ यादव निवासी रामपुर कसिया थाना सांगीपुर को दोषी पाते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास व दस-दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अनिल कुमार मिश्र ने किया। वादी मुकदमा सोभनाथ यादव के अनुसार उसे 27 अप्रैल 2021 को सूचना मिली की उसकी लड़की निशा की हत्या हो गई है। घटना के समय उसकी सास रानी देवी, देवर अरविंद व पति दिनेश घर पर मौजूद थे। रात्रि दस से ग्यारह बजे के बीच तीनों ने चाकू से प्राण घातक हमला कर के उसे घायल कर दिया। मृतका के लड़के अरुण द्वारा यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि तीनों ने एक राय होकर मम्मी को मार डाला है और मुझे कुछ बताने पर मार डालने की धमकी दी है। गम्भीर चोटों के चलते निशा की मौत हो गई। सजा सुनाए जाने पर आरोपियों के चेहरों पर खौफ साफ नजर आया। सभी के आंखों से आंशू बह रहे थे।

# एक्सपायरी दवा की डिब्बी लेकर मरीज पहुंचा सीएमएस के पास, मचा हड़कम्प




**लापरवाही**

**स्टोर में ही एक्सपायर हो गई हेपेटाइटिस की हजारों गोलियां**

**प्रतापगढ़।** जानलेवा बीमारी हेपेटाइटिस बी से पीड़ित रोगी के इलाज में मददगार मेडिसिन क्रोनीवीर को मरीजों को बांटने के बजाय दवा भंडार की शोभा बढ़ाने में ही दम निकल गया (एक्सपायर हो गई) है। मजे की बात यह है कि दवा की डेट समाप्त हो गई है। इसकी जानकारी भी मरीज ने आकर सीएमएस और स्टोर इंचार्ज को दी। वरना अभी तक ये दवाएं मरीजों को बंटती रहती। इसको खाने वाले मरीज का क्या हाल होता इसको बताने की जरूरत नहीं है। हालांकि दवा अभी भी स्टोर में मौजूद है। जिसको मरीज के खुलासे के बाद किनारे लगाने की तैयारी की जा रही है।

डाक्टरों के अनुसार हेपेटाइटिस बीमारी मुख्यत दो प्रकार की बी और सी होती है। जिसमें सी अधिक घातक होती है। दोनो बीमारी से जूझ रहे मरीजों को सरकारी अस्पताल से राहत देने के लिए शासन स्तर पर योजना चलाई गई जिसमें मरीजों का फ्री इलाज हो सके। इसके तहत दवा इत्यादि की सुविधा भी करा दी गई है। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के दवा भंडार में इसकी दवाएं क्रोनीवीर इत्यादि संचारी रोग अभियान के अंतर्गत जुलाई माह 2022 में मुहैया कराई गई थी।

### जनवरी माह में थी एक्सपायरी

हेपेटाइटिस बी के मरीज को दी जाने वाली दवा की एक्सपायरी जनवरी 2023 थी। सीएमओ की तरफ से जुलाई 2022 में मिली थी। छः माह में ही एक्सपायर हो गई। यही दवा की डिब्बी लेकर एक मरीज सीएमएस के पास पहुंच गया था। जिसके बाद हड़कंप मच गया।

### एक डिब्बी में होती है सौ गोली

एक मरीज को खाने के लिए सौ गोली की एक डिब्बी दी जाती है। डाक्टर के अनुसार मरीज को एक गोली खानी होती है। डिब्बी करीब सवा तीन महीने चलती है। उसके बाद मर्ज के हिसाब से दवाएं चलती हैं।

### स्टोर में रखी हुई है दो दर्जन से अधिक एक्सपायर दवा की डिब्बी

हेपेटाइटिस बी दवा की दो दर्जन एक्सपायरी डिब्बी अभी भी राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के दवा स्टोर में मौजूद है। जिसकी जानकारी मरीज के आने के बाद यहां के लोगों को हो सकी।

### एक्सपायरी से अंजान है अधिकारी, हजारों का चूना

स्टोर में रखी हुई हेपिटेटिस बी की दवा एक्सपायर हो गई है। इस बात से सीएमएस, सीएमओ, प्रिंसिपल और डाक्टर सभी अनजान थे। इस बारे में किसी को बताने की जरूरत नहीं समझी गई। अधिकारियों का कहना है कि अगर दवाएं बंट गई होती तो दिक्कत न होती। अगर किन्हीं कारणों से नहीं बंटी तो कम से कम अवगत करा दिया गया होता। समय रहते दूसरे अस्पतालों में भेज दी जाती। जो कि नहीं किया गया। जिससे हजारों रुपए की दवा बर्बाद हो गई।

### मार्केट में एक गोली की कीमत पचास रुपए

सरकारी अस्पतालों में बर्बाद हुई हेपेटाइटिस बी की दवा की एक गोली की कीमत बाहर मार्केट में करीब पचास रूपए की है। इस हिसाब सौ गोली वाली डिब्बी की कीमत पांच हजार रुपए हुई। अस्पताल में यही दवा बर्बाद हो गई। इसका जिम्मेदार कौन होगा।

''दवा स्टोर इंचार्ज की तरफ से दवा एक्सपायरी के बारे में जानकारी नहीं दी गई। मरीज डिब्बी लेकर आया था। वहीं दवा स्टोर इंचार्ज वीबी शुक्ला का कहना है कि उन्होंने इसके बारे में अधिकारियों को लिखित रूप से नहीं लेकिन मौखिक बताया था।''
**-डा. सुरेश सिंह, सीएमएस**

## शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता


प्रसंग सुनाते कथाव्यास आचार्य अतुल महराज

**प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक स्थित सिद्धपीठ माँ भद्रकाली धाम में हो रही संगीतमयी श्री राम कथा अमृत रसवर्षा के तीसरे दिन कथाव्यास आचार्य अतुल महराज ने शिव पार्वती विवाह की कथा का बड़े ही मनोरम ढंग से वर्णन किया। भगवान भोले नाथ को पुनः पति के रूप मे प्राप्त करने के लिए माता पार्वती द्वारा कठोर तपस्या, शिव बारात मे शिव गणों की वेशभूषा, गिरिराज हिमांचल की पत्नी मैना महारानी का भगवान भोलेनाथ को दिगम्बर दूल्हा के स्वरूप मे देखकर देवर्षि नारद से पश्चाताप आदि का वर्णन सुनकर हजारों की संख्या मे मौजूद श्रोता भाव बिभोर हो गए। इस दौरान मुख्य यजमान मूलचंद जायसवाल, हुकुम चंद जायसवाल सपरिवार, अनूप सिंह, लाल साहब सिंह, रामू पाण्डेय, ईशू शुक्ला, अविनाश मिश्रा, विनोद शुक्ला, राज्यवर्धन सिंह, तनुज पाण्डेय, कृष्णा जायसवाल, अमित मिश्रा आजाद, राधेश्याम तिवारी समेत बड़ी संख्या मे श्रोता मौजूद रहें।

## अमरेन्द्र कुमार मिश्र बने डायट प्राचार्य



**प्रतापगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के सीनियर प्रवक्ता अमरेंद्र मिश्र को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। उप शिक्षा निदेशक डायट हृदय राम आजाद के सेवा निवृत्ति होने से प्राचार्य का पद रिक्त चल रहा था। अमरेन्द्र मिश्र के डायट प्राचार्य बनने पर संस्थान के सभी सहयोगियों, कर्मचारियों एवम प्रशिक्षुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

## ट्रक व कार में टक्कर चार घायल


हादसे में क्षतिग्रस्त कार

**लालगंज।** नेशनल हाइवे पर ट्रक व कार की टक्कर मे कार सवार चार यात्री चुटहिल हो गये। वाराणसी जिले के कपसेठी थाना क्षेत्र के सेवापुरी निवासी अनिल कुमार अपनी मां नीलम पत्नी शालिनी व संदीप के साथ कार से पीजीआई लखनऊ से रात दो बजे वापस घर जा रहे थे। लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना गांव के समीप कार की अनियंत्रित ट्रक से टक्कर हो गयी। हादसे मे कार सवार चारों यात्री चुटहिल हो गये। नोएडा से ट्रक पर पाइप लादकर प्रतापगढ़ ले आ रहे संभल निवासी ट्रक चालक व खलासी बाल बाल बच गये। घटना की जानकारी पर लीलापुर एसओ सुभाष यादव पहुंचे और घायलो को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।

## टीबी मुक्त हेतु जन जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिले के लालगंज के मेढावा में स्वास्थ्य विभाग की टी बी यूनिट के नेतृत्व में क्षय उन्मूलन हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संदीप त्रिपाठी ने टीवी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया। लक्षण युक्त बलगम जांच हेतु मरीजों को कंटेनर उपलब्ध कराया। इस मौके पर एस टी एल यस बीबी सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 25 लाख लोग टीबी से ग्रसित हो रहे हैं।टीबी से मरने वालों की संख्या कोविड से भी ज्यादा है। एक टीबी का रोगी 10 से 15 व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संदीप त्रिपाठी ने कहा कि टीबी की जांच व इलाज सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। निश्चय पोषण योजना के तहत प्रत्येक रोगी को पांच सौ रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। इस बीमारी के लक्षण दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, दो हफ्ते से अधिक बुखार आना, बलगम कफ में खून आना, वजन कम होना, भूख का कम होना, रात में पसीना आना आदि हैं। इस मौके पर भारती सिंह, एएनएम संगीता, सीएचओ आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व ग्रामीण मौजूद रहे।

# शासन के नामित अधिकारी ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**जायजा**

**अधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन, स्वच्छता पूर्ण, पारदर्शिता की मानकों को देखा**


निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों से जायजा लेते अधिकारी

**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए नामित अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वरिष्ठ विशेषज्ञ राज्य परियोजना, सर्व शिक्षा अभियान ने बुधवार को जिले के कई परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन, स्वच्छता पूर्ण, पारदर्शिता की मानकों को देखा। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र स्थापक की तैनाती, ऑनलाइन मॉनिटरिंग, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के बारे में जानकारी ली। इसके अलावां स्ट्रांग रूम डबल लॉक की व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की ओएमआर शीट की सुरक्षा, परीक्षा केंद्र पर जनरेटर, इन्वर्टर, परीक्षा केंद्र पर डीवीआर ,राउटर डिवाइस, हाई स्पीड इंटरनेट, आदि के बारे में केंद्र व्यवस्थापकों को चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सरोजिनी इंटर कॉलेज जहनईपुर समेत आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जनपद स्तर पर नगर के जीआईसी में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। वहां पर ऑनलाइन स्कूलों को भी देखा। निरीक्षण जे दौरान उनके साथ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 ओ पी रॉय, नामित अधिकारी डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य, डॉ मोहम्मद अनीस, राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य, कंट्रोल रूम प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार मिश्र सहित कंट्रोल रूम में नियुक्त शिक्षक,श्याम शंकर सरोज, कपिल देव तिवारी आदि रहे।

## सांसद खेल स्पर्धा के लिए बांटी गई सामाग्री

**प्रतापगढ़।** दस फरवरी से शुरू होने वाली ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को सांसद कैंप कार्यालय में गेम टीचरों को खेल सामाग्री का वितरण किया गया। जिसमें ब्लाकों के व्यायाम शिक्षक, निर्णायक और जिला व्यायाम शिक्षक मौजूद थे। सामाग्री का वितरण करते हुए संगम यूथ बिग्रेड के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि फील्ड तैयार है। बस खिलाड़ियों के संग खेल शुरू होना हैं। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक विकास होता है। जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार सिंह ने सभी ब्लाक व्यायाम शिक्षकों से बेहतर खेल स्पर्धा की उम्मीद की। उन्होंने बताया कि जिला रैली 14 से 16 फरवरी को होगी। मीटिंग में रोशनलाल उमरवैश्य पूर्व सूचना अधिकारी आरबी सिंह, गेम टीचर शैलेश सिंह, मनोज कुमार भारतीय, शकील और खुर्शीद समेत कई अन्य टीचर और निर्णायक मौजूद थे।

# आशा बहुओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण


सांगीपुर सीएचसी मे प्रशिक्षण के दौरान मौजूद आशा कार्यकत्रियां

**लालगंज।** सांगीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में अधीक्षक डा. आनंद तिवारी के नेतृत्व में एसबीवाईसी के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे पोषण बीमार नौनिहालों के प्रबंधन, परिवार नियोजन व जनसंख्या वृद्धि आदि के बारे मे आशा बहुओं व आंगनबाडी कार्यकत्रियों को जानकारी दी गयी। डा. आनन्द तिवारी ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषित रहने में सहयोग प्रदान कर स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। प्रशिक्षण मे ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक बाल मुकुन्द मिश्र ने प्रशिक्षण के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नंदलाल, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष पाण्डेय, प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## छात्रा से गैंगरेप के दो आरोपी धराये, भेजा गया जेल

**लालगंज।** गैंगरेप के आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लीलापुर इलाके के एक गांव की कक्षा आठ की छात्रा के साथ गांव के ही दो आरोपियो ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पीडिता की मां की शिकायत पर आरोपी पुनीत पाल व विनय पाल के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया था। लीलापुर पुलिस ने गैंगरेप के दोनों आरोपियो को तिना गांव के समीप नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियो को लीलापुर थाना ले आया गया यहां पूछताछ के बाद देर शाम जेल भेज दिया गया। लीलापुर एसओ सुभाष यादव ने बताया कि दोनों आरोपी गैंगरेप के मामले मे नामजद थे। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जनसंपादकीय

# अपने स्वप्नों को जीवित रखने के संकल्प



जब मैं अपने पीछे देखता हूं तो पाता हूं कि तमाम विद्यार्थी, अध्यापक, मजदूर, वकील और एक्टिविस्ट अभी भी कैद की यातना भुगत रहे हैं। ऐसे हालात देख मैं यह कैसे कह सकता हूं कि जेल से छूट कर मैं खुश हूं, 3 फरवरी 23 को जेल से छूट कर बाहर निकलने पर जफर पनाही ने एक संदेश में कहा।

62 वर्षीय विश्वप्रसिद्ध फिल्मकार जफर पनाही ईरान में शांतिपूर्ण ढंग से अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतान्त्रिक अधिकारों के लिए अनुकरणीय संघर्ष करने वाले लोगों की फेहरिस्त में अग्रणी हैं जिन्हें छः साल की कैद (बरसों तक अपने घर में नजरबन्द और बाद में जेल में डाल दिए गए) की सजा सुनाई गई है। बीस सालों तक फिल्म निर्माण,निर्देशन,लेखन न करने का फरमान भी सुनाया गया है साथ ही किसी भी तरह का इंटरव्यू देने और विदेश यात्रा करने से रोक दिया गया है। कुछ साल पहले दुनिया के एक बेहद प्रतिष्ठित फिल्म समारोह के जूरी का सदस्य बनने पर उनकी अनुपस्थिति पर एक कुर्सी खाली छोड़ कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया था। उनकी सभी फिल्में विभिन्न समारोहों में प्रशंसित और पुरस्कृत हुई हैं पर अपने देश में आधिकारिक तौर पर प्रतिबंधित हैं।

फिल्म बनाने से बीस सालों तक दूर रहने की सजा सुनाये जाने के बाद जफर पनाही की प्रतिक्रिया (2012 में) : फिल्मकार की दुनिया वास्तविकता और स्वप्नों के बीच के अंतर संबंधों से निर्मित होती है। वह आस पास दिखती सच्चाइयों को फिल्म निर्माण के लिए प्रेरणा के तौर पर ग्रहण करता है, फिर अपनी कल्पना शक्ति से इनमें रंग भरता है और उम्मीदों और स्वप्नों को अच्छी तरह से मिला कर फिल्म को जन्म देता है।

सच्चाई ये है कि मुझे पिछले पांच सालों से फिल्म निर्माण से वंचित रखा गया है और अब तो आधिकारिक तौर पर आने वाले अगले बीस सालों तक मुझे फिल्मों को भूल जाने का फरमान जारी किया गया है।पर मुझे मालूम है कि अपनी कल्पना में मैं अपने स्वप्नों को फिल्म की शक्ल देता रहूँगा.सामाजिक रूप में चैतन्य फिल्मकार होने के नाते मैं अपने आस पास के लोगों के दैनिक जीवन और उनकी चिंताओं को फिल्म की विधा में चित्रित नहीं कर पाऊंगा पर मैं ऐसे स्वप्नों को अपने से परे क्यों धकेलूं कि आने वाले बीस सालों में आज के दौर की तमाम समस्याएं सुलझ जायेंगी। और इसके बाद यदि मुझे फिर से फिल्म बनाने का अवसर मिला तो अपने देश में व्याप्त अमन और तरक्की के बारे में फिल्म बनाऊंगा।

सच्चाई ये है कि उन्होंने मुझे बीस सालों के लिए सोचने और लिखने से मना कर दिया पर इन बीस सालों में वे मुझे स्वप्न देखने से कैसे रोक सकते हैं--- इन बीस सालों में ऐसी पाबंदियाँ और धमकियाँ काल के गर्त में समा जायेंगी और इनकी जगह आजादी और मुक्त चिंतन की बयार बहने लगेगी।

उन्होंने मुझे अगले बीस सालों तक दुनिया की ओर नजर उठा कर देखने की मनाही कर दी है।मुझे पूरी उम्मीद है कि जब मैं इसके बाद खुली हवा में साँस लूँगा तो ऐसी दुनिया में विचरण कर सकूँगा जहाँ भौगोलिक,जातीय और वैचारिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा और लोगबाग अपने विश्वासों और मान्यताओं को संरक्षित रखते हुए मिलजुल कर अमन और आजादी से जीवन बसर कर रहे होंगे।

उन्होंने मुझे बीस सालों तक चुप रहने की सजा सुनाई है.फिर भी अपने स्वप्नों में मैं उस समय तक शोर मचाता ही रहूँगा जब तक कि निजी तौर पर एक दूसरे को और उनके नजरियों को धीरज और सम्मान से सुना नहीं जाता।

अंततः मेरे फैसले की सच्चाई यही है कि मुझे छह साल जेल में बिताने पड़ेंगे.अगले छह साल तो मैं इस उम्मीद में जियूँगा ही कि मेरे सपने वास्तविकता के धरातल पर खरे उतरेंगे। मेरे अरमान हैं कि दुनिया के हर कोने में बसने वाले फिल्मकार ऐसी महान फिल्म रचना करेंगे कि जब मैं सजा पूरी होने के बाद बाहर निकलूं तो मैं उस दुनिया में साँस और प्रेरणा लूँ जिसके बनाने के स्वप्न उन्होंने अपनी फिल्मों में देखे थे। अब से लेकर आगामी बीस सालों तक मुझे जुबान न खोलने का फरमान सुनाया गया है...मुझे न देखने का फरमान सुनाया गया है...मुझे न सोचने का फरमान सुनाया गया है...फिल्में न बनाने का फरमान तो सुनाया ही गया है.

बंदिश और मुझे बंदी करने वाले हुक्मरानों की सच्चाई से मेरा सामना हो रहा है।(साथी फिल्मकारों को मुखातिब हो कर) अपने स्वप्नों को जीवित रखने के संकल्प के साथ मैं आपकी फिल्मों में इनके फलीभूत होने की कामना करता हूँ--- इनमें वो सब मंजर दिखाई दे जिसको देखने से मुझे वंचित कर दिया गया है।

**(तस्वीर में जेल से छूटने पर जफर पनाही अपनी पत्नी के साथ - फोटो bbc.com से साभार, प्रस्तुति यादवेंद्र )**

## नवगीतः कनक- चप्पल

वक्त पर कुछ/झाड़ को चंदन करेंगे
कनक- चप्पल तुम पहन लो
अधिकतर चरण- वंदन करेंगे!
चरण-रज को उठा कर/ माथ लेंगे/स्वर्ग के मुख तक तुम्हारा/साथ लेंगे,
अधिकतर पत्थर बनेंगे/फिर सलीके से/यही सिर- भंजन करेंगे!
नकली शराफत, हँसी नकली/ खोल मोटा/खेत तक जाने के पहले हो रहा
खाली है लोटा,/लिये कुश की नुकीली धार/फिर अभिनंदन करेंगे!
कहीं दरबार में झुकते हुए सिर/पगड़ी गिराते हैं/कहीं पर नींद का कब्जा, कहीं
सपने पिराते हैं,/कभी जो मुक्ति करती काम, वही/अब बंधन करेंगे!
बड़ी हैं कामनाएँ तो कमर/झुकती ही जानी है/नहीं आँखों में पानी तो कहाँ
होता ये पानी है! /ये विक्टिम कार्ड खेलेंगे/करुण क्रंदन करेंगे!
भरोसा शब्द तक गायब/रचे रिश्ता कोई कैसे/खनकती पांव की पायल
उछलती - लूटती पैसे,/हमें जो लूटते रहते/वही जन-धन
करेंगे!
कहीं पर चीख सोई है कहीं/आँसू हैं गालों पर/यहाँ मछली
को आता है बहुत ही
प्यार जालों पर,/उन्हें है जिद हमारे
गांव को लंदन करेंगे!



- सुधांशु उपाध्याय

# एक बड़े और जुझारू कवि थे विष्णु खरे

## स्मरण



**प्रकाश मनु**

कोई चालीस बरस पुरानी यादें हैं...और मैं अंदर ही अंदर अकुला रहा हूँ। ऐसा कैसे हो सकता है? विष्णु खरे जैसा हर अन्याय के आगे डट जाने वाला, हर अनीति और कपट नीति से अकेला लड़ जाने वाला और जबरदस्त चुनौतियाँ देने वाला हिम्मती और दुर्जेय योद्धा कवि इस तरह जा कैसे सकता है? कभी कल्पना में ही नहीं आता था कि कभी विष्णु खरे न होंगे। लगता था, जैसे विष्णु खरे थे, विष्णु खरे हैं और विष्णु खरे हमेशा रहेंगे। पर कोई चार बरस पहले अचानक हुए मस्तिष्काघात के बाद मृत्यु से एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए, अपने ढंग का यह निराला दुर्धर्ष कवि हमें छोड़ गया। विष्णु खरे कवि होने के साथ-साथ बड़े ही मौलिक किस्म के चिंतक, सुविख्यात अनुवादक और आलोचक भी थे। एक बड़े संपादक भी। पर सच तो यह है कि उनके इन सभी रूपों पर उनके कुछ-कुछ खुरदरे और जुझारू कवि-व्यक्तित्व की छाया थी। मानो ये सभी उनके विलक्षण कवि-व्यक्तित्व के ही अनुषांगिक रूप हों। याद है कि सन 1975 में, जब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मैं शोध कर रहा था, तब अपने एक अनन्य मित्र ब्रजेश भाई से लेकर उनका पहला कविता-संग्रह पढ़ा था। अशोक वाजपेयी के द्वारा संपादित 'पहचान' सीरीज की कुल सोलह पृष्ठों की एक छोटी सी पुस्तिका, 'विष्णु खरे की कविताएँ'। और वे कविताएँ पढ़ते हुए मैं अंदर-बाहर से बदल गया था। ताज्जुब हुआ था कि अरे, कविताएँ इतनी खुली, इतनी बेबाक और मर्मभेदी भी हो सकती हैं, जो आपको भीतर तक थरथरा दें...और आपको नए सिरे से सोचने ही नहीं, नए सिरे से जीने की भी चुनौती दें।

ऐसी कविताएँ मैंने पहले कभी पढ़ी न थीं। कविताएँ ऐसी हो भी सकती हैं, सच पूछिए तो मैंने कभी इससे पहले कल्पना ही न की थी। वह मेरा, एक अर्थ में, पुनर्जन्म था। एक लेखक, एक कवि, एक साहित्यिक और एक मनुष्य के रूप में पुनर्जन्म। विष्णु खरे को पढ़ने के बाद मैं वह नहीं रहा था, जो पहले था।

मेरे कथागुरु और लोक साहित्य के मर्मज्ञ देवेंद्र सत्यार्थी कहा करते थे कि कोई आलोचक यह तो बता सकता है कि अच्छी कहानी क्या होती है। पर अच्छी कहानी क्या हो सकती है, इसे तो कोई कहानीकार ही जानता है और अपनी कहानियों में उसे संभव कर दिखाता है। इसी तर्ज पर कहें तो कोई आलोचक यह तो बता सकता है कि अच्छी कविता क्या होती है, पर अच्छी कविता क्या हो सकती है, इसे तो कोई निराला, कोई मुक्तिबोध, कोई रघुवीर सहाय या विष्णु खरे सरीखा बड़े विजन वाला बड़ा और शक्तिशाली कवि ही बता सकता है और स्वयं वैसी कविताएँ लिखकर उसे साबित करता है। इस तरह देखें तो निराला ने जो कविताएँ लिखीं, वे हिंदी कविता में एक नया और चकित करने वाला प्रारंभ थीं और उससे पहले हिंदी कविता में कभी कल्पना तक न की गई थी कि कविता यह भी हो सकती है। मुक्त छंद होते हुए भी इतनी तेजस्विनी, विराट। विष्णु खरे भी इसी अर्थ में अतुलनीय थे। एक विलक्षण कवि, जिन्होंने कविता को गद्य के इतना निकट लाकर भी इतना पुरअसर और जीवंत बना दिया कि कविता मानो विष्णु खरे के निकट आकर फिर से पुनर्नवा होती है।

याद आता है, नवें दशक में जब मैं हिंदुस्तान टाइम्स की पत्रिका 'नंदन' में आया, तो नवभारत टाइम्स में विष्णु जी से मिलने गया। और जब मैंने 'पहचान' सीरीज की उनकी कविताओं और मन पर पड़े प्रभाव की चर्चा की, तो वे किंचित अवाक और विस्मित से हुए थे। बहुत देर तक बात चली, कोई डेढ़-दो घंटे। ऐसी तन्मयतापूर्ण बातचीत, जिसमें आपको समय का कुछ होश नहीं रहता। और फिर उन्होंने बड़ी सहृदयता से एस.पी. सिंह समेत अपने कई संपादकीय सहकर्मियों से मुझे मिलवाया था।

वह एक विरल और हमेशा याद रहने वाली आत्मीय मुलाकात थी। मैं उन्हें सत्यार्थी जी पर एक संस्मरणात्मक लेख देकर आया था, जिसे उन्होंने नवभारत टाइम्स में बड़े प्रमुख रूप में छापा था। फिर ऐसी ही तीन-चार और खुली, अंतरंग मुलाकातें, जिनकी सुवास अब भी मन में है। बाद में विष्णु खरे नवभारत टाइम्स के कार्यकारी संपादक नियुक्त हुए और उन्होंने अखबार को अपने व्यक्तित्व के अनुरूप साहसी कलेवर और एक नई चमक दी।

कुछ समय बाद विद्यानिवास मिश्र नवभारत टाइम्स के संपादक नियुक्त हुए, तो बहुत कुछ एक साथ बदला। पता चला, विष्णु खरे नवभारत टाइम्स के जयपुर संस्करण के स्थानीय संपादक होकर, वहाँ चले गए हैं। फिर कुछ दिनों बाद पता चला कि परिस्थितियाँ इतनी जटिल होती गईं कि अपने वैचारिक मतभेदों के चलते विष्णु जी को नवभारत टाइम्स छोड़कर बाहर आना पड़ा। हा, हंत...! मेरे मुँह से निकला। एक कराह की तरह।

उन्हीं दिनों पत्रकारिता की दुनिया पर लिखा गया मेरा उपन्यास 'यह जो दिल्ली है' खासा चर्चित हुआ था, जिसका नायक सत्यकाम तमाम उम्र लड़ाइयाँ ही लड़ता रहा। इससे, उससे और किस-किस से नहीं। वह टूट भले ही गया हो, पर झुका नहीं। विष्णु जी के बारे में पढ़ा, सुना तो लगा, वे भी तो एक सत्यकाम ही हैं। मैं उन्हें 'यह जो दिल्ली है' उपन्यास भेंट करने पहुँचा और उनसे देर तक मैं पत्रकारिता जगत की उन विस्थितियों की कथा सुनता रहा, जो विष्णु खरे सरीखे बड़े लेखक, कवि, चिंतक और संपादक को भी बर्दाश्त नहीं कर पाती।

विष्णु जी ने उपन्यास पढ़ा और फिर उनका फोन आया कि पत्रकारिता जगत की तकलीफों और अंदरूनी हालात पर लिखा गया ऐसा कोई दूसरा उपन्यास उन्होंने पढ़ा नहीं है। बल्कि उन्होंने बड़ी कशिश के साथ कहा कि, 'प्रकाश जी, आपके उपन्यास ने मेरे भीतर यह इच्छा जगा दी है कि मैं भी पत्रकारिता जगत के अपने अनुभवों को उपन्यास की शक्ल में सामने लाऊँ।...वह कब हो पाता है, कह नहीं सकता!'

उसी दिन विष्णु खरे से एक लंबी और खुली बातचीत का खयाल मन में आया, जिसमें उनके जीवन के संघर्षों और उनकी विकट चुनौतियों से भरी रचना-यात्रा दोनों को एक साथ रखकर मैं बात करना चाहता था। विष्णु जी से मैंने कहा, तो उन्होंने सहज स्वीकृति दे दी। उन्होंने कविता संग्रह 'खुद अपनी आँख से' तथा आलोचनात्मक लेखों की पुस्तक 'आलोचना की पहली किताब' समेत अपनी कुछ पुस्तकें मुझे भेंट कीं। 'यह चाकू समय' (अत्तिला योझेफ) और 'हम सपने देखते हैं' (मिक्लोश राद्नोती) सरीखे अनुवाद भी। मेरे लिए ये पुस्तकें किसी दुर्लभ उपहार से कम न थीं, और विष्णु जी को फिर से और नए सिरे से जानने की उत्सुकता मन में जाग गई थी।

फिर उनसे एक लंबा इंटरव्यू, जो सुबह नौ बजे से शाम को साढ़े सात बजे तक अविरल चलता रहा। एक खुला इंटरव्यू, जिसमें कोई बने-बनाए सवाल नहीं थे। एकदम खुली बातचीत, जिसमें उनके जीवन के तमाम उतार-चढ़ाव थे, अंतहीन लड़ाइयाँ थीं, उनकी कविता, उनकी आलोचना, उनकी पत्रकारिता...उनके तमाम मूड्स, उनकी चिंताएँ, भीतरी व्याकुलता और आगे भी बहुत कुछ कर गुजरने का संकल्प—सब कुछ समाता चला जा रहा था।

शाम को करीब चार बजे विष्णु जी विष्णु जी जिस तख्त पर बैठे मेरे सवालों के जवाब दे रहे थे, उस पर सीधे लेट गए। मैंने कहा, 'विष्णु जी, आप थक गए हैं। मैं बातचीत यहीं रोक देता हूँ।' इस पर उनका क्षीण सा स्वर—'आपके सवाल खत्म हो गए...?' मैंने कहा—'नहीं विष्णु जी, सवाल तो अभी हैं।'

'तो फिर पूछिए...!'—वही क्षीण सी आवाज।

कोई साढ़े सात बजे तक चला इंटरव्यू...और फिर कोई महीने, डेढ़ महीने में वह लिखा गया। भाई ज्ञानरंजन जी ने 'पहल' में उसे अविकल रूप में छापा, तो मेरे पास उन पर आने वाली चिट्ठियों और प्रतिक्रियाओं का अंबार लग गया। वही हालत विष्णु जी की थी। कई नामचीन साहित्यकारों ने पत्र लिखकर या फिर फोन पर मुझे बधाई दी।

फिर तो मुलाकातें, मुलाकातें और निरंतर मुलाकातें। हर मुलाकात एक नई, अद्भुत और यादगार मुलाकात।...जब-जब उनसे मिलकर आता, मैं घर आकर चुपके से उसके बारे में लिख डालता। ये सब मेरे लिए बेशकीमती दस्तावेज थे। उनकी कविताओं पर भी लंबा लेख लिखा गया। उनके द्वारा अनूदित बृहत फिनी राष्ट्रकाव्य 'कालेवाला' पर भी। इन सबको समाहित करती हुई वाणी प्रकाशन से मेरी पुस्तक आई—'एक दुर्जेय मेधा : विष्णु खरे'।...एक बृहत पुस्तक, जिस पर खूब सराहना मुझे मिली। हाँ, किताब पढ़कर परेशान होने वाले लोग भी कम न थे। इसलिए कि विष्णु जी अपनी बात बेबाकी से कहते थे, और इस पुस्तक में उनसे लिए गए चार इंटरव्यू शामिल थे।

फिर विष्णु जी दिल्ली से चले गए तो भीतर बहुत कुछ टूटता सा लगा। पर मुंबई से भी वे बराबर खबर लेते। फिर विष्णु जी हिंदी अकादेमी के उपाध्यक्ष बनकर दिल्ली आए, तब भी फोन—निरंतर फोन उनके आते रहे। आखिरी फोन 11 सितंबर को रात दस बजे आया—'कैसे हैं प्रकाश जी?'...मैंने उन्हें बताया कि त्रिवेणी सभागार वाली काव्य-गोष्ठी में मैं गया था। मेरे जीवन का बड़ा अद्भुत...बड़ा आश्चर्यजनक अनुभव था वह। पूरा त्रिवेणी सभागार भरा हुआ था। उसमें ज्यादातर नौजवान पीढ़ी के लोग थे, और वे इतनी तल्लीनता से कविताएँ सुन और सराह रहे थे कि मैं सचमुच अचरज में पड़ गया कि वे कौन लोग हैं, जो कहते हैं कि आज की कविता संप्रेषित नहीं होती! मैंने तीस या चालीस लोगों की गोष्ठी में तो देखा है कि कोई कविता पढ़ रहा है और सब उसी लय में बह रहे हैं। एक वातावरण सा निर्मित हो रहा है।...पर इतने बड़े सभागार में कविता का ऐसा कार्यक्रम...! मेरे जीवन का यह एक विरल और यादगार अनुभव है।

इस पर विष्णु जी प्रसन्न होकर बोले—'हाँ प्रकाश जी, एकदम पिन ड्रॉप साइलेंस था।...'

फिर विष्णु खरे द्वारा 'इंद्रप्रस्थ भारती' के कहानी विशेषांक की चर्चा चली। मैंने कहा, 'विष्णु जी, इसमें कछ कहानियाँ तो जबरदस्त हैं। फिर एक ताजगी, एक नयापन तो है ही इसमें। जल्दी ही मैं इस विशेषांक पर एक लंबा पत्र लिखूँगा आपको।...' उन्होंने उत्साहित स्वर में कहा, 'हाँ लिखिएगा प्रकाश जी।'

बस, यही आखिरी संवाद...और फिर सारे तार झनझनाकर टूट गए...!

रात करीब दस बजे उनका फोन आया था, जो शायद सवा दस बजे तक चला। और फिर उसी रात कुछ ही घंटों बाद दुख की वह काली घटा छा गई, जो धीरे-धीरे उन्हें अपने भीतर समेटती गई।...विष्णु जी को मस्तिष्काघात!।उन्हें चाहने वाले बहुत थे। पूरे हिंदी जगत को शोकमग्न करके विष्णु खरे चले गए।

हालाँकि विष्णु खरे अपने पूरे जोम पर थे, जब गए। कविता और साहित्य के लिए दीवानगी, उनके रोम-राम में समाई हुई थी। समकालीन कवियों में विष्णु खरे की कविता का मिजाज सबसे जुदा था। मुक्तिबोध की तरह ही उनकी कविताओं की बिल्कुल अलग काट है। सच पूछिए तो विष्णु खरे की लगभग सारी कविताएँ कविता को नेगेट करके ही कविता बनती हैं...या कि कविता बनना चाहती हैं। वे कविताई के ढंग पर चलकर कविता नहीं होना चाहतीं। बल्कि उनकी जिद है—बड़ी सख्त और अपूर्व जिद कि वे कविता के अभी तक बने-बनाए रास्ते के एकदम उलट चलकर ही खुद को कविता साबित करेंगी। आप अंदाजा लगा सकते हैं—यह कितनी कठिन और खतरनाक जिद है?



शायद इसीलिए विष्णु खरे की कविताओं से जो आपको मिलता है, उसे कविताई का आनंद नहीं कह सकते, यह अकविताई का आनंद है। यह कितना पीड़ामिश्रित, कितना उदात्त है...और कविता के सामान्य आनंद से कितना ऊपर उठा हुआ आनंद है, हम केवल उसका अनुमान भर लगा सकते हैं या उसके थोड़े आस-पास ही जा सकते हैं। उसे ठीक-ठीक पाना बहुत मुश्किल है, क्योंकि वह तो केवल विष्णु खरे के हिस्से की ही चीज है।...यानी कि विष्णु खरे और उनकी कविताओं को सराहने के लिए भी आपको एक और विष्णु खरे होना पड़ता है।

विष्णु खरे की कविताएँ अपने स्वभाव में रूखी, खुरदरी और चटियल कविताएँ हैं। वे अपनी कविताओं को वैसा बनाते नहीं है, पर उनका जो कविता को जीने और देखने का नजरिया है, उसमें कविताएँ स्वभावतः इसी रूप में उनके निकट आती हैं। 'काल और अवधि के दरमियान' संग्रह में एक कविता है 'वाक्यपदीयम्', जिससे विष्णु जी की कविता लिखने की ख्वाहिश और लक्ष्य का बहुत कुछ पता चल जाता है। यों तो इसमें एक वाक्य—एक प्रभावशाली और उथल-पुथल कर देने वाला वाक्य लिखने की इच्छा का बयान है, जिसकी गूँजें-अनुगूँजें सारे ब्रह्मांड में भर जाएँ। पर गौर से देखें तो कैसी कविता वे बनाना चाहते हैं—या अपनी कविता के जरिए क्या काम वे करना चाहते हैं, इसकी भी पूरी झलक यहाँ मिल जाती है।

इसी तरह विष्णु जी ने प्रचुर अनुवाद कार्य किया है, और इस काम में उनकी दक्षता, कौशल और समर्पण चकित करने वाला है। उन्होंने विदेशी कविता से हिंदी तथा हिंदी से अंग्रेजी में सर्वाधिक अनुवाद कार्य किया है। केवल बीस वर्ष की अवस्था में विष्णु खरे द्वारा किया गया टी.एस. एलियट की कविताओं का अनुवाद 'मरुप्रदेश तथा अन्य कविताएँ' छप चुका था।

विष्णु जी के अनुवाद-कार्यों में फिनलैंड के राष्ट्रीय महाकाव्य 'कालेवाला' का अनुवाद बेहद महत्त्वपूर्ण है। महाभारत सरीखे इस बृहत महाकाव्य के केंद्र में वैनामोयनिन का बड़ा अद्भुत और करिश्माई चरित्र है। विष्णु खरे ने वर्षों के अथक श्रम से फिनलैंड के इस लोक महाकाव्य का हिंदी में काव्यानुवाद किया। मुझे याद पड़ता है, इस बारे में कोई दो दशक पहले दूरदर्शन के लिए उनसे बातचीत हुई थी। इसमें एक महाकाव्य के रूप में 'कालेवाला' के दुर्वह आकर्षण, खुलेपन, विस्तार और बहुत सारी विशेषताओं की चर्चा हुई, तो संदर्भवश भारतीय महाकाव्यों 'रामायण' और 'महाभारत' तथा लोककाव्य पर भी बड़ी रसपूर्ण बातचीत हुई, जो आज भी खासी मौजूँ है।

सच पूछिए तो विष्णु जी के पास इतना बड़ा दिल था—और ऐसा कबीरी ठाट वाला व्यक्तित्व उनका था कि वे सभी के थे। सभी के कुछ न कुछ थे।...और मेरे तो वे एक प्यारे और निराले दोस्त, गाइड और संरक्षक सब थे। अपने बाद वाली पीढ़ी को इतना प्यार करने और उन पर इस कदर भरोसा करने वाले लेखक कम, बहुत कम हैं। विष्णु खरे इस मामले में निराले थे। विलक्षण। उनके जाने से साहित्य की दुनिया में एक ऐसा अभागा सन्नाटा और खालीपन है, जो कभी भरा नहीं जा सकेगा। हालाँकि अपनी बेशुमार यादों, यादों और यादों के साथ विष्णु खरे आज भी हम सबकी स्मृतियों में हैं, और हमेशा बने रहेंगे!

**प्रकाश मनु, 545 सेक्टर-29, फरीदाबाद (हरियाणा), पिन-121008, मो. 09810602327, ईमेल – prakashmanu333@gmail**

# गांधी-गोडसे-एक युद्धः गोडसे की कलंकमुक्ति का प्रोजेक्ट

## प्रसंगवश



**संजय कुंदन**

फिल्म ह्यगांधी गोडसे-एक युद्धह्व इतिहास को मनमाने तरीके से तोड़ने-मरोड़ने, उसके साथ खिलवाड़ करने और जनता के दिमाग में जहर भरने के अभियान का ही एक हिस्सा है। यह अभियान किन ताकतों द्वारा चलाया जा रहा है और इससे किसको फायदा मिलने वाला है, यह बताने की जरूरत नहीं है। मैं इसकी तुलना उस नाटक से नहीं कर रहा, जिस पर आधारित होने का यह दावा करती है। मैं सिर्फ.फिल्म पर बात कर रहा हूं।

फिल्म इस कल्पना पर आधारित है कि गोडसे के हमले में गांधी बच जाते हैं और स्वतंत्र भारत में उनके द्वारा सामाजिक स्तर पर पहलकदमी को कानून के विरुद्ध मानकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। गांधी के कहने पर उन्हें जेल में उसी कमरे में रखा जाता है, जिसमें नाथूराम गोडसे बंद है। गांधी चाहते हैं कि वह गोडसे से बहस करें और उसका हृदय परिवर्तन करने की कोशिश करें। दरअसल फिल्म का केंद्रीय तत्त्व यही है-गांधी-गोडसे की बहस। गांधी अपना पक्ष रखना चाहते हैं और गोडसे अपना। फिल्म यह मानकर चल रही है कि देश में दो मजबूत विचारधाराएं हैं। एक के प्रतिनिधि गांधी हैं और दूसरे के गोडसे। गांधी मजबूती से अहिंसा, सर्वधर्म समभाव, धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में तर्क रखते हैं और गोडसे को निरुत्तर करते जाते हैं। गोडसे के मुस्लिम विरोधी या हिंदू राष्ट्र के पक्ष में दी गई दलीलों को वे काटते जाते हैं और ऐसा लगता है कि फिल्म गांधी के पक्ष में और एक समावेशी, धर्मनिरपेक्ष भारत की वकालत कर रही है। लेकिन वह बड़ी चालाकी से धीरे-धीरे अपने अजेंडे पर आती है। फिल्म में नेहरू, आंबेडकर और अन्य नेताओं को गांधी से परेशान दिखाया जाता है और बार-बार यह संकेत किया जाता है कि गांधी की हत्या की साज़िश चल रही है और एक अनाम शख्स बार-बार गांधी पर पिस्तौल तान रहा है, पर असफल हो रहा है।

फिल्म में गांधी अपने आश्रम में रह रही एक लड़की को उसके प्रेमी से मिलने नहीं देते। उसका प्रेमी जब आश्रम में रहने की बात करता है तो वह दोनों को भाई-बहन की तरह रहने के लिए कहते हैं। प्रेमी लड़की से दूर चला जाता है और लड़की परेशान रहती है। उसकी परेशानी गोडसे से देखी नहीं जाती और वह अचानक प्रेम के रक्षक के रूप में सामने आता है और गांधी को फटकारता है। गांधी उससे प्रभावित होते हैं और उन प्रेमियों का विवाह करवा देते हैं। फिर गांधी पर गोली चलती है और गोडसे उन्हें बचा लेता है। फिल्म का अंत एक प्रतीकात्मक दृश्य से होता है। गांधी और गोडसे जेल से बाहर आ रहे हैं और दोनों के समर्थक खड़े हैं। दोनों की संख्या बराबर है। गांधी और गोडसे अपने-अपने समर्थकों के साथ चले जाते हैं। बहस में देर तक गांधी बहुत मजबूत दिखाई देते हैं। लेकिन धीरे-धीरे बड़े शातिराना तरीके से फिल्म बताती है कि गांधी ने ही गोडसे को प्रभावित नहीं किया बल्कि गोडसे ने भी गांधी का व्यक्तित्व बदला। एक साधारण आदमी इसे इसी रूप में ग्रहण करेगा कि गोडसे एक सिद्धांतवादी रूमानी व्यक्ति था, जिसने नादानी में गांधी की हत्या कर दी। असल में तो गांधी का हत्यारा तो कोई और है। वह कौन है? क्या कांग्रेस? शायद इशारा यही है। फिल्म में यह संकेत है कि कुछ सामंती-सनातनी ताकतें गांधी को बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं। वह उनसे छुटकारा चाहती हैं। इतिहास गवाह है कि ऐसी ताकतों का प्रतिनिधित्व सावरकर जैसे लोग कर रहे थे, लेकिन फिल्म उनकी भूमिका पर मौन रहती है।

फिल्म के निर्देशक राजकुमार संतोषी ने एक साक्षात्कार में कहा है कि उन्होंने ईमानदारी से गांधी और गोडसे, दोनों का पक्ष रखने की कोशिश की है और वह फिल्म बनाने में तटस्थ रहे हैं। बकौल संतोषी लोगों को नाथूराम गोडसे के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई है, उसका पक्ष सामने नहीं आने दिया गया है। क्या संतोषी जी को यह नहीं मालूम कि नाथूराम गोडसे का कोर्ट में दिया गया लंबा बयान सार्वजनिक हो चुका है। कई किताबों में यह आ चुका है। पहले भी उसका पक्ष लेते हुए नाटक लिखे जा चुके हैं। निर्देशक महोदय अपने को ईमानदार बताते हैं। अगर वह ईमानदार होते तो इतिहास के साथ इस तरह खिलवाड़ नहीं कर रहे होते। जाहिर है उनके कृत्य में नाटककार की भी सहमति और भागीदारी है। फिल्म में मनमाने तरीके से दृश्य बनाए गए हैं। उन सारे दृश्यों का मकसद गोडसे को ऊंचा उठाना और गांधी को गिराना है। ऐसे कितने ही उदाहरण दिए जा सकते हैं। जैसे गोडसे जेल में बैठकर अखबार निकाल रहा है। अखबार की सुर्खियां तक दिखा दी गई हैं। वे सारी नकली सुर्खियां हैं।

अगर इतिहास को लेकर यह फिल्म ईमानदार होती तो उन ताकतों की ओर भी इशारा जरूर करती, जिसने गोडसे को हत्या के लिए तैयार किया और मदद की। फिल्म में लगता है कि यह गोडसे का निजी फैसला था और गोडसे ने यह फैसला विभाजन की विभीषिका को देखकर और पाकिस्तान को 55 करोड़ दिए जाने की बात सामने आने पर किया। जबकि गांधी की हत्या की कोशिशें पहले से चल रही थीं। इसके पीछे की राजनीति और गोडसे के पीछे खड़ी ताकतों पर कोई बात नहीं होती। फिल्म में नेहरू, पटेल और आंबेडकर खलनायक की तरह लगते हैं। राजकुमार संतोषी और असगर वजाहत सचमुच ईमानदार होते तो गांधी का पक्ष पूरी तरह सामने लाते। मगर कई ऐसे मुद्दों पर गांधी को चुप करा दिया गया है जिस पर उनका स्टैंड पूरी दुनिया को मालूम है। वंदे मातरम् गाने का मुद्दा इसका एक उदाहरण है। एक काल्पनिक दृश्य के जरिए फिल्म में गोडसे का हृदय परिवर्तन दिखाया गया है। वह बापू को एक अनाम शख़्स के हमले से बचाता है। जिस गोडसे को अपने किए का कोई पछतावा ही नहीं था, उसे इस रूप में दिखाना आखिर क्या संकेत करता है? शायद यही कि देश के कुछ लोगों के जेहन में गोडसे की जो आपराधिक छवि बनी हुई है, वह पूरी तरह धुल जाए। असल में संघ और उससे जुड़ा एक बड़ा तबका गोडसे को गांधी की हत्या के कलंक से मुक्त करने का अभियान चलाता रहा है। गौरतलब है कि मुंबई के शोधकर्ता और अभिनव भारत के न्यासी डॉ. पंकज फडणीस ने अक्टूबर 2017 में महात्मा गांधी की हत्या की दोबारा जांच करवाए जाने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी जिसमें दावा किया गया था कि बापू की हत्या एक रहस्यमय शख्स ने की है। उस शख्स ने 'चौथी गोली' चलाई थी, जो गांधी की मौत के लिए जिम्मेदार थी। इसकी जांच के लिए कोर्ट ने न्यायमित्र नियुक्त कर दिया और उसकी रपट के आधार पर याचिका निरस्त की गई और कहा कि गांधी को गोडसे ने ही मारा। इसकी दोबारा जांच की जरूरत नहीं है। इस फिल्म के जरिए गोडसे की कलंकमुक्ति के उसी अभियान को आगे बढ़ाया गया है।

फिल्म जैसे माध्यम में निष्कर्ष या क्लामेक्स या एंड नोट बड़ा मायने रखता है। फिल्म गांधी को महत्वपूर्ण बताते-बताते अचानक गोडसे पर खत्म होती है। गांधी गोडसे की बात मानकर अपना एक निर्णय बदलते हैं और गोडसे ही उनकी जान बचाता है, तो एक आम दर्शक के जेहन में हीरो बनकर गोडसे आता है, वही दर्ज होता है।

ठीक है कि जब इतिहास किसी कृति में ढलेगा तो उसमें कल्पना भी होगी। पर किस हद तक? दरअसल कल्पना भी इतिहास के सूत्रों के सहारे ही चलती है। इतिहास जो कहता है, कल्पना उसी सूत्र को लेकर आगे बढ़नी चाहिए। कल्पना इतनी अराजक नहीं हो सकती कि वह ऐतिहासिक तथ्यों को ही बदल दे। अगर कोई नयी चीज लाई जाती है, तो वह ठोस प्रमाणों की रोशनी में लायी जानी चाहिए। यह फिल्म इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और उसके साथ घिनौने मजाक का उदाहरण है।

दरअसल यह फिल्म बड़ी चालाकी से संघ के भावी अजेंडे को आगे बढ़ाती है। चूंकि गांधी को नकाराना उसके लिए मुश्किल है, तो वह एक ऐसा ढांचा बनाना चाहता है जिसमें गांधी और गोडसे, दोनों के लिए गुंजाइश हो। गांधी आदर्शों में सीमित रहें और व्यवहार में गोडसे की लाइन चले। सरल शब्दों में कहें तो एक ऐसा हिंदू राष्ट्र बने जिसके राष्ट्रपिता गांधी बने रहें। गांधी की आलोचना से हमें कोई परहेज नहीं है। आलोचना हर बड़े व्यक्तित्व की होनी चाहिए। लेकिन सवाल है कि आप किस जमीन पर खड़े होकर आलोचना कर रहे हैं और उसका मकसद क्या है। जब आप गांधी की आलोचना गोडसे की जमीन पर खड़े होकर करेंगे तो आपकी राजनीति समझ में आती।

**(लेखक कवि, कथाकार और संपादक हैं, संपर्क 99102 57915)**

## व्यंग्य



# व्यंग्यकार होना भी एक मुसीबत

**यशवंत गोरे**

व्यंग्यकार कहलाना भी एक मुसीबत हो सकता है। यह तब मालूम पड़ता है जब बहुत दिन से कोई रचना पत्र -पत्रिका में कही नहीं छपती है । अगर छपते रहो तो भी मुसीबत है । जिन्हे लगातार छपने से जलन होती है ऐसे लोग बड़े खुश होते है । सोचते है नए -नए व्यंगकार को बहुत तव्वजो मिल रही है। लगता है संपादकों से कोई जुगाड़ जमा रखी है। व्यंगकार के कुछ शुभ चिंतक भी तो होते ही है , चिंता व्यक्त करने लगते है। कुछ अनहोनी तो नहीं हो गई। आखिर व्यंगकार भी तो एक इंसान है। बीमार पड़ सकता है , परिवार के साथ पर्यटन पर मजे करने भी जा सकता है। परिवार -रिश्तेदारों के सुख-दुःख में शामिल भी होना पड़ता है। किसी परिजन - प्रियजन के निधन से दुखी भी हो सकता है। अर्धांगिनी के साथ घर के काम में हाथ भी तो बाँटना पड़ता है। अगर मटर की कचोरी खानी है तो दो-दो किलों मटर लेकर उसे छीलकर भी तो देना पड़ेगा। मैथी के पराठे खाने है तो मैथी साफ करके भी तो देनी पड़ेगी। अचार , पापड़- बड़ी बनाने में भी मदद करना पड़ती है। बीमारी में व्यंग्य लिखने बैठो तो सुनना पड़ता है ' ऐसी भी क्या पड़ी है व्यंग्य लिखने की , पहले ठीक तो हो जाओं पूरी जिंदगी पड़ी है व्यंग्य लिखने की , लिखते रहना। ' परिजन के निधन पर दुखी मन से व्यंग्य तो नहीं लिखा जा सकता। यदि गम भुलाने के कुछ लिखने बैठो तो रिश्तेदारों के ताने सुनों , घर में सब दुखी हो रहे है और उन्हें व्यंग्य लिखने की सूझ रही है। लगातार व्यंग्य छपने से अब कॉलोनी वाले भी जानने लगे है कि हम भी एक व्यंग्यकार है। कॉलोनी के कोने वाले स्कूल में इस बार अमृत काल के गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने का निमंत्रण भी मिल गया । स्कूल के बच्चे भी जानने लगे कि हम भी एक व्यंगकार है। बहुत दिनों से कालोनी के व्हाट्सअप ग्रुप के स्टेटस पर व्यंग नहीं दिखने से एक दिन पड़ोसन ने धर्मपत्नी से पूछ लिया ' भाभी जी घर में सब ठीक-ठाक तो चल रहा है , कोई टेंशन है क्या , भाई साब के व्यंग्य बहुत दिनों से पढ़ने में नहीं आ रहे है ? पड़ोसन भी व्हाट्सअप ग्रुप में जुड़ी होने से हमारा स्टैट्स रोज देखती थी।

शुभ चिंतकों के व्हाट्सएप पर मैसेज आने लगे .' क्या बात है आजकल व्यंग्य नहीं छप रहे है। सब ठीक-ठाक तो है ? कोई पूछ रहा था ' क्या अखबार वालों से पंगा ले लिया है ? क्या कोई किसी और की रचना कट-पेस्ट कर भेज दी थी ? इस बीच एक शादी समारोह में जाने का सुअवसर मिला।

कुछ लोग झुंड में खड़े थे , उनमें से एक सज्जन हमें जानते थे , देखते ही आपस में फुसफुसाने लगे हमारी तरफ इशारा करते हुवे बता रहे है 'देखो ये जो आ रहे है एक व्यंगकार है ' दूसरे सज्जन के बोल शादी के शोर में भी हमारे कान में सुनाई दिए , बोल रहे थे आजकल इनके जैसे बहुत सारे नए - नए व्यंगकार पैदा हो गए है। दो-चार अखबार और पत्रिकाएं पढ़ लेते है , कुछ इधर की कुछ उधर मिलाकर व्यंग्य लिख देते है। सोशल मिडिया से उठाकर कट- पेस्ट कर अखबारों को भेज देते है और अपने आप को व्यंगकार कहलवाने लगते है। यदि यह व्यंग्य रचना प्रकाशित होती है तो , शुभचिंतक तो जरूर प्रसन्न होंगे , परन्तु व्यंग्य नहीं छपने से जो लोग खुश हो रहे थे उन्हें जरूर तकलीफ होगी।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425492928)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# अपर पुलिस अधीक्षक ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

जनसंदेश न्यूज



चेकिंग अभियान चलाते अपर पुलिस अधीक्षक नगर

**जौनपुर।** बैंकों में आए दिन हो रही चोरी, उचक्का गिरी, फ्रॉड गिरी को देखते हुए बैंक प्रशासन तो कम लेकिन पुलिस-प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लाइन बाजार सहित पुलिस बल के जवानों ने कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर गांधी तिराहा तक तमाम बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंकों के बाहर खड़ी गाड़ियां, बैंकों के अंदर आने जाने वालों के रजिस्टर, बैंक में लगे अलार्म, सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष लाइन बाजार आदेश त्यागी, चौकी इंचार्ज मियांपुर व भारी संख्या में महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बैंकों की चेकिंग और पैदल मार्च कर चेकिंग किया गया है। इस दौरान आने जाने वाले आगंतुक रजिस्टर को चेक किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना है। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि आने जाने वाले लोगों के मोबाइल नंबर, गाड़ियों के नंबर अंकित करें जिससे अपराधों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे और बैंकों में लगे अलार्म को भी चेक किया गया है सब कुछ सामान्य है।

## आवास के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगाने वाले बयान से मुकरे

**चंदवक।** क्षेत्र पंचायत डोभी के ग्राम पंचायत बहिरी के बरहपुर पुरवे के पीएम आवास योजना में प्रधान प्रतिनिधि बृजेश यादव द्वारा दस-दस हजार रुपये लेने का वायरल वीडियो में आरोप लगाने वाले लाभार्थी जांच टीम के सामने अपने बयान से मुकर गए जिसको लेकर तरह तरह की चर्चा है। गौरतलब हो कि पिछले सप्ताह ग्राम पंचायत बहिरी के बरहपुर पुरवे के पीएम आवास योजना के कुछ लाभार्थियों ने एक वायरल वीडियो में प्रधान प्रतिनिधि बृजेश यादव पर दस दस हजार रुपये प्रत्येक लाभार्थी से मांगने का आरोप लगाया था। नहीं देने पर आवास से वंचित कर देने की धमकी देने का आरोप था। वीडियो वायरल होने पर खलबली मच गई। इसका संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी द्वारा एडीओ कृषि के नेतृत्व में जेई जेपी सिंह के साथ जांच टीम गठित कर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। जांच टीम बरहपुर गांव पहुंची तो जांच के दौरान आरोप लगाने वाले लाभार्थी पैसे देने के बयान से मुकर गए। लाभार्थियों द्वारा जांच के दौरान आरोपों से मुकरने को लेकर तरह तरह की चर्चा है।

# कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में शोध की असीम संभावनाएं : डॉ. मनोज

**जौनपुर।** वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री के विभिन्न आयामों व अनुप्रयोगों पर चर्चा हुई।

कार्यशाला

### मॉलिक्युलर मॉडलिंग जैविक क्रियाओं को समझने में मददगार




तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ थ्योरिटिकल केमिस्ट्री, स्टटगार्ट यूनिवर्सिटी, जर्मनी के डॉ. मनोज केसरवानी ने कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में प्रयोग होने वाले विभिन्न सॉफ्टवेयर और प्रोग्राम के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को उसका प्रशिक्षण भी दिया। दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए मेहरावां पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता बीसवीं और इक्कीसवीं सदी में हुई रसायन विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के जिक्र किया तथा कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री की उत्पति और वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। समापन सत्र के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार यादव ने कहा कि इस की तरह की कार्यशाला से विद्यार्थी को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हो रही शोध का पता चलता है जिससे उन्हें अपने अध्ययन और शोध में मदद मिलती है।

डॉ. विवेक ने मॉलिक्युलर डायनामिक्स और उससे जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से उदाहरण के साथ चर्चा की। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने कहा कि कंप्यूटर आज के समय में शोध के आवश्यक हिस्सा है। बिना कंप्यूटर के शोध की कल्पना नहीं को जा सकती है। प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों को मेहनत के साथ अध्ययन और शोध करने के लिए प्रेरित किया।

दो दिवसीय कार्यशाला का वृत्त डॉ. अजीत सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन डॉ. मिथिलेश यादव व डॉ. दिनेश वर्मा किया। धन्यवाद ज्ञापन स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. सुजीत, डॉ. काजल डे तथा पीएचडी शोधार्थी व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# दबंगों ने मारकर युवक का तोड़ा हाथ



घायल युवक

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत विजईपुर गांव में बुधवार की सुबह शौच कर घर लौट रहे युवक को घात लगाये बैठे दबंगों ने मारकर हाथ तोड़ दिया। पीड़ित थाने में पहुंच तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

गौरतलब हो कि विकास कुमार पुत्र विजय कुमार गांव के ही ठेकेदार पिंटू के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की शाम लगभग छः बजे पिंटू के घर पहुंच अपनी मजदूरी का सोलह हजार रुपया मांगने लगा तो दोनो में कहासुनी होने लगी जिसके बाद पिंटू ने गाली गलौज देते हुए विकास को अपने घर से भगा दिया। अगली सुबह जब विकास शौच कर घर वापस लौट रहा था तभी पहले से ही घात लगाये बैठे पिंटू ने अपने साथियों के साथ लाठी डंडों से मार पीट कर घायल कर दिया। मारपीट में विकास के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। घटना की सूचना होते ही घायलावस्था में युवक को सामुदायिक केन्द्र लाया गया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अक्खनसराय गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वांरटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के उक्त गांव निवासी अरबिंद प्रजापति पुत्र वंशराज न्यायालय में चल रहे मारपीट व दहेज अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहा था। बुधवार की सुबह एसआई विजय सिंह गौड़, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, सियाराम ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

# लापरवाही बरतने पर डीएम ने एडीओ एजी का रोका वेतन, स्पष्टीकरण का निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में कृषि एवं संबंधित विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने पीएम किसान योजनान्तर्गत ई-केवाईसी एवं भू-लेख सत्यापन में लापरवाही

बैठक

### विकास भवन सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

बरतने पर मुफ्तीगंज, सुइथाकला, मुंगराबादशाहपुर, केराकत, सुजानगंज, रामपुर के एडीओ एजी का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए और उत्कृष्ट कार्य करने पर महराजगंज और खुटहन के एडीओ एजी को प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सोलर पम्प लगाए जाने में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भूमि सरंक्षण अधिकारी द्वय मीटिंग में बिना सूचना दिए अनुपस्थिति थे, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को कृषि के क्षेत्र में नवाचार कार्य करने की निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में मिलेट्स के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाये। जितने लोग पीएम किसान का लाभ ले रहे है उनका केसीसी बनाया जाए। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि भू-लेख के पेंडेंसी न रहे। एलडीएम को निर्देश दिया कि केसीसी के शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें। जनपद के 30 कोआपरेटिव समितियों का कायाकल्प करने के निर्देश दिये। नलकूप विभाग की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सभी नलकूप संचालित है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी नलकूप खराब न हो। सिचाई का समय है किसानों को कोई समस्या न हो। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गो-आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाये, गौवंशो को सरंक्षित करें, कैटल कैचर की संख्या बढ़ाये। गोवंश बाहर न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक में एक गाँव को मॉडल गाँव के रूप में विकसित किया जाए जहाँ पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो और योजनाएं संचालित हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, उप परियोजना निदेशक कृषि प्रसार डा. रमेश चंद्र यादव सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाषण में शरीयत, पेंटिंग में दिव्या फैशन शो में अदिति प्रथम



प्रतियोगिता में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार और बुधवार को जी-20 के परिपेक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत निबंध-लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं फैशन शो का आयोजन हुआ।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शरियत फात्मा, द्वितीय स्थान उद्देश्य सिंह तथा दिव्या भदोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्या सोनकर प्रथम, अमृता गुप्ता द्वितीय तथा अफसाना खातून तृतीय स्थान पर रहीं। फैशन शो में अदिती ने प्रथम, महक ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. अवध बिहारी सिंह और डा. चंदन सिंह, पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव और प्रोफेसर वंदना रॉय एवं फैशन शो प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रेखा पाल, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, विनीता सिंह और प्रोफेसर वंदना रॉय रहीं। इस अवसर पर जी-20 की नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि जी-20 के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। आज के युवा जो इससे जुड़ाव नहीं रखते हैं वह आज जी-20 मंच के माध्यम से बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का संचालन हिदायत फात्मा और धन्यवाद ज्ञापन डा. मनोज पांडे ने किया। इस मौके पर जी-20 अम्बेसडर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मनोज पांडे और छात्र अम्बेसडर विनीत तिवारी, रिंशु सिंह, आँचल सिंह, संस्कार श्रीवास्तव, किशन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर्स की मासिक बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति में विलंब पर आक्रोश

जनसंदेश न्यूज



पेंशनर्स की मासिक बैठक को सम्बोधित करते राकेश श्रीवास्तव

**जौनपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सभाध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा कार्ड के डाउनलोड होने में आ रही कठिनाई के संदर्भ में नोडल संस्था सांची लखनऊ से प्राप्त पत्र को पढ़कर स्थिति स्पष्ट की गई। संस्था ने अवगत कराया है कि मरम्मत कार्य की वजह से कार्ड डाउनलोड होने में जो कठिनाई आ रही है वह एक सप्ताह में दूर हो जाएगी। इसके साथ ही उपस्थित सदस्यों से अपने-अपने निकट रहने वाले पेंशनर साथियों को संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई जिससे सदस्यों की संख्या में वृद्धि हो साथ ही शासन से मिलने वाली सुविधाओं की उनको जानकारी हो सके। बैठक में कैशलेश चिकित्सा संबंधी जनपद के निजी अस्पतालों की जानकारी कंचन सिंह ने सभी साथियों को दिया। बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयों के निस्तारण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर पर विलंब की स्थिति पर खेद व्यक्त किया गया। साथ ही इसमें सुधार की मांग की गयी।

बैठक को मुख्य रूप से राकेश कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, पारसनाथ यादव, डीके सिंह, केके त्रिपाठी, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, धनंजय यादव, श्याम बिहारी सिंह, ओंकार मिश्रा, रामाश्रय रजक, विक्रमाजीत यादव, रमाशंकर निषाद, विद्या प्रकाश सिंह, लालमणि चौबे, यदुनाथ यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की घोषणा की गई। बैठक का संचालन राजबली यादव जिला मंत्री ने किया।

## सीएचसी अधीक्षक ने मांगा स्पष्टीकरण

**सुइथाकला।** स्थानीय सीएचसी पर बीसीपीएम द्वारा आशा कार्यकत्रियों से हुई अवैध वसूली के मामले में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा स्पष्टीकरण माँगा गया है। कहा गया है कि यदि दो दिनों के भीतर उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि डाटा फीडिंग हेतु आई लगभग169 पीस मोबाईल आशाओं में बंटना था। सोमवार को बीसीपीएम सुरेश कुमार द्वारा वितरण कार्य किया गया जिसमें आशाओं द्वारा बीसीपीएम सुरेश कुमार पर अवैध ढंग से 300 रूपए वसूली का आरोप लगाया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए सीएचसी अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव द्वारा तैनात बीसीपीएम सुरेश कुमार से दो दिन में उचित स्पष्टीकरण माँगा गया है।

कहा गया है कि मामले में आरोपी द्वारा समय पर उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी को भगा ले जाने का लगाया आरोप

**गभिरन।** पत्नी को बहला फुसलाकर कर भगा जाने का आरोप लगाते हुए पति ने बुधवार को खुटहन थाने में अपने साढ़ू के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। मामला गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मसारी गांव का है। आरोपित साढ़ू खुटहन थाना क्षेत्र के गायत्री नगर डिहियां गांव का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धर्मसारी गांव निवासी धर्मेन्द्र धरिकार का आरोप है कि बीते सोमवार को उसका साढ़ू जो कि डिहिया गांव का है, वह उसके घर अक्सर आता-जाता रहता था। रिश्तेदारी होने के चलते वह घर के भीतर भी आने-जाने लगा। धीरे-धीरे वह मेरी पत्नी को वरगलाने लगा। बीते सोमवार को वह घर पर नहीं था। उसी समय घर पहुंचे साढ़ू राजेश धरिकार ने उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ कहीं भगा ले गया। शाम को जब वापस अपने घर आया तो दोनों बच्चों ने बताया कि वह मौसा के साथ कहीं गयी है। देर रात तक दोनों वापस नहीं लौटे तो दूसरे दिन गौराबादशाहपुर थाने में तहरीर दी गई। वहां से तत्काल कोई कार्रवाई न होने पर पत्नी की बरामदगी के लिए खुटहन थाने में भी तहरीर दिया है।

### बाइक से गिरकर दो घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धिपुर जमुहाई मार्ग स्थित पतहना मोड़ के पास नशे में धुत दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गए। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर परिजन पहुंचे और उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जानकारी के अनुसार खेतासराय के सोंगर गांव निवासी सतीराम 35 वर्ष, धर्मेंद्र 34 घर से जौनपुर किसी काम से जा रहे थे कि पहतना मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होने पर खाई में गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और परिजनों को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर उनका उपचार किया गया।

## संक्षेप

### छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को भगत सिंह तिराहे से छेड़खानी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि मंगलवार को हमराही पुलिसकर्मियों के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान भगत सिंह तिराहे पर एक युवक आती-जाती छात्राओं पर अश्लील हरकतें कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम साहिल यादव पुत्र नागेंद्र यादव निवासी रायपुर दुर्गा देवी थाना बरसठी बताया। पुलिस आरोपित युवक के विरुद्ध आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद चालान न्यायालय भेज दिया।

### वारण्टी भेजे गए जेल



**सुइथाकला।** बुधवार सुबह को पुलिस द्वारा वीरेन्द्र बनाम हरिराम मामले में दो वारण्टियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र के समसीपुर गांव निवासी कमलेश पुत्र गुरूचरन व गुड्डू पुत्र हरिलाल मुकदमा अपराध संख्या 4447/11 विरेन्द्र बनाम हरिराम मामले के विभिन्न धाराओं के तहत वारण्टी थे जिनको बुधवार सुबह थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द मय हमराही द्वारा भ्रमण के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए उपरोक्त का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान हेड कान्स्टेबल द्वय मुकेश यादव और धर्मेन्द्र गिरि मौजूद रहे।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बुधवार को सुबह खेताब चढ़ई मोड़ से एक युवक को नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि खेताब चढ़ई मोड़ पर एक युवक जो अपराधी किस्म का है नाजायज गांजे के साथ मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हमराहियों के साथ खेताब चढ़ई मोड़ पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर जमा तलाशी लिया तो उसके पास से 1 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अनीम अहमद पुत्र बब्बन उर्फ कल्लन निवासी हिनौती थाना मड़ियाहूँ बताया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कटहिया पुलिया के समीप सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक गड्ढे में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया। खुटहन थाना क्षेत्र के कपसिया गांव निवासी 30 वर्षीय मनोज यादव पुत्र समारू शाहगंज से बाइक से घर जा रहा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर प्रयागराज मार्ग स्थित कटहिया पुलिया के नीचे चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# पुलिस कप्तान ने सरायख्वाजा थाने का किया निरीक्षण

**करंजाकला।** नवागत पुलिस अधीक्षक ने सरायख्वाजा थाने का निरीक्षण किया और गोकशी टॉप टेन, टॉप 20 नियंत्रण रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले के नवागत कप्तान डॉ. अजय पाल शर्मा ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में रखरखाव, क्राइम रजिस्टर की गहनता से जांच पड़ताल की और गोकशी, माफिया, चोरी, डकैती, टॉप 10, टॉप 20 एवं साफ सफाई पर दिशा निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते एसपी

# वरिष्ठ अधिवक्ता की जूनियर महिला और चपरासी में हुई मारपीट

**मछलीशहर।** स्थानीय तहसील में कार्यरत वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश यादव की जूनियर कविता यादव और नायब तहसीलदार मुंगरा के चपरासी जितेन्द्र

दुस्साहस

### वकीलों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय का किया घेराव



मजिस्ट्रेट की गाड़ी का घेराव करते अधिवक्ता

कुमार के बीच हाथापाई हो गई।

वकील की जूनियर ने अधिवक्ता संघ को जानकारी देते हुए बताया कि नायब तहसीलदार मुंगरा मीना गौड़ के चपरासी जितेन्द्र कुमार ने उनसे आकर कहा कि नायब तहसीलदार तुरंत बुला रही हैं मेरे साथ चलो। जिस पर मैंने तत्काल चलने में असमर्थता जताई। उसने कहा कि वह साथ लेकर ही जायेगा। इसी पर वाद विवाद शुरू हो गया और उसने मेरी पिटाई कर दी। इसके बाद वकील आक्रोशित हो उठे और क्षेत्राधिकारी अतर सिंह से मुलाकात कर दोषी चपरासी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की मांग की। क्षेत्राधिकारी ने मामूली रूप से घायल महिला को कोतवाली भेजा जहां से महिला कॉन्स्टेबल उन्हें अस्पताल चिकित्सकीय परीक्षण हेतु ले गई। जबकि आरोपित चपरासी मौके से फरार हो गया है। जिसके बाद अधिवक्ता बेहद आक्रोशित हो गए और क्षेत्राधिकारी कार्यालय का घेराव कर दिया। क्षेत्राधिकारी के तत्काल कार्यवाही कराने पर आक्रोशित अधिवक्ता शांत हुए। प्रमुख अधिवक्ताओं में अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, जगदंबा प्रसाद मिश्र, प्रेमचंद विश्वकर्मा, लालजी यादव, कैलाश यादव आदि लोग थे। यह भी बताया गया कि महिला वकील का रजिस्ट्रेशन अभी स्थानीय अधिवक्ता संघ में नहीं हुआ है। कोतवाल ने बताया चपरासी के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# स्पोर्ट्स

### लगातार काउंटी खेलने से इंग्लैंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली सफलता : एरोन फिंच

**मेलबर्न।** क्रिकेट को अलविदा कह चुके ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान एरोन फिंच का मानना है कि लगातार काउंटी और घरेलू क्रिकेट खेलने से इंग्लैंड को हाल ही में इतनी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कार्यभार से खिलाड़ियों को एक प्रारूप से दूसरे प्रारूप में आसानी से ढलने में मदद मिलती है। इंग्लैंड ने हाल ही में टी20 और वनडे विश्व कप जीता और दस में से नौ टेस्ट अपने नाम किए। फिंच ने कहा कि इंग्लैंड के युवा क्रिकेटर अपने शुरूआती दिनों में ही इतना क्रिकेट खेल लेते हैं कि उन्हें अलग अलग प्रारूपों में ढलने में दिक्कत नहीं होती। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, ये युवा खिलाड़ी काफी क्रिकेट खेलते हैं, खासकर अपने शुरूआती समय में। इससे इन्हें अलग अलग प्रारूप में खुद को ढालने में आसानी होती है। फिंच ने कहा, क्लब क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक वे काफी मैच खेलते हैं। इतना ज्यादा क्रिकेट खेलने के कारण तैयारी का तरीका भी अलग होता है।



# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला आज, टेस्ट कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की होगी बड़ी परीक्षा

## पारंपरिक प्रारूप की प्रतिद्वंद्विता में आस्ट्रेलिया के लिये भारत के पास स्पिन का ब्रहमास्त्र

**नागपुर।** सीमित ओवरों में अपने फन का लोहा मनवा चुके रोहित शर्मा टेस्ट कप्तान के रूप में अपने कैरियर की सबसे बड़ी परीक्षा से गुजरेंगे जब गुरुवार से भारतीय टीम का सामना बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया से होगा जो यहां बदला चुकता करने के इरादे से आई है लेकिन सामना भारतीय फिरकी के ब्रहमास्त्र से होगा। क्रिकेट के मैदान पर किवदंती बन चुकी इस श्रृंखला में कई कैरियर बनेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी होंगे। इसमें नाकाम रहने पर कइयों के कैरियर पर विराम भी लग सकता है। क्रिकेट के मैदान की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में शुमार इस श्रृंखला पर क्रिकेटप्रेमियों,



आलोचकों और मीडिया की पैनी नजरें रहेंगी। क्या रोहित शर्मा आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को पूल शॉट खेलने की अपनी ललक पर काबू रख सकेंगे। एश्टोन एगर या नाथन लियोन के सामने विराट कोहली कैसे शॉट खेलेंगे। क्या सूर्यकुमार यादव को कोच राहुल द्रविड़ शुभमन गिल पर तरजीह देंगे। अक्षर पटेल ज्यादा उपयोगी साबित होंगे या कुलदीप यादव। इन सभी सवालों के जवाब इस श्रृंखला में मिलेंगे। अपनी सरजमीं पर पिछली दोनों बार (2018 . 19 और 2020 . 21) में श्रृंखला गंवाने का दर्द कमिंस और उनकी टीम को है और वे इस बार बदला लेने के इरादे से ही आये हैं। वैसे यह उनके लिये इतना आसान भी नहीं होगा क्योंकि पिच पहले ही दिन से टर्न ले सकती है । भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2001 के बाद से हुई श्रृंखलाओं में एशेज की तुलना में बेहतर क्रिकेट देखने को मिला है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की इस जमात को मैथ्यू हेडन, जस्टिन लैंगर, ग्लेन मैकग्रा या एडम गिलक्रिस्ट जैसे 2004 की टीम के खिलाड़ियों की बराबरी करनी है तो यह श्रृंखला जीतनी होगी। स्टीव स्मिथ ने खुद कहा है कि भारत में श्रृंखला जीतना एशेज से भी बड़ा है । रोहित चोट या बीमारी के कारण बड़ी टीमों के खिलाफ सभी टेस्ट चूकते आये हैं । चाहे 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला हो या इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट। अब उनके सामने चुनौती विराट कोहली की तरह भारत को एक बार फिर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ले जाने की है। इसके लिये भारत को जीत में दो मैचों का अंतर रखना होगा। रोहित के ब्रहमास्त्र उनकी स्पिन चौकड़ी है जिनमें से तीन का खेलना तय है।

इसी तरह उनके बल्लेबाजों को भी लियोन को संभलकर खेलना होगा। कोई नहीं जानता कि बीसीसीआई ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत की नाकामी के बाद रोहित को टी20 कप्तानी से हटाया तो उन्हें कैसा लगा होगा। वह सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहते लेकिन दुखी जरूर होंगे। अब उनके पास खुद को महान कप्तानों की सूची में शामिल कराने के लिए यह श्रृंखला एक जरिया है। उन्हें ऋषभ पंत की कमी जरूर खलेगी और देखना होगा कि वह इसकी भरपाई कैसे करते हैं। कोना भरत बतौर विकेटकीपर प्रभावी है लेकिन रणजी स्तर पर तिहरे शतक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के सामने उनकी क्षमता को लेकर कुछ कह पाना मुश्किल है। कोटला पर रणजी मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने उन्हें काफी परेशान किया। ईशान किशन बेहतर बल्लेबाज जरूर है लेकिन विकेटकीपिंग को लेकर टीम प्रबंधन कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा क्योंकि उन्होंने टेस्ट में यह जिम्मा संभाला भी नहीं है। केएल राहुल को बाहर किया जा सकता है लेकिन टेस्ट से दो दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में उन्हें भेजने का मतलब है कि खराब प्रदर्शन के बावजूद उनकी जगह सुरक्षित है। इसके मायने हैं कि गिल या सूर्यकुमार जैसे मैच विनर में से एक को बाहर बैठना होगा । रोहित के लिये सबसे बड़ा फैसला अक्षर या कुलदीप में से एक को चुनना होगा और अक्षर की संभावना अधिक लग रही है। भारत अगर चार स्पिनरों को लेकर उतरता है तो रविचंद्रन अश्विन को नयी गेंद सौंपी जा सकती है । वैसे सूखी लग रही पिच पर तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग भी मिल सकती है तो ऐसे में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज उपयोगी साबित होंगे। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया निचले क्रम पर बल्लेबाजी के बेहतर रिकॉर्ड के कारण लियोन के जोड़ीदार के तौर पर एगर को उतार सकता है । कमिंस के साथ स्कॉट बोलैंड नयी गेंद संभालेंगे। आस्ट्रेलिया के पास चार खब्बू बल्लेबाज हैं जिनमें डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और एलेक्स कारी का खेलना तय है।

### भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल ने रणजी ट्रॉफी में दमदार शतक जड़कर ठोका वापसी का दावा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल इस वक्त रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक टीम की तरफ से खेल रहे है। वह कर्नाटक टीम की कमान संभाल रहे है। उन्होंने टूनार्मेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ दमदार शतक जड़ दिया है बता दें कि मयंक ने 215 गेंदों में शतक जड़ा और अपनी टीम को शतक के दम पर एक मजबूती दी। इस शतक के बाद उन्होंने टीम इंडिया में वापसी का दावा ठोक दिया है। दरअसल, रणजी ट्रॉफी 2022-23 के तहत बैंगलुरू में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक और सौराष्ट टीम आमने सामने रही। कर्नाटक टीम ने 86 ओवर के खेल खत्म होने तक पहले दिन 5 विकेट के नुकसान पर 224 बनाए। टीम के कप्तामन मयंक अग्रवाल ने 110 रनों की पारी खेली। मयंक ने 12 गेंदों में 50 रन पूरे किए है। बता दें कि इस शतक को ठोककर उन्होंने टीम इंडिया में वापसी का दावा ठोक दिया है। मयंक ने भारतीय टीम की तरफ से अपना आखिरी इंटरनेशनल टेस्ट मार्च 12 2022 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने 22 रन बनाए थे। उन्होंने कुल 21 टेस्ट खेलते हुए 1488 रन बनाए है।



# सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बरकरार, शुभमन गिल ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

### बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आठ पायदान चढकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग पर हैं

**दुबई।** भारत के सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि शुभमन गिल करियर की सर्वश्रेष्ठ 30वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। सूर्य 906 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले गिल करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर हैं। खेल के तीनों प्रारूपों में शतक जमा चुके गिल वनडे में छठे और टेस्ट में 62वें स्थान पर हैं।

विराट कोहली एक पायदान गिरकर 15वें स्थान पर है जबकि केएल राहुल दो पायदान नीचे 27वें और कप्तान रोहित शर्मा 29वें स्थान पर हैं । ईशान किशन तीन पायदान नीचे खिसककर 48वें स्थान पर हैं । टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में कोई भारतीय नहीं है। बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आठ पायदान चढकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग पर हैं। भुवनेश्वर कुमार एक पायदान गिरकर 21वें स्थान पर हैं। रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल क्रमशः 29वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं। हरफनमौला हार्दिक पाड्या बल्लेबाजों में 50वें और गेंदबाजों में 66वें से 46वें स्थान पर आ गए। हरफनमौलाओं में वह बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं।



### रमीज राजा ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को दी कड़ी चेतावनी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एक कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के लिए एक कड़ी परीक्षा होगी, जिसमें उनकी रणनीति और टीम चयन सीरीज में निर्णायक कारक साबित होंगे। भारत नौ फरवरी से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा और राजा का मानना है कि मेहमान टीम को मात देने और बहुप्रतीक्षित सीरीज जीतने के लिए मेजबान भारत को खेलने की परिस्थितियों के बारे में पूर्ण स्पष्टता की आवश्यकता होगी। बतौर पीसीबी अध्यक्ष हटाए जाने के बाद अब रमीज राजा अपने यूट्यूब चैनल पर लौट चुके हैं। उन्होंने कहा- रोहित शर्मा की कप्तानी की परीक्षा होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। पहले टेस्ट में एक भी सत्र ऐसा नहीं होगा जहां ऑस्ट्रेलिया कड़ी टक्कर नहीं देगा। कोई सपाट सत्र नहीं होगा। रणनीति को पूर्ण प्रमाण की आवश्यकता है और इसलिए चयन भी सटीक होना चाहिए। उन परिस्थितियों पर भी स्पष्टता की आवश्यकता है जहां वे ऑस्ट्रेलिया पर जीत हासिल करना चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम की प्लेइंग इलेवन काफी समय से चर्चा का विषय रही है। केएल राहुल और शुभमन गिल कप्तान रोहित के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं।



# गिल या सूर्यकुमार किसे मिलेगा मौका? रोहित शर्मा ने कहा

## टेस्ट में भी पिच के आधार पर होगा चयन

**नागपुर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्रम की प्राथमिकताओं का खुलासा नहीं करते हुए कहा कि वे इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला में 'पिच के आधार पर खिलाड़ियों के चयन' का रवैया अपनाएंगे। रोहित से विशेष तौर पर यह पूछा गया था कि सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल के बीच उनकी पसंद कौन है क्योंकि पर्याप्त संकेत मिले हैं कि टीम प्रबंधन खराब फॉर्म से जूझ रहे उप कप्तान लोकेश राहुल को टीम से बाहर नहीं करेगा। रोहित ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, कल सुबह नौ बजे टॉस के समय। शुभमन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि सूर्यकुमार यादव में नाथन लियोन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की लय बिगाड़ने की क्षमता है और भारतीय कप्तान ने स्पष्ट किया है



कि अंतिम एकादश का चयन करते हुए खिलाड़ी की फॉर्म जितनी महत्वपूर्ण होगी विशिष्ट पिच पर उसके कौशल पर भी उतना ही ध्यान दिया जाएगा।

रोहित ने कहा, यह कड़ा फैसला होगा। हमें पता है कि काफी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं, यह टीम के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा, चयन एक मुद्दा है और यह दशार्ता है कि काफी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह टीम के नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है, हमें बस प्रत्येक पिच को देखना होगा और सर्वश्रेष्ठ एकादश का चयन करना होगा। हम अतीत में भी ऐसा करते आए हैं और भविष्य में भी ऐसा ही करेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा,खिलाड़ियों के लिए संदेश साफ है। हम पिच के आधार पर खिलाड़ियों को खिलाने को तैयार हैं। जो भी पिच हो, जिसकी भी हमें जरूरत हो, हम उसे टीम में शामिल करेंगे। यह सामान्य सी बात है।

यह पूछने पर कि जामथा की पिच को देखते हुए सूर्यकुमार और शुभमन में कौन बेहतर है तो रोहित ने कहा, वे हमें अलग अलग विकल्प देते हैं। गिल पिछले तीन से चार महीने से काफी अच्छी फॉर्म में है। काफी बड़े शतक भी बनाए। सूर्यकुमार ने टी20 में दिखाया है कि वह क्या करने में सक्षम है और टेस्ट क्रिकेट में भी वह कैसा खेल दिखा सकता है। उन्होंने कहा, दोनों हमारे लिए स्तरीय विकल्प हैं और हमने अब तक फैसला नहीं किया है कि खेल के सभी पहलुओं को देखते हुए दोनों में से कौन हमारे लिए खेलेगा। रोहित ने यह भी खुलासा नहीं किया कि वह इशान किशन पर केएस भरत को प्राथमिकता देंगे या नहीं। उन्होंने कहा, आपको साहसिक फैसला करना होगा। ऋषभ ने जिस तरह बल्लेबाजी की उससे वह हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो मध्यक्रम में काम कर सकते हैं। आपको जरूरत होगी कि पारंपरिक क्रिकेट भी खेला जाए, हमारा शीर्ष क्रम मजबूत है और सभी खिलाड़ी रन बना रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि कल जब हम मैच शुरू करेंगे तो इन चीजों को फिर हासिल कर पाएंगे। अपनी राष्ट्रीय टीम के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मशहूर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का एक समूह पहले ही आरोप लगा चुका है कि एक भी गेंद फेंके जाने से पहले ही जामथा की पिच में बदलाव किया गया है। रोहित ने कहा, हमारा ध्यान खेलने पर है, पिछली श्रृंखला जब हम यहां खेले थे तो पिचों को लेकर काफी कुछ बोला गया था और सभी 22 स्तरीय खिलाड़ी है और इससे फर्क नहीं पड़ता की गेंद कितनी टर्न या सीम कर रही है। इस तरह का सुझाव दिया जा रहा है कि रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को भी खिलाया जाना चाहिए। रोहित ने इन चारों की तारीफ की लेकिन खुलासा नहीं किया कि कौन खेलेगा, उन्होंने कहा, चारों स्तरीय गेंदबाज हैं और जडेजा तथा अश्विन ने काफी क्रिकेट एक साथ खेला है। मुझे लगता है कि अक्षर और कुलदीप को जब भी मौका मिला तो उन्होंने बल्लेबाजों को दबाव में डाला।

### उस्मान ख्वाजा ने 'होमवर्कगेट' मामले को किया याद कहा- कोच मिकी आर्थर की प्राथमिकताएं गलत थीं

**नागपुर।** भारत में 2013 की श्रृंखला के दौरान चर्चित 'होमवर्कगेट' मामले के शिकार हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने उस समय के टीम प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसकी प्राथमिकता गलत थी और श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन की बजाय सिर्फ कागजों पर रणनीति तैयार करने पर जोर था। चेन्नई और हैदराबाद में भारत से मिली भारी हार के बाद मोहाली टेस्ट में ख्वाजा पदार्पण की तैयारी में थे लेकिन तत्कालीन कप्तान माइकल क्लार्क, कोच मिकी आर्थर और टीम मैनेजर गेविन डोवे से मुलाकात के लिये उन्हें समन किया गया। पाकिस्तान में जन्मे क्रिकेटर ख्वाजा के अलावा जेम्स पेटिंसन, मिशेल जॉनसन और शेन वॉटसन को भी कोच द्वारा दिया गया 'होमवर्क' नहीं करने पर एक मैच के लिये निलंबित कर दिया गया था। इन खिलाड़ियों को टीम के प्रदर्शन में सुधार के लिये पूछे गए सवालों के लिखित जवाब देने के लिये कहा गया था। ख्वाजा ने नागपुर में पहले टेस्ट से पूर्व उस मामले को याद करते हुए कहा, उस समय प्राथमिकतायें ही गलत थी। हम मैदान पर अच्छे प्रदर्शन की बजाय कागजों पर सब कुछ सही करना चाहते थे। टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके ख्वाजा उस मामले से इतने दुखी हो गए थे कि आस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे। उन्होंने 'सिडनी मार्निंग हेराल्ड' से कहा, मिकी के साथ सारा कोचिंग और सहयोगी स्टाफ दूसरी बातों पर ध्यान केंद्रित कर रहा था लेकिन हमारी हार का वही कारण नहीं था। उन्होंने कहा कि उस समय भारतीय टीम अधिक काबिल थी और यही वजह है कि आस्ट्रेलिया चारों टेस्ट हार गया था ।



# पुजारा-कोहली के सामने लियोन की चुनौती, वॉर्नर-स्मिथ के लिए खतरा बन सकते हैं अश्विन, देखें आंकड़े

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत गुरुवार से होने जा रही है। इस सीरीज में दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है। इनमें नाथन लियोन बनाम भारतीय बल्लेबाज और रविचंद्रन अश्विन बनाम ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मुख्य है। लियोन की टक्कर मुख्यतौर पर भारत के दो बल्लेबाजों से होगी। इनमें विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा शामिल हैं। भारत में स्पिनर की भूमिका अहम होगी। ऐसे में लियोन ऑस्ट्रेलिया के एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। वह काफी अनुभवी हैं और कोहली-पुजारा को कई बार परेशान कर चुके हैं। लियोन का भारत में प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। वह अब तक यहां सात टेस्ट में 30.58 की औसत से 34 विकेट ले चुके हैं। 2012-13 में भारत के पहले दौरे के बाद से उनकी औसत में काफी सुधार आया है। 2021-13 में तीन टेस्ट में उनकी गेंदबाजी औसत 37.33 थी, जो कि 2016-17 में 25.26 हो गई। इसके अलावा इकोनॉमी रेट भी 4.4 (2012-13) से 2.88 पहुंच गया।

साथ ही वह अपनी ऑफ स्पिन से पुजारा और कोहली को भी परेशान करने में कामयाब रहे हैं। लियोन ने पुजारा को भारत में टेस्ट में पांच बार आउट किया है। इस दौरान उनका प्रति विकेट औसत 35.2 का रहा है। वहीं, कोहली के खिलाफ यह आंकड़े और भी बेहतर हैं। कोहली को लियोन ने चार बार आउट किया है, इस दौरान प्रति विकेट औसत 23.25 का रहा है। यानी औसतन 23.25 रन पर लियोन भारत में कोहली को आउट करते हैं। इतना ही लियोन एशिया के बाहर के स्पिनरों में एशिया में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। लियोन के नाम एशिया में 24 मैचों में 118 विकेट हैं। इस मामले में उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर शेन वॉर्न हैं। वॉर्न के नाम 127 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा जब जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क चोटिल हो गए। हालांकि, कप्तान पैट कमिंस की मौजूदगी से ऑस्ट्रेलिया को जरूर राहत मिली होगी। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया में तो पुजारा को काफी परेशान किया है और 16.85 की औसत से सात बार पवेलियन भेजा है। वहीं, हेजलवुड ने पांच बार पुजारा को आउट किया है। हालांकि, भारत में कमिंस और हेजलवुड मिलकर भी पुजारा को सिर्फ एक बार आउट कर पाए हैं। इस दौरान दोनों ने 152 रन लुटाए हैं। ऐसे में पुजारा इस बार भी कमिंस पर भारी पड़ सकते हैं। वहीं, कोहली की कहानी कुछ दूसरी है। उनका प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ज्यादा बेहतर है। पिछली बार 2017 में जब ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत दौरे पर आई थी तो कोहली ने पांच पारियों में 9.20 की औसत से 46 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने रविचंद्रन अश्विन को काउंटर करने के लिए 21 साल के बड़ौदा के स्पिनर महेश पिथिया को नेट्स में गेंदबाजी के लिए बुलाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिथिया का बॉलिंग एक्शन अश्विन जैसा है। पिथिया ज्यादातर स्टीव स्मिथ को बैटिंग प्रैक्टिस करा रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम अश्विन का सामना करने से डरी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में अश्विन ने 23.16 की औसत से 50 विकेट लिए हैं। हालांकि, कंगारू टीम के पास एक बल्लेबाज है जो अश्विन को काउंटर कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया को अगर भारत के खिलाफ जीतना है तो स्टीव स्मिथ को रन बनाने होंगे। भारतीय स्पिनर्स के खिलाफ स्मिथ का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। अश्विन के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी औसत 68.66 है। भारत में स्मिथ अश्विन के खिलाफ 57 के औसत से रन बनाते हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा के खिलाफ स्मिथ 45.25 की औसत से रन बनाते हैं।



### गडब्ल्यूटीसी 2023 : 'द ओवल' में खेला जाएगा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल, आईसीसी ने की घोषणा

**दुबई।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल लंदन के ओवल मैदान पर सात से 11 जून के बीच खेला जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। आईसीसी ने बताया कि 12 जून को फाइनल के लिये अतिरिक्त दिन रखा गया है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 75.56 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि भारत 58.93 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों को गुरुवार से शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट शृंखला में आमना-सामना होगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने की संभावना पिछले दो वर्षों में हमारे लिये प्रेरणादायक रही है। खासकर इसलिए क्योंकि पिछली बार हम ओवर रेट से चूक गए थे। उन्होंने कहा, द ओवल जैसे मैदान पर आयोजन फाइनल मैच में पहुंचने वाली दोनों टीमों के लिये एक बड़ी उपलब्धि होगी। दोनों टीमों के लिए यह चुनौती होगी और कुछ समय से हमारा लक्ष्य फाइनल तक पहुंचना रहा है। हमें विश्वास है। वास्तव में 12 महीनों के बाद हम भारत में सीरीज जीत कर फाइनल में स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। फाइनल मैच में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और स्टाफ के लिये एक बड़ा इनाम होगा। पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने वाले भारत के पास एक बार फिर खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का मौका है। भारत अगर आगामी टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हरा देता है तो वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बना लेगा। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में टीम इंडिया की अगुवाई में खेल के मैदान पर उतरना विशेष होगा। हम इस टेस्ट सीरीज के लिए एक टीम के रूप में विकसित हुए हैं। हम जानते हैं कि जून में ओवल में खिताब जीतने का मौका पाने के लिये हमें पहले ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से पार पाना होगा।



# आदित्य ठाकरे के काफिले पर पथराव, शिव संवाद यात्रा के दौरान औरंगाबाद में हुआ हंगामा

## रास्ता रोकने की भी कोशिश की और नारेबाजी भी की, उद्धव ठाकरे बोले–विधायकों की अयोग्यता पर पहले फैसला आना चाहिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे के काफिले पर पथराव के आरोप लगे हैं। आदित्य ठाकरे शिव संवाद यात्रा के दौरान वैजापुर के महलगांव में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी जनसभा के दौरान हंगामा हुआ और जब आदित्य ठाकरे कार्यक्रम से जा रहे थे तो उनके काफिले पर पथराव भी हुआ। कुछ लोगों ने आदित्य ठाकरे की गाड़ी के सामने आकर रास्ता रोकने की भी कोशिश की और नारेबाजी भी की।




विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने बताया कि जनसभा के दौरान भी पत्थर फेंके गए। जब आदित्य ठाकरे जनसभा को संबोधित कर जा रहे थे, तब भी उनके काफिले पर कुछ पत्थर फेंके गए। लोगों की भीड़ स्थानीय विधायक रमेश बोरनारे के समर्थन में नारेबाजी कर रही थी। दानवे ने कहा कि यह दो गुटों के बीच झड़प कराने की असामाजिक तत्वों की कोशिश थी। अंबादास दानवे ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के डीजीपी को पत्र लिखकर आदित्य ठाकरे की सुरक्षा में हुई चूक की जानकारी दी है। दानवे ने मामले को गंभीर बताते हुए डीजीपी से औरंगाबाद की घटना की जांच कराने और जरूरी कदम उठाने की मांग की है। हालांकि पुलिस का कहना है कि कोई पथराव नहीं हुआ और सिर्फ नारेबाजी की घटना हुई। बताया जा रहा है कि मंगलवार को रमा माता की जयंती थी। इसके तहत महलगांव में एक रैली निकाली गई थी, जिसमें डीजे बज रहा था। जहां से रैली निकाली जा रही थी, वहां आदित्य ठाकरे की सभा का आयोजन हो रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने आदित्य ठाकरे की सभा के बाहर पुलिस प्रशासन और आदित्य ठाकरे के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने आदित्य ठाकरे के काफिले को रोकने की कोशिश की और इसी दौरान आरोप लगा कि काफिले पर पथराव भी किया गया। चुनाव आयोग के निर्णय से पहले विधायकों की अयोग्यता पर न्यायालय का फैसला आना चाहिए। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को ये बयान दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना के बागी विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पहले आना चाहिए और उसके बाद निर्वाचन आयोग को इस पर निर्णय लेना चाहिए कि मूल पार्टी किसकी है।

दरअसल, उद्धव ठाकरे से सवाल किया गया था कि निर्वाचन आयोग ने शिवसेना के नाम और उसके चिह्न ह्यधनुष-बाणह्व पर रोक क्यों लगा दी, जबकि प्रतिद्वंद्वी एकनाथ शिंदे गुट ने अभी तक इसका इस्तेमाल नहीं किया है। इसी का जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया।

### हिमाचल प्रदेश: भारी हिमपात के बीच दारचा छीका में सर्च ऑपरेशन स्थगित

**केलांग।** हिमाचल के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के शिंकुला दर्रे के समीप दारचा मुहाल के छीका गांव से आगे सीमा सड़क संगठन द्वारा सड़क मार्ग को बहाल करने में पांच फरवरी को जुटे तीन कामगार ग्लेशियर में दब गए जिनमें से दो की मौत हो गयी। मृतकों के दो शवों को बरामद कर लिया गया था लेकिन घटना स्थल पर एक कामगार के लापता होने पर चौथे दिन तलाशी अभियान के दौरान भी ढूंढने में सफलता हाथ नहीं लगी। लाहौल स्पीति जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि शिंकुला दर्रे में भारी बर्फबारी शुरू होने, विषम परिस्थितियों के कारण तापमान में भारी गिरावट की वजह से सर्च टीम ने लापता कामगार पासंग छेरिंग लामा के लिए सर्च ऑपरेशन दोपहर बाद रोक दिया है, टीम वापिस केलांग अब सुरक्षित लौट आई है। मौसम साफ होने पर आगामी कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। सहायक आयुक्त रोहित शर्मा ने बताया कि दूसरे प्रवासी नेपाली मूल के कामगार के आश्रितों को भी 25 हजार की राहत राशि प्रदान की गई है।

# नोरा फतेही ने दुबई में सेलिब्रेट किया 31वां जन्मदिन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपना 31वां जन्मदिन दुबई में सेलिब्रेट किया। नोरा फतेही ने अपना जन्मदिन दुबई में अपने दोस्तों के साथ मनाया। नोरा ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह अपनी गर्ल गैंग के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो में नोरा कलरफुल फ्लॉवर प्रिंट स्कर्ट और टॉप पहने हुए यॉट पर बेली डांस कर रही हैं। वहीं उनकी गर्ल गैंग उन्हें चीयर कर रही है। नोरा फतेही ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, ह्लमैं अंटेशन पाना चाहती थी, लेकिन अंटेशन ने मुझे पा लिया।नोरा के इस वीडियो पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक उन्हें बर्थडे विश कर रहे हैं। नोरा फतेही इस वीडियो में दुबई के समुद्र के बीच यॉट में नजर आ रही हैं. साथ में उनकी दोस्त भी हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा है, 'मैं अटेंशन देने की कोशिश कर रही थी लेकिन अटेंशन मेरी तरफ ही होगी.' इस तरह वह दोस्तों के साथ मस्ती करते-करते खुद ही फोकस में आ गईं। इस वीडियो में वह झूमकर डांस कर रही हैं और अपने जन्मदिन का लुत्फ हसीन नजारों के बीच उठा रही हैं।

## खास खबर

### पंजाब की सीमा के पास बीएसएफ ने एक ड्रोन पर चलाई गोलियां, पाकिस्तान में गिरा

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान से भारत की ओर आ रहे एक ड्रोन को मार गिराया। बल के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ड्रोन अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तानी क्षेत्र में जा गिरा। प्रवक्ता ने बताया कि घटना पंजाब के अमृतसर सेक्टर में सीमा चौकी बाबापीर के पास सात–आठ फरवरी की दरम्यानी रात हुई। बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन पर गोलियां चलाईं और ड्रोन रोधी सभी उपाय अपनाए। प्रवक्ता ने बताया कि बल की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान वापस जा रहा ड्रोन अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तानी क्षेत्र में जा गिरा।

### झारखंड: मनी लॉन्ड्रिंग मामला, ईडी के सामने पेश हुए कांग्रेस के बर्खास्त विधायक नमन बिक्सल

कांग्रेस के बर्खास्त विधायक नमन बिक्सल कोंगारी बुधवार को ईडी के सामने पेश हुए। नमन बिक्सल सुबह करीब 11 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे। नमन बिक्सल को बीती 17 जनवरी को ईडी के सामने पेश होना था लेकिन उन्होंने दो हफ्ते का समय मांगा। विधायक ने कहा कि ईडी ने कुछ दस्तावेज मांगे हैं, जिनमें बैंक डिटेल्स भी शामिल हैं। बिक्सल ने कहा कि वह ईडी की जांच में पूरा सहयोग करेंगे। इससे पहले इरफान अंसारी और राजेश कच्छप से भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। दोनों नेताओं से जब्त किए गए 49 लाख रुपए को लेकर सवाल किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कच्छप और अंसारी ने ईडी को बताया कि जब्त की गई रकम से आदिवासी महिलाओं को बांटने के लिए साड़ियां खरीदी जानी थीं। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है। इससे पहले झारखंड के बर्खास्त कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप से मंगलवार को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 10 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की।

# लोकसभा में किया बीजेपी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल अब महुआ मोइत्रा बोलीं- मैं सेब को सेब कहूंगी, संतरा नहीं

## लोकसभा में बीजेपी सांसदों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था



**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को लोकसभा में बीजेपी सांसदों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। जिसको लेकर बीजेपी सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई थी और उनसे माफी की मांग की थी, लेकिन मोइत्रा अभी भी अपने बयान पर कायम हैं। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का कहना है कि मैंने जो भी कहा सदन में ऑन रिकॉर्ड नहीं कहा है, हमें बीजेपी अब सिखाएगी की संसदीय शिष्टाचार क्या है और क्या नहीं। यह बड़ी बात नहीं है बल्कि लोकतंत्र के लिए अडानी का 100 बिलियन डॉलर का स्कैंडल बड़ा मुद्दा है, जिसे उठाया गया है। मैं सेब को सेब कहूंगी, संतरा नहीं। अगर वे मुझे विशेषाधिकार समिति के पास ले जाएंगे, तो मैं अपना पक्ष रखूंगी। संसद में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के असंसदीय भाषा पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, उनका व्यवहार ही ऐसा है। वे जिस पार्टी में हैं उनके लिए यह मुद्दा नहीं है, वे चाहते हैं कि इस पर चर्चा की जाए। उन्हें समाचार में बने रहना है इसके लिए वे लक्ष्मण रेखा को पार कर जाते हैं। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने कहा, सदन में ऐसा नहीं होना चाहिए, जो भी आदरणीय लोग यहां आते हैं उन्हें खुद को कंट्रोल में रखना चाहिए। इतना भी भावुक होने की जरूरत नहीं है, कुछ लोग बहुत ज्यादा भड़क जाते हैं।

### दिल्ली शराब घोटाले में व्यवसायी गौतम मल्होत्रा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब बनाने वाली बड़ी कंपनी ओएसिस ग्रुप के डायरेक्टर गौतम मल्होत्रा को गिरफ्तार किया है। गौतम पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। ईडी ने गौतम को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश कर 14 दिन की रिमांड की मांग की। कोर्ट ने मल्होत्रा की ईडी कस्टडी रिमांड दिनों पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि गौतम मल्होत्रा पूर्व अकाली दल के विधायक दीप मल्होत्रा के बेटे हैं। मल्होत्रा को बुधवार को पकड़ा गया। इस मामले में बुधवार को ये दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले सीबीआई ने हैदराबाद के चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू गोरांटला को गिरफ्तार किया था। बता दें कि छह जनवरी को शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दूसरी चार्जशीट दायर की थी।

ईडी ने ये चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की थी। दूसरी चार्जशीट में ईडी ने 12 आरोपी बनाए थे। इसमें 12 अभियुक्तों के नाम थे, इनमें पांच गिरफ्तार व्यक्ति (विजय नायर, शरथ रेड्डी, बिनॉय बाबू, अभिषेक बोइनपल्ली, अमित अरोड़ा) और सात कंपनियां शामिल हैं।

# गडकरी ने लॉन्च किया स्काई यूटीएम, बोले- राजमार्ग की निगरानी के लिए ड्रोन किए जाएंगे तैनात

## गडकरी ने यहां स्काई यूटीएम लॉन्च के मौके पर निर्माण, इंफ्रा और राजमार्ग क्षेत्र में नयी तकनीकों को लागू करने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सर्वाधिक अत्याधुनिक स्काई यूटीएम को लॉन्च किया है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उनका मंत्रालय जल्द ही वास्तविक समय की निगरानी और राजमार्ग निर्माण में तेजी लाने के लिए तैनात किए जाने वाले ड्रोन स्टार्ट-अप्स से भागीदारी आमंत्रित करेगा और सड़क दुर्घटनाओं पर भी नजर रखेगा। इस अभियान को अंजाम देने के लिए मंत्रालय जल्द ही निविदा जारी की जाएंगी। गडकरी ने यहां स्काई यूटीएम लॉन्च के मौके पर निर्माण, इंफ्रा और राजमार्ग क्षेत्र में नयी तकनीकों को लागू करने पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि यह भारतीय ड्रोन स्टार्ट-अप्स के लिए सॉफ्टवेयर जैसे उद्योग का नेतृत्व करने का समय है। उन्होंने कहा कि स्काई यूटीएम, मानवरहित एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम-स्काई यूटीएम है जो प्रति घंटे 4,000 उड़ानें और प्रतिदिन 96,000 उड़ानें संभालने में सक्षम है। इस सॉफ्टवेयर में यूटीएम टनल सहित कई नये और इनोवेटिव ऑटोमेटेड एयर ट्रैफिक कंट्रोल फीचर्स दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन भविष्य की तकनीक है और यह अपार क्षमता वाला है।

ड्रोन गतिविधियों को बेहद कुशल और लागत प्रभावी बनाते हैं। निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, बुनियादी ढांचा, सर्वेक्षण, रियल एस्टेट और परिवहन से लेकर सभी क्षेत्रों में ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। ड्रोन कंपनियां राजमार्गों और सड़क निर्माण की निगरानी भी करेंगी। अनेक शोध हो रहे हैं, जो निश्चित रूप से इसके उपयोग को बढ़ाने में मदद करेंगे। स्काईएयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित कुमार ने इस अवसर पर एरियल ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की जरूरतों और इसकी उपयोगिता के बारे में कहा, एटी कंट्रोलर्स के साथ बातचीत करने वाले पायलटों को किसी भी परिस्थिति में प्रतिक्रिया करने में कुछ समय लगता है, जिससे पारंपरिक विमानन और ट्रैफिक प्रबंधन में त्रुटि की संभावना बढ़ जाती है। यूटीएम इस संबंध में एक गेम चेंजर है, क्योंकि ड्रोन के साथ डिजिटल रूप से कम्युनिकेशन करने और हवाई क्षेत्र में ट्रैफिक को जोड़ने से कम्युनिकेशन एक सेकंड से भी कम समय में हो जाता है और फुलप्रूफ यानी पूरी तरह से सुरक्षित रहता है। इसके अलावा, स्काई यूटीएम पूरी तरह से डिजिटल अनमैन्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है जो आकाश में उड़ने वाले सभी ड्रोनों के साथ सीधे कम्युनिकेशन करता है।

उन्होंने कहा कि देश का अपनी तरह का पहला और एकमात्र ड्रोन एरियल ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म, स्काई यूटीएम, एक क्लाउड-बेस्ड एरियल ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम है, जो मानवयुक्त एविशन एयरस्पेस के साथ अनमैन्ड एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को जोड़ता है। स्काई यूटीएम को एयरस्पेस में सभी ड्रोन और अन्य एरियल मोबिलिटी ऑपरेटरों को ऑटोनमस नेविगेशन, रिस्क एसेसमेंट, कनेक्टिविटी और ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

# कुपवाड़ा में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की संदिग्ध हालात में मौत

## यूपी के बिजनौर के रहने वाले थे सभी



**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के क्रालपोरा में रहने वाले एक गैर स्थानीय परिवार के पांच सदस्यों की मंगलवार रात को कमरे में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी माजिद अंसारी अपने परिवार के साथ क्रालपोरा में एक किराए के मकान में रह रहा था।

परिवार के सभी पांच सदस्य सुबह बेहोशी की हालत में पाए गए। आस-पड़ोस के लोगों ने उन्हें जब अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्या में मामला दम घुटने का सामने आ रहा है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृतकों की पहचान माजिद अंसारी (35), उसकी पत्नी सोहाना खातून (30), बेटा फैजान अंसारी (4), अबूजर (3) और एक नवजात शिशु के रूप में हुई है।

ब्लॉक मेडिकल अफसर (बीएमओ) क्रालपोरा ने परिवार के सदस्यों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि यह दम घुटने का संभावित मामला हो सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना उनके घर बिजनौर दे दी है।

# पुलिस ने महबूबा को संसद तक मार्च करने से रोका, जम्मू कश्मीर में अतिक्रमण रोधी मामला

## उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिनपर लिखा था डराना–धमकाना बंद करो, स्टॉप बुलडोजिंग

**नई दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती जम्मू कश्मीर में प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण रोधी अभियान के विरोध में बुधवार को यहां राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों पर उतरीं। संसद तक मार्च करने के इरादे से महबूबा बोट क्लब इलाके में पहुंची, जहां उनके दर्जनों समर्थक एकत्र हुए थे। उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिनपर लिखा था, डराना-धमकाना बंद करो, स्टॉप बुलडोजिंग (इमारतें ध्वस्त करना बंद करो)। पीडीपी प्रमुख जम्मू कश्मीर में चलायी जा रही बुलडोजर नीति से विपक्षी दलों को अवगत कराना चाहती थीं। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को हिरासत में ले लिया तथा उन्हें और उनके समर्थकों को जंतर मंतर पर ले गयी। इसके बाद, प्रदर्शनकारी वहां से चले गये। महबूबा ने कहा, हम लोगों, विपक्षों दलों और सत्तारूढ़ भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के सदस्यों को जम्मू कश्मीर के लोगों की परेशानियों के बारे में बताने आए थे। उन्होंने सवाल किया, अगर हम संसद नहीं जा सकते, तो हम कहा जाएं। क्या सरकार चाहती है कि हम अपनी शिकायतें लेकर संयुक्त राष्ट्र जाएं? प्रदर्शन के दौरान महबूबा महबूबा मुफ्ती ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और जम्मू कश्मीर प्रशासन पर आरोप लगाया कि केंद्र शासित प्रदेश में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ कर इसे अफगानिस्तान में तब्दील किया जा रहा है।



उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में कानून का शासन नहीं है। पहले हमें हमारी पहचान से और फिर नौकरियों से वंचित किया गया तथा अब वे हमें घरों एवं दुकानों से वंचित कर रहे हैं। आखिर यह सरकार चाहती क्या है? उन्होंने आरोप लगाया, जम्मू कश्मीर को अफगानिस्तान की तरह बर्बाद किया जा रहा है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, हम अपने दिल की बात कहने के लिए दिल्ली आए थे, लेकिन ऐसा लगता है कि यहां भी आम आदमी की आवाज दबा दी गई। पीडीपी और जम्मू कश्मीर के अन्य राजनीतिक दलों ने अतिक्रमण रोधी अभियान की निंदा की है और प्रशासन से इसे रोकने की अपील की है। उनका दावा है कि इस अभियान से गरीब प्रभावित हो रहे हैं।

# राहुल की टिप्पणियों को हटाकर लोकसभा में लोकतंत्र खत्म किया गया

## पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में अडाणी समूह से जुड़े मामले को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाकर सदन में लोकतंत्र को खत्म किया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री से जुड़े अडाणी महाघोटाले पर राहुल गांधी की टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाये जाने के साथ लोकसभा में लोकतंत्र का दाहसंस्कार कर दिया गया। ओम शांति। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अडाणी समूह से जुड़े मामले का हवाला देते हुए मंगलवार को लोकसभा में आरोप लगाया था कि 2014 में केंद्र की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी के आने बाद ऐसा असली जादू हुआ कि आठ वर्षों के भीतर उद्योगपति गौतम अडाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया था कि मौजूदा सरकार के दौरान नियम बदलकर हवाई अड्डों के ठेके अडाणी समूह को दिए गए। राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों को आसन के निर्देश पर कार्यवाही से हटाया गया है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : मानो सरकार के अंगने में हो शादी 40 देशों से आएंगे बाराती, सजधज कर तैयार हो रही राजधानी

## यह सपना तकरीबन 25 लाख करोड़ के निवेश को उप्र. की जमीं पर उतारने का

**लखनऊ।** राजधानी दुल्हन की तरह सजकर तैयार हो रही है। तैयारियां इस कदर कि आंखें चौंधिया जातीं हैं। मानो सरकार के अंगने में शादी हो। बाराती (मेहमान) 40 देशों से आएंगे। न्योता बांट दिया गया है। न्योता देने राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्रीगण 16 देशों का दौरा पहले ही कर चुके हैं। अब यहां मेहमानों का स्वागत खुद राज्य के मुखिया योगी आदित्यनाथ करेंगे। ओडीओपी उत्पाद का गिफ्ट भी देंगे। तीन दिन तक रतजगा, नाच-गाना, निवेश मंथन और फिर शाही भोज भी। दस हजार से ज्यादा मेहमान होंगे। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत एक दर्जन से भी अधिक कैबिनेट मिनिस्टर्स, फिल्मी सितारे, कलाकार चार चांद लगाएंगे। मौका ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (10-12) का है। मुख्य आयोजन स्थल (वृंदावन विहार) पर 25 हजार वर्ग मीटर के क्षेत्र में वाटरप्रूफ पंडाल तन चुके हैं। शहर के चप्पे-चप्पे पर इसकी भव्यता दिखाई दे रही है। बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनर लगे हुए हैं। झालर, कलाकृतियां, रंगीन झंडे, चाकाचौंध करती लाईटिंग, सड़कों, चौराहों पर पेन्टिंग्स। मानो ट्रैफिक सिंग्नल, स्ट्रीट लाईट्स भी अब खुद-ब-खुद ठीक होकर अलर्ट मोड में हों। गढ्डामुक्त सड़क अभियान में भी अपने लुक से अप-टू-डेट न हो सकीं सड़कें डाई लगाकर सुंदर नजर आ रहीं हैं। राजधानी को दुल्हन सरीखा करने में एलडीए, नगर निगम, एनएचआई, पीडब्ल्यूडी और लेसा वाले ब्यूटी पार्लर वाले बने हुए हैं। सजावट की इस कवायद में अलग-अलग विभागों का इनवेस्टमेंट मिलाकर लगभग 126 करोड़ का बजट होगा। मेहमानों को टिकाने के लिए शहरभर के 45 होटल बुक हैं। ह्यजनवासाह्न तो तीन टेण्ट सिटी भी बनेगी। मेहमान आने भी लगे हैं। एयरपोर्ट से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक तकरीबन 25 किलोमीटर के रास्ता जगमग है। यहां तक कि रात में सुरक्षा की नजर से सोलर ब्लिंकर, कैट आई डिवाइस लगीं हैं। रास्तों पर लगे रंगे-बिरंगे झण्डे, सजावट सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं। चहुंओर स्वच्छता का खास ध्यान रखा जा रहा है। मेहमानों (निवेशकों) को लुभाने के लिए पार्कों का भी रंग-रोगन कर हुलिया दुरुस्त किया गया है। प्री-वेडिंग प्रोग्राम की तरह दो दिन पहले से ही इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजन शुरू हो जाएंगे। मौका वेलेन्टाइन वीक का है। इसी दौरान नये मेहमानों से रिश्ते बनेंगे। रिश्ते बनेंगे तो सूबे का सपना भी साकार होगा। यह सपना तकरीबन 25 लाख करोड़ के निवेश को उप्र. की जमीं पर उतारने का है। अतिथियों के साथ आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो इसके निर्देश जारी हो चुके हैं। वीवीआईपी रूट के लिए मुख्य मार्ग के साथ वैकल्पिक रास्ते भी तय होंगे। इन रूट पर पुलिस फोर्स पर्याप्त होगी। विभिन्न होटलों में ठहरे मेहमानों को आयोजन स्थल पर पहुंचने में लगने वाले समय और रूट को होटल के रिसेप्शन पर प्रदर्शित किया जाना है।





हिमाचल प्रदेश में दो दिन बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार ताजा पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य के कई भागों में 9 और 10 फरवरी को बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं, निचले व मैदानी भागों के लिए बिजली चमकने व अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी हुआ है। 11 फरवरी को भी कुछ भागों में मौसम खराब रह सकता है। आज राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में धूप खिलने के साथ हल्के बादल भी छाए हुए हैं। उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

# आरबीआई ने रेपो रेट को 25 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर किया 6.50 फीसदी, लगातार छठी बढ़ोतरी

## नीतिगत दरों में छठवीं बार वृद्धि, घर-कार ऋण होगा महंगा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट को 25 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 6.50% करने का फैसला किया है। मई 2022 के बाद से रेपो रेट में यह लगातार छठी बढ़ोतरी है। गौरतलब है कि रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई, बैंकों को कर्ज. देता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, वित्त वर्ष 2023-2024 में रियल जीडीपी ग्रोथ 6.4% की संभावना है। उन्होंने कहा, 2023-24 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति औसतन 5.6% रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुख्य रूप से महंगाई को काबू में लाने के उद्देश्य से बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में एक बार फिर नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इससे मुख्य नीतिगत दर बढ़कर 6.50 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। वहीं अगले वित्त वर्ष में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 5.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इसमें वृद्धि का मतलब है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिया जाने वाला कर्ज महंगा होगा और मौजूदा ऋण की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने डिजिटल माध्यम से प्रसारित बयान में कहा, मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति के छह सदस्यों में से चार ने रेपो दर बढ़ाने के पक्ष में मतदान किया। हालांकि, रेपो दर में वृद्धि की यह गति पिछली पांच बार की वृद्धि के मुकाबले कम है और बाजार इसकी उम्मीद कर रहा था। आरबीआई मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये इस साल मई से लेकर अबतक कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। इससे पहले, मई में रेपो दर 0.40 प्रतिशत तथा जून, अगस्त तथा सितंबर में 0.50-0.50 प्रतिशत तथा दिसंबर में 0.35 प्रतिशत बढ़ायी गयी थी। केंद्रीय बैंक नीतिगत दर पर निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई पर गौर करता है। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई को लक्षित दायरे में रखने के उद्देश्य से लगातार छठवीं बार नीतिगत दरों में बढोतरी की जिससे घर, कार और अन्य ऋण अब और महंगे हो जायेंगे। आरबीआई ने गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की बुधवार को समाप्त हुयी तीन दिवसीय बैठक के बाद यह घोषणा की।

## आरबीआई क्यूआर कोड वाली सिक्का वेंडिंग मशीन करेगा शुरू



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लोगों के बीच सिक्कों का वितरण आसान बनाने के लिए क्यूआर कोड आधारित सिक्का वेंडिंग मशीन की शुरुआत करने की आज घोषणा की। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बुधवार को समाप्त हुई तीन दिवसीय बैठक के बाद घोषणा करते हुए कहा कि जनता के बीच सिक्कों के वितरण में सुधार के लिए कुछ प्रमुख बैंकों के सहयोग से क्यूआर कोड आधारित सिक्का वेंडिंग मशीन पर शीघ्र ही एक पायलट परियोजना शुरू की जाएगी। यह मशीन एक कैशलेस डिस्पेंसेशन मशीन है, जो एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल करके ग्राहक के बैंक खाते से राशि काटकर उसके एवज में सिक्के का भुगतान करेगी। दास ने कहा कि क्यूआर कोड आधारित यह मशीन नकद आधारित पारंपरिक सिक्का वेंडिंग मशीन के विपरीत बैंक नोटों की भौतिक निविदा और उनके प्रमाणीकरण की आवश्यकता को समाप्त कर देगा। क्यूआर कोड आधारित मशीन में ग्राहकों के पास आवश्यक संख्या और मूल्य में सिक्कों की निकासी करने का विकल्प भी होगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि क्यूआर कोड आधारित सिक्का वेंडिंग मशीन की पायलट परियोजना को शुरुआत में देश भर के 12 शहरों के 19 स्थानों पर शुरू करने की योजना है। इन वेंडिंग मशीनों तक लोगों की पहुंच को आसान बनाने के लिए इन्हें रेलवे स्टेशनों, शॉपिंग मॉल, मार्केटप्लेस जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षणों से मिली सीख के आधार पर क्यूआर कोड आधारित वेंडिंग मशीन का उपयोग करके सिक्कों के बेहतर वितरण को बढ़ावा देने के लिए बैंकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

## फ्लिपकार्ट की सर्विस आर्म जीव्स ने सैमसंग के साथ पार्टनरशिप मजबूत की

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट की सर्विस आर्म जीव्स ने आज देशभर के विभिन्न शहरों में कई स्थानों पर सैमसंग के अधिकृत सर्विस सेंटर खोलने की घोषणा की है लखनऊ, गुड़गांव, मुरादाबाद, गाजियाबाद, मुंबई, दुर्ग तथा रायपुर में इन सर्विस सेंटर्स का संचालन जीव्स की जिम्मेदारी होगा और यहां ग्राहकों तथा कारोबारों के लिए सभी तरह के आफ्टर-सेल्स सर्विस सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए जाएंगे यहां सैमसंग के कहीं से भी खरीदे गए उत्पादों के लिए आफ्टर सेल्स सपोर्ट सुविधा उपलब्ध होगी। इन सर्विस सेंटर्स के बारे में डॉ निपुण शर्मा सीईओ, जीव्स, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा जीव्स कई नेशनल तथा इंटरनेशनल ब्रैंड्स की सर्विसिंग के अपने लंबे अनुभव की बदौलत सैमसंग के ग्राहकों के लिए विस्तृत आफ्टर सेल्स सेवाएं देने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। सैमसंग के इन नए सर्विस सेंटर्स के खुलने से कई तरह के प्रोडक्ट्स की बेहतरीन क्वालिटी की आफ्टर सेल्स सर्विस मुहैया कराने की जीव्स की योग्यता की एक बार फिर पुष्टि हुई है। इन सर्विस सेंटर्स के साथ सैमसंग के ग्राहकों की पहुंच अब कुशल प्रोफेशनल्स द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुगम आफ्टर सेल्स सर्विस तक होगी।

## मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में नीचे आएगा चालू खाते का घाटा: शक्तिकांत दास

### दास ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही में चालू खाता का घाटा (कैड) पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) की तुलना में कम रहेगा। पहली छमाही में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 3.3 प्रतिशत रहा है। दास ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि आयात घटने से दूसरी छमाही में कैड नीचे आएगा। चालू खाता का घाटा पहली छमाही में जीडीपी का 3.3 प्रतिशत रहा है, जो इससे एक साल पहले की समान अवधि के 0.2 प्रतिशत से काफी अधिक है। दास ने कहा, 2022-23 की तीसरी तिमाही में स्थिति सुधरी है। जिंसों के दाम घटने से आयात नीचे आया है। इससे वस्तुओं का व्यापार घाटा कम हुआ है। दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेवाओं का निर्यात 24.9 प्रतिशत बढ़ा है। सॉफ्टवेयर, कारोबारी और यात्रा सेवाओं में वृद्धि से कुल सेवा निर्यात बढ़ा है। 2023 में वैश्विक स्तर पर सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं पर खर्च बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा भारतीयों द्वारा विदेशों से भेजा जाने वाला धन (रेमिटेंस) चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 26 प्रतिशत बढ़ा है। यह विश्व बैंक के अनुमान का दोगुना है। दास ने कहा, चालू खाते का घाटा दूसरी छमाही में नीचे आएगा और इसे आसानी से प्रबंधित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर के दौरान देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह 22.3 अरब डॉलर पर मजबूत रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 24.8 अरब डॉलर रहा था। दास ने कहा कि जुलाई से छह फरवरी तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का प्रवाह सुधरकर 8.5 अरब डॉलर रहा है। गवर्नर ने कहा कि इसके अलावा विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भी स्थिति सुधरी है। 21 अक्टूबर, 2022 को विदेशी मुद्रा भंडार 524.5 अरब डॉलर था, जो 27 जनवरी, 2023 तक बढ़कर 576.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि देश का बाहरी ऋण अनुपात अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से नीचे है। देश का बाहरी ऋण/जीडीपी अनुपात मार्च, 2022 के 19.9 प्रतिशत से घटकर सितंबर में 19.2 प्रतिशत रह गया।

## टैफे ने 'मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2023' का पहला सीजन लॉन्च किया

**चेन्नई।** दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी और भारत में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर्स के निमार्ता, टैफे-ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, ने 'मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2023 - #सबसेबड़ेऑलराउंडरकीतलाश के पहले सीजन की शुरूआत की है। ओरिजिनल और रचनात्मक आइडिया वाले किसानों, उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, व्यक्ति विशेष या संस्था के लिए यह भारत की अपनी तरह की पहली ऑनलाइन खोज है, जो मैसी फर्ग्यूसन डायनाट्रैक ट्रैक्टर का उपयोग करके जीवन में प्रभावशाली ढंग से सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता को रु. 7.5 लाख तक की कीमत का मैसी फर्ग्यूसन 241 डायनाट्रैक ट्रैक्टर भेंट किया जाएगा। इसके अलावा, पहले दो उपविजेताओं में से प्रत्येक को 8-ग्राम सोने का सिक्का, वहीं शीर्ष 20 चयनित प्रतिभागियों में से प्रत्येक को रु. 5000 मूल्य के गिफ्ट हैंपर्स दिए जाएँगे।

## अडाणी को मुंबई एयरपोर्ट बेचने के लिए कोई दबाव नहीं था : जीवीके ग्रुप का राहुल गांधी को जवाब



**हैदराबाद।** विभिन्न कारोबार से जुड़ा जीवीके ग्रुप ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उसके ऊपर मुंबई हवाई अड्डे में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए किसी तरह का बाहरी दबाव नहीं था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में समूह पर दबाव होने का आरोप लगाया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर जीवीके से मुंबई हवाई अड्डा लेकर उसे अडाणी को सौंप दिया। गांधी के इस आरोप के एक दिन बाद जीवीके ने इस मामले में यह बयान दिया है। जीवीके के प्रवक्ता ने कहा, मुंबई हवाई अड्डे में हिस्सेदारी अडाणी को बेचने का फैसला प्रबंधन ने लिया था और इसके लिए हमपर कोई बाहरी दबाव नहीं डाला गया। अमेरिका की वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह को लेकर काफी हंगामा मचा हुआ है। इस रिपोर्ट में अडाणी समूह पर लेनदेन में धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। जीवीके ग्रुप के वाइस चेयरमैन संजय रेड्डी ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में उन परिस्थितियों को स्पष्ट किया जिनकी वजह से मुंबई हवाई अड्डे में हिस्सेदारी बेचनी पड़ी। रेड्डी ने कहा कि समूह हवाई अड्डा कारोबार के लिए धन जुटाना चाहता था। उन्होंने बताया कि अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने उनसे संपर्क किया था और कहा था कि उनकी हवाई अड्डे में रुचि है और क्या जीवीके समूह उनके साथ सौदा करने का इच्छुक है।

## मेटा ने जी20 स्टे सेफ ऑनलाइन कैंपेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ साझेदारी की


**नई दिल्ली।** मेटा ने जी20 स्टे सेफ ऑनलाइन कैंपेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आई मंत्रालय मंत्रालय के साथ अपनी साझेदारी के तहत, मेटा विभिन्न चैनलों के माध्यम से अलग-अलग भारतीय भाषाओं में मददगार संसाधनों का निर्माण कर उन्हें साझा करेगा। इसका मकसद ऑनलाइन सुरक्षित रहने के बारे में जागरुकता फैलाना है। जी20 स्टे सेफ ऑनलाइन के तहत संसाधनों द्वारा कई थीम्स को कवर किया जाएगा। इसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने, हानिकारक सामग्री की रिपोर्ट करने के तरीकों, ऑनलाइन बातचीत करते समय खुद को सुरक्षित रखने के सुझावों और ऐसे बहुत सारे विषयों को शामिल किया जाएगा। भारत एक ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और ऐसे समय में जब भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है, यह रणनैतिक साझेदारी न केवल मौजूदा इंटरनेट यूजर्स की सहायता करेगी।

## अगले 30 मिनट में मिल जाएगा ईमेल...: 1300 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा करते हुए बोले जूम एमडी



**मुंबई।** संचार प्रौद्योगिकी फर्म जूम लगभग 1,300 कर्मचारियों या अपने 15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एरिक युआन ने मंगलवार को कंपनी के आधिकारिक ब्लॉग के जरिए इसकी जानकारी दी। प्रभावित कर्मचारियों को मेहनती, प्रतिभाशाली सहयोगियों बताते हुए युआन ने कहा कि अमेरिका के कर्मचारियों को एक ईमेल मिलेगा और सभी गैर-अमेरिकी कर्मचारियों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार सूचित किया जाएगा। युआन ने ब्लॉग में लिखा, यदि आप यूएस-आधारित कर्मचारी हैं जो प्रभावित हुए हैं, तो आपको अगले 30 मिनट में अपने जूम और व्यक्तिगत इनबॉक्स में एक ईमेल प्राप्त होगा. जिसमें लिखा होगा डिपार्टिंग जूमः व्हाट यू नीड टू नो ।. गैर-अमेरिकी कर्मचारियों को स्थानीय आवश्यकताओं का पालन करते हुए सूचित किया जाएगा। जो अमेरिका में काम करनेवाले कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, उन्हें 16 सप्ताह के वेतन और स्वास्थ्य सेवा कवरेज की पेशकश की जाएगी, कंपनी के प्रदर्शन के आधार पर अर्जित वित्तीय 2023 वार्षिक बोनस का भुगतान, आरएसयू (प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयां) और स्टॉक विकल्प निहित अमेरिकी कर्मचारियों के लिए छह महीने के लिए और गैर-अमेरिकी कर्मचारियों के लिए 9 अगस्त, 2023 तक के लिए।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में आई तेजी



**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में बेंचमार्क सेंसेक्स 360.77 अंकों की तेजी के साथ खुला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 360.77 अंक या 0.60 प्रतिशत बढ़कर 60,646.81 अंक पर पहुंच गया, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 121.60 अंक 0.69 प्रतिशत बढ़कर 17,843.10 अंक पर पहुंच गया। वहीं, मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 220.86 अंक की गिरावट के साथ 60,286.04 अंक और एनएमई निफ्टी 43.10 अंक गिरकर 17,721.50 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स चार्ट पर अल्ट्रा सीमेंट सबसे अधिक 2.43 प्रतिशत चढ़ा, इसके बाद बजाज फाइनेंस, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और एचसीएल टेक टॉप गेनर की लिस्ट में रहा, जबकि भारती एयरटेल, सन फार्मा, एनटीपीसी, पावरग्रिड, मारुति और एचयूएल टॉप लूजर्स रहें। भारतीय रिजर्व बैंक (फ्द्दक) सुबह अपने मौद्रिक नीति निर्णय की घोषणा कर चुकी और इसमें रेपो दर में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी हो गई है। इससे ब्याज दर में बढ़ोतरी होने उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के फैसले से घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रुख है। बुधवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 82.66 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में, घरेलू इकाई डॉलर के मुकाबले 82.67 पर मजबूत खुली, फिर 82.66 पर पहुंच गई, जो पिछले बंद के मुकाबले 4 पैसे की वृद्धि थी। मार्केट में इस तेजी के बीच अडाणी ग्रुप की कंपनियों के कुछ शेयरों में रिकवरी देखने को मिली है। अडाणी एंटरप्राइजेज में 23% की तेजी देखने को मिली। वहीं अडाणी पोर्ट्स का शेयर आज 9% चढ़ा है। 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिचर्स की रिपोर्ट के बाद इसके शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। शुक्रवार यानी 3 फरवरी को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1000 रुपए के करीब पहुंच गया था।

## टाटा मोटर्स ने भारत में सबसे तेजी से बुक किए गए इलेक्ट्रिक वाहन टियागो ईवी की डिलीवरी शुरू की!



**मुंबई।** टाटा मोटर्स, भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल निमार्ता कंपनी ने 2000 टियागो ईवी की पहली खेप की डिलीवरी कर दी है। इसी के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक बनने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए इस साल की शानदार शुरूआत की है। टियागो ईवी को बाजार से जबरदस्त रेस्पॉन्स मिला है, और एक ही दिन में 10,000 से अधिक वाहनों की बुकिंग ने इसे भारत में सबसे तेजी से बुक की गई ईवी बना दिया है। इस उल्लेखनीय रेस्पॉन्स ने कंपनी को अतिरिक्त 10,000 ग्राहकों को विशेष प्रारंभिक कीमत पेश करने के लिए प्रेरित किया। ग्राहकों ने भी बिना समय गंवाये फौरन आगे आकर अपनी पसंदीदा इलेक्ट्रिक हैच को बुक किया। 20,000 से अधिक की बुकिंग के साथ, टियागो ईवी ने अपने रोमांचक, आसान, पर्यावरण के अनुकूल और इलेक्ट्रिक वाहन के प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ देश के लोगों को आकर्षित किया है। टियागो ईवी पर ग्राहकों द्वारा दिखाए गए प्यार और भरोसे पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विवेक श्रीवत्स, हेड, मार्केटिंग, सेल्स एंड सर्विस स्ट्रैटेजी, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड, ने कहा, टियागो ईवी के लॉन्च के पीछे हमारा मकसद भारतीय ईवी बाजार का प्रजातंत्रीकरण कर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाए जाने में तेजी लाना था और हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इस प्रोडक्ट के साथ हम लोग सही राह पर हैं। हमारे मजबूत सेल्स नेटवर्क की बदौलत 133 शहरों में इन कारों की बिक्री की गई है। इस ब्रांड में जताए गए संपूर्ण विश्वास के कारण हमें यह सफलता मिली है जिसका जश्न हम आज मना रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों में साल दर साल दर्ज की गई 38.6% वृद्धि के साथ (जनवरी 2023 तक), हम ग्राहकों को सर्वोत्तम उपलब्ध कराने और सभी को ईवी अपनाने में मदद करने के हमारे विजन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इतना ही नहीं, देश भर में फैले हमारे सभी चैनल भागीदारों के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं जो हमारी इस यात्रा में मदद कर रहे हैं और इलेक्ट्रिक बनने के भारत के सपने को पूरा करने में जुटे हुए हैं।

## संक्षेप

### एचडीएफसी बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री अभीक बरुआ की आम बजट पर राय

**मुंबई।** बजट द्वारा स्वीकृत बढ़ते वैश्विक जोखिमों और निजी कैपेक्स चक्र में केवल एक अल्प सुधार को देखते हुए इस अर्थव्यवस्था के साथ निवेश को चलाने में मुख्य भूमिका निभानी होगी। 2023-24 के लिए पूंजी परिव्यय को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, जो साल-दर-साल 33% की वृद्धि से जुड़ा है।बजट में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 2023-24 में जीडीपी के 5.9% से घटाकर 2022-23 में 6.4% करने की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया गया है। उम्मीद से कम परिणामी उधारी संख्या की सहायता से बॉन्ड बाजार को कुछ राहत मिलने की संभावना है।हम वित्तीय वर्ष 2024 में 10 साल की बॉन्ड यील्ड को 7-7.1% की ओर मॉडरेट होते हुए देखते हैं। बजट में आयकर स्लैब में समायोजन की भी घोषणा की गई है जिससे अर्थव्यवस्था में खपत और बचत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, विशेष रूप से आय पिरामिड के निचले कोष्ठकों में करदाताओं को लाभ होने की संभावना है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने एनीटाइम वारंटी के अनोखे पैकेज की पेशकश की

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने बिक्री के मामले में साल 2022 को सबसे बड़ा बनाने के बाद 2023 की शुरूआत अपनी पहली पेशकश से की है यह पेशकश कोई नई कार नहीं बल्कि ग्राहकों के लिये बिलकुल नई और क्रांतिकारी पहल है जिसका लक्ष्य है स्वामित्व के अनुभव और ग्राहक संतोष को बेहतर बनाना। इसका नाम एनीटाइम वारंटी है और यह 1 साल/20000 कि.मी. का वारंटी पैकेज है जिसका इस्तेमाल किसी भी मौजूदा मानक या विस्तारित वारंटी को बढ़ाने के लिये हो सकता है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्डे डायरेक्टर पेट्र सोल्क ने कहा हमने 2023 की शुरूआत आप से यह कहते हुए की है कि स्कोडा ऑटो इंडिया के लिये आगे का सफर सिर्फ नई कारों तक सीमित नहीं होगा बल्कि ऐसे कई नवाचार होंगे जो हमारे ग्राहकों को स्वानमित्व और रख-रखाव का बेजोड़ अनुभव देंगे। एनीटाइम वारंटी ऐसी ही पेशकश है जो वृद्धि को गति देने के हमारे मार्ग में ग्राहक संतोष और स्वामित्व के परेशानी से मुक्त अनुभव का हमारा वादा पूरा करती है। स्कोडा ऑटो इंडिया पहले से ही 4 साल/100000 कि.मी. की मानक वारंटी के साथ भारतीय ऑटोमोटिव बाजार में अग्रणी है क्योंकि उद्योग का मानक लगभग 3 साल/75000 कि.मी. है। इसके अलावा स्कोडा अपने पीस ऑफ माइंड प्रोग्राम के तहत 4 साल की मानक वारंटी को 5 और 6 साल/150000 कि.मी. तक बढ़ाने का विकल्प दिया एनीटाइम वारंटी मौजूदा मानक और विस्तारित वारंटीज में जुड़ी है और इसके द्वारा ग्राहक 8 साल/150000 कि.मी. तक अतिरिक्त वारंटी की सुरक्षा पा सकते हैं।

### जगुआर टीसीएस रेसिंग पहले ग्रीनको हैदराबाद ई-प्रिक्स में मुकाबला करने के लिए तैयार

**हैदराबाद।** जगुआर टीसीएस रेसिंग भारत में हैदराबाद की सड़कों और गलियों में पहली बार इस वीकेंड आयोजित होने वाली 2023 एबीबी एफआईए फॉर्मूला ई वर्ल्ड चैंपियनशिप में अपनी जगुआर आई-टाइप 6 का डेब्यू करेगी। ग्रीनको हैदराबाद ई-प्रिक्स में शनिवार, 11 फरवरी को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 3 बजे यह रेस शुरू होगी। हैदराबाद ऑल इलेक्ट्रिक वर्ल्ड चैंपियनशिप के सीजन 9 के लिए पहले 4 नए ब्रैंड न्यू रेस लोकेशंस में से एक है। इस रेस में दिल के आकार में बनी हुसैन सागर झील के तट पर 2.83 किमी के स्ट्रीट सर्किट के 32 लैप्स शामिल हैं। जनवरी में दिरियाह में डबल-हेडर में बेहतरीन और सकारात्मक परफॉर्मेंस के बाद ड्राइवर मिच इवांस और सैम बर्ड का लक्ष्य और ज्यादा पॉइंट्स जीतना और पोडियम पर अपनी जगह को सुरक्षित रखना है। दूसरे और तीसरे राउंड में सैम ने तीसरी और चौथी पोजीशन हासिल की। दूसरे और तीसरे राउंड में दसवें और सातवें नंबर पर आने के बाद मिच ने पॉइंट्स हासिल किए। उन्होंने तीसरे राउंड के क्वॉलिफाइंग और प्रारंभिक स्टेज पर काफी शानदार प्रदर्शन किया, जब उन्होंने पहले कार्नर से इस रेस का नेतृत्व किया था। जगुआर टीसीएस रेसिंग ने आधिकारिक सप्लायर के रूप में ऐरो के साथ नई साझेदारी की घोषणा की है। पेंट इंडस्ट्री में क्रांति करते हुए, ऐरो ने परंपरागत कार पेंट का एक नया विकल्प पेश किया है। एयरो ने यह कार पेंट आधुनिक फिल्म बेस्ड मटीरियल तकनीक का उपयोग कर बनाया है। इसे अविश्वसनीय रूप से सुव्यवस्थित किया है। इसके निर्माण और कार पर पेंट करने में काफी ठोस प्रक्रिया अपनाई गई है।

### कैर्न आयल ऐंड गैस ने उत्तरदायी ऊर्जा रूपांतरण का संकल्प लिया

**बेंगलुरु।** भारत में तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी निजी कंपनी और वेदांता ग्रुप की इकाई,केयर्न ऑयलएंड गैस इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2023 में अपने विजन, मिशन और टेक्नोलॉजीज को एक श्रृंखला का प्रदर्शन कर रही है। इसकार्यक्रम में सस्टेनेबिलिटी और ऊर्जा सुरक्षा के लिये अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए, केयर्न का स्टॉल ट्रांसफॉर्मिंग एनर्जी रिस्पॉन्सिबली थीम के अंतर्गत कंपनी की व्यवसाय रणनीतियों में ईएसजी को शामिल करने पर रोशनी डालता है। आईईडब्ल्यू नेटजीरो डीकार्बनाइजेशन की दिशा में लंबे समय से चले आ रहे ऊर्जा में बदलाव करने एवं इसकी प्रगति के ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। बतौर प्लेटिनम स्पॉन्सर, केयर्न ऑयल एंड गैस के ब्रांड की महत्वपूर्ण मौजूदगी रहेगी और कंपनी भारत के घरेलू क्रूड ऑयल तथा गैस उत्पादन में 50% योगदान देने के अपने विजन को पेश करेगी। केयर्न एक बहु-सूत्रीय रणनीतिक दृष्टिकोण के जरिए इसे हासिल करेगी, जिसमें नई खोज, शेल जैसे ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना और नई टेक्नोलॉजी तथा वैश्विक भागीदारियों के द्वारा मौजूदा ब्लॉक्स से उत्पादन बढ़ाना शामिल है।

### मोटोरोला ने अपने लेटेस्ट हटके लॉन्च

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने ई सीरीज फ्रैंचाइजी में अपने लेटेस्ट नवीनतम स्मार्टफोन मोटो ई13 को लॉन्च करने की घोषणा की। यह अपने आप में एक ऑल-इन-वन स्मार्टफोन है, जो कि 4जीबी रैम के साथ इस सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, इसके साथ ही इसमें यूनिसॉक टी606 ऑक्टा कोर प्रोसेसर और 64जीबी का स्टोरेज शामिल है जो इसे एक मजबूत हटके परफॉरमेंस प्रदान करता है, इसके अलावा इसमें एक विशाल, लंबे समय तक चलने वाली 5000एमएएच की बैटरी भी शामिल है जो इसे 36 घंटे* से अधिक तक चला सकती है। यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट में उपलब्ध है, जिसकी शुरूआती कीमत (2जीबी +64जीबी) वैरिएंट के लिए 6,999 रुपये तथा 4जीबी+64जीबी वेरिएंट के लिए 7,999 रुपये से शुरू होती है। मोटो ई13 अब तीन शानदार कलर्स-कॉस्मिक ब्लैक, ऑरोरा ग्रीन और क्रीमी व्हाइट में उपलब्ध है। स्मार्टफोन की बिक्री 15 फरवरी 2023 से फ्लिपकार्ट तथा मोटोरोला.इन पर शुरू होगी। मोटो ई13 हर हाल में एक शोस्टॉपर फोन है। इसका स्लीक, स्टाइलिश एवं प्रीमियम डिजाइन आपके ऑन-द-गो स्टाइल क्रेविंग को ध्यान में रखते हुए खूबसूरती के साथ बनाया गया है जिसमे 6.5 इंच की वाइब्रंट एलसीडी डिस्प्ले स्क्रीन स्मार्टफोन में और अधिक स्पार्क जोड़ती है।

### अब विदेशी यात्री भी वढकसे कर सकेंगे व्यवसायिक भुगतान, जल्द संचालन निर्देश किए जाएंगे जारी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को विस्तार देने की दिशा में नया कदम उठाते हुए अब भारत आने वाले सभी विदेशी यात्रियों को उनके प्रवास के दौरान यूपीआई के माध्यम से व्यवसायिक भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध कराने की आज घोषणा की। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बुधवार को समाप्त हुई तीन दिवसीय बैठक के बाद घोषणा करते हुए कहा कि यूपीआई देश में खुदरा इलेक्ट्रॉनिक भुगतानों के लिए एक सर्वव्यापी भुगतान साधन बन गया है। अभी हाल ही में इसका विस्तार करते हुए एनआरआई या एनआरओ खातों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल नंबर वाले प्रवासी भारतीयों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अब भारत आने वाले सभी यात्रियों को देश में रहने के दौरान यूपीआई से व्यवसायिक भुगतान करने की अनुमति दे दी गई है।

# भदोही को बनायें नम्बर वन: डिप्टी सीएम

## सुरियावां में अटल बिहारी की प्रतिमा का उपमुख्यमंत्री ने किया अनावरण

**बैठक**

**जिलाधिकारी गौरांग राठी की अभिनव पहल पर " जन संवाद मोबाइल एप" का किया शुभारंभ किया**

**डीएम के सभी ड्रीम प्रोजेक्ट की उपमुख्यमंत्री ने की सराहना**

**उपमुख्यमंत्री का काफिला रोककर स्कूली बच्चों ने किया स्वागत**

जनसंदेश न्यूज



जिला मुख्यालय पर योगी सरकार के विकास योजनाओं की अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण कर आते उप मुख्यमंत्री और भदोही विधायक जाहिद बेग

**ज्ञानपुर।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार की शाम भदोही पहुँचे। राजकीय गेस्ट हाउस में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम का भव्य स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद बुधवार को उपमुख्यमंत्री का व्यस्त कार्यक्रम रहा। डिप्टी सीएम ने योगी सरकार की विकास योजनाओं की जिला मुख्यालय पर अफसरों के साथ समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भदोही प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जनपद होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के नेतृव में बेहतर विकास हो रहा है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बुधवार को अपने व्यस्त कार्यक्रम के दौरान पूरे दिन व्यस्त रहे। जिला मुख्यालय सरपतहाँ में अफसरों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अभिनव पहल पर 'जन संवाद मोबाइल एप्प' का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के लांच होने से जिले के आम लोगों को काफी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विकास की सभी योजनाएं उन्हें मालूम होगी और संबंधित अफसरों से संपर्क कर योजनाओं के बारे में जान सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के जिलाधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं और प्रदेश स्तर पर बढ़िया काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने ड्रेस खरीदने हेतु शिक्षक अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए भी कहा। प्राथमिक स्कूल में मध्यान्ह भोजन के तहत उन्होंने मशरूम का भी प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक में सौ शैय्या अस्पताल में बने बर्न यूनिट का संचालन अब तक न होने पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में बर्न यूनिट का संचालन दो से तीन दिनों के भीतर सुनिश्चित कर हमें सूचित किया जाए। उन्होंने अल्ट्रासाउंड की समस्या का तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं सरकारी अस्पतालों में प्रसव को लेकर प्रयास किये जाने का निर्देश दिया। जनपद में कानून व शांति व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार से कहा कि आप हर स्तर से इस तरह के प्रयास करिए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जिला मुख्यालय से समीक्षा बैठक करने के बाद जब सुरियावां आ रहे थे तो पाली में प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने रोक कर उनका स्वागत किया। शहीद झूरी सिंह स्मारक पहुंचकर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित किया। सुरियावां नगर में पहुंचकर बाईपास चौराहे पर स्थापित 25 लाख रुपए की लागत स्थापित से दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने अटल बिहारी अमर रहें के नारे भी लगाए। उपमुख्यमंत्री बाद में वहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने कस्तूरीपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण भी किया। आदर्श प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण कर बच्चों से शिक्षा के विषय में हालचाल जाना और उनसे बातचीत भी किया। इस दौरान भदोही जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, सांसद रमेश बिंद, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, भदोही विधायक जाहिद जमाल बेल भी मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं का छलका दर्द, नहीं सुन रहे अधिकारी

ज्ञानपुर। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय जोरई में पार्टी के कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपमुख्यमंत्री के समक्ष कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि जनपद के अधिकारियों द्वारा उनकी बातों को गम्भीरता से नही लिया जाता हैं, सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता होने के बाद भी तवज्जो नही दी जाती हैं। डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओ की बातों को गम्भीरता से सुनते हुए निराकरण करने का आश्वासन दिया।



उपमुख्यमंत्री फ्लीट रोककर पाली में प्राथमिक स्कूल के छात्रों का अभिवादन स्वागत स्वीकार कर प्रोत्साहित करते हुए

### डिप्टी सीएम के साथ सपा विधायक ने भी लगाए 'अटल बिहारी अमर रहें के नारे'

**ज्ञानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के दौरान जहाँ मंच पर डिप्टी सीएम के साथ भाजपा के दिग्गज नेताओं की भीड़ थी वही लाल टोपी पहने सपा विधायक जाहिद बेग की मौजूदगी से कई लोग हैरान थे। सपा विधायक के न सिर्फ मंच पर पहुँचे बल्कि डिप्टी सीएम के साथ 'अटल बिहारी अमर रहे' के नारे भी लगाए। भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग ने कहा कि राजनीति में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी सर्वमान्य नेता हैं। सत्ता हो या विपक्ष उनके राजनीतिक कद का सब सम्मान करते हैं, अटल जी का व्यक्तित्व राजनीति से बड़ा हैं। वे प्रधनमंत्री जी को मुख्यमंत्री रहने के दौरान राजधर्म निभाने की सलाह दे चुके हैं। हमारें विधानसभा क्षेत्र में उनकी प्रतिमा का अनावरण हो रहा हैं तो उनके सम्मान में मेरी मौजूदगी से किसी को हैरान नही होना चाहिए।

### डीएम साहब इधर आइये आप अच्छा काम कर रहे हैं

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी गौरांग राठी के अभिनव पहल जनसंवाद मोबाइल एप्प, स्मार्ट विलेज संकल्पना, ग्राम ज्ञानालय, खेल मैदान, ग्रामीण बाजार सफाई अभियान, जन संवाद दिवस से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक काफी प्रभावित दिखे, कार्यक्रम के दौरान फोटो शूट के मौके पर डिप्टी सीएम ने कई मौके पर कहा कि डीएम साहब इधर आइये आप कड़ी मेहनत से बेहतर काम कर रहें हैं।

# छात्रों ने किया सलखन फॉसिल पार्क सोनभद्र का भ्रमण

**भ्रमण**

**प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाते हुए अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करने के लिए किया प्रेरित**

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय नवाचार परिषद वनस्पति विज्ञान विभाग और प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान संकाय के छात्राओं का समूह सलखान फॉसिल पार्क सोनभद्र का भ्रमण किया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को विज्ञान संकाय की डीन डॉ. माया यादव, वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रणजीत सिंह, नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव और जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. रुस्तम अली के नेतृत्व में रवाना किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करना चाहिए। स्नातक स्तर पर सीखी जाने वाली चीजें पूरे जीवन में हमें काम आती हैं। डॉ. रणजीत सिंह ने जीवाश्म से संबंधित जानकारियां देते हुए बताया कि सलखान पार्क 25 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा फॉसिल पार्क है जहां पर 150 करोड़ वर्ष पहले पाए जाने वाले साइनोबैक्टीरिया के जीवाश्म है।



सलखन फॉसिल पार्क का भ्रमण करने जाते छात्र

नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव छात्रों को प्रकृति से सीखते हुए नवाचार और क्रिएटिविटी के माध्यम से कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों के दल में शुभम गुप्ता, मनीष तिवारी, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद असद, वंदना, आंचल विश्वकर्मा, कोमल गुप्ता आदि के साथ कर्मचारी श्री संजय गौड़ शामिल रहे।

### शराब पीकर आतंक मचा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपीगंज ज्ञानपुर मार्ग के थानीपुर पेट्रोल पंप के सामने अमित सिंह पुत्र सुल्लर सिंह निवासी अनरिकपुरा थाना गोपीगंज को चौकी इंचार्ज मनोज राय अपने सहयोगी दीवान एजाज खान के साथ मौके पर पहुंच कर धरदबोचा और थाने पर ले आए। बताया जाता है की गोपीगंज ज्ञानपुर मार्ग के थानीपुर पेट्रोल पंप के पास अमित सिंह पिछले दो दिनों से सड़क पर आकर आने जाने वाली टेंपो और गाड़ियों पर ईट पत्थर मारकर लोगो को परेशान कर रहा था। इसी तरह दिन बुधवार को भी लोगो को गालियां और पत्थर मारकर परेशान कर रहा था। जिसकी सूचना चौकी इंचार्ज मनोज राय को दी गई। अपने हमराही दीवान एजाज खान के साथ पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद उसे पकड़कर थाना ले आकर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही में जुट गए।

# कार्यक्रम के सफल आयोजन पर डीएम ने सभी के प्रति जताया आभार

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक, नगर पंचायत सुरियावां क्षेत्रान्तर्गत अटल चौराहा पर भारत रत्न मा.पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण, अनु. जाति, जनजाति वार्ड न.06 पत्थरकट्टा बस्ती में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से वार्ता एवं भोज, विकास खण्ड सुरियांवा परिसर में विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा-ट्राई साइकिल वितरण, पोषण पोटली, टेबलेट, पीएम आवास योजना ग्रामीण, गोल्डेन कार्ड एवं कृषि विभाग के विभिन्न यंत्रों एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरियावां का निरीक्षण, एमएनसीयू वार्ड का लोकार्पण, इसीआरपी के अन्तर्गत निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण, गौशाला कस्तूरीपुर एव प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण सकुशल, शान्तिपूर्ण व सुव्यवस्थित सम्पन्न होने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक-पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकार बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनको बधाई व शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि सभी ने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपने निर्धारित दायित्वों का कर्तव्य निष्ठा व तत्परता के साथ निर्वहन किया है। जिसके लिए उन्होंने सभी की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ शुभारंभ



**खेतासराय।** स्थानीय कस्बे के उत्तरी छोर पर स्थित आदर्श भारती महाविद्यालय में स्काउड गाइड का पांच दिवसीय शिविर का बड़े धूमधाम से शुभारंभ हुआ। शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए वक्ताओं ने स्काउड गाइड के बारे में प्रकाश डालते हुए जीवन में उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। बुधवार को उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य विनय सिंह द्वारा माँ सरस्वरी के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रवज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अथितियों के स्वागत गीत के माध्यम से कार्यक्रम का आगाज किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम के पश्चात वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। डॉक्टर धर्मराज पाण्डेय ने स्काउड गाइड पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उसके नैतिक मूल्यों के महत्ता के बारे में बताया। विटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता मिश्रा ने आदर्श जीवन शैली में अपनाने की अपील किया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. चन्दवीर सिंह, डॉ. श्यामजीत पाण्डेय, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय, विकास पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संचालन डॉ. अजय कुमार तिवारी ने किया।

### पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने दलित को पीटा

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बामी गांव में बीती रात्रि करीब आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर उक्त गांव के दलित युवक सचिन गौतम पुत्र लालचन्द्र गौतम को गांव के ही दूसरी बिरादरी के दबंग रंजन सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह, रोहित तिवारी पुत्र समयनाथ तिवारी, मोहित उर्फ पंडित पुत्र समयनाथ ने लात-घूंसों व लाठी-डण्डों से मार पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया भेजवाया जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। वहीं थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने बताया की दूसरे पक्ष को भी चोटें आयी हैं और दूसरे पक्ष का एनसीआर लिखा गया है।

# हाईस्कूल के 180 व इंटर के 279 छात्रों को दी गई विदाई



जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** शाश्वत इंटर कालेज कमरुद्दीनपुर किरतापुर में बुधवार को हाई स्कूल के 180 व इंटर के 279 छात्रों को प्रबंधक प्रेम प्रकाश यादव ने विद्यालय प्रांगण से विदाई दिया। ये छात्र 16 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रवन्धक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमें एक तरफ कष्ट की अनुभूति हो रही है वहीं आपके सदैव आगे बढ़ने और नाम रौशन करने की ललक से हमें खुशी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का प्रकाश है जिससे आकाश की बुलंदियों तक पहुंचा जा सकता है। सभी बच्चो से उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि रात दिन परिश्रम करके अच्छे नम्बर लायें जिससे आपके स्कूल व जिले का नाम रौशन हो। वहीं प्रधानाचार्य मोतीलाल ने बच्चों को अच्छे नम्बर लाकर माता पिता व गुरु के आदर्शों को कायम रखने की सलाह दी। इस अवसर पर उमानाथ यादव, श्याम सुंदर, राजेश, विकास, शक्ति, अभिषेक, मनीषा, सुमन, पूनम, वंदना, रीमा, नेहा, रीना आदि अध्यापकों की उपस्थिति रही।

### पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम में उ.नि. संजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी सतहरिया ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मय पुलिस टीम द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त राममिलन यादव पुत्र स्व. जवाहरलाल यादव निवासी ग्राम सरायरैचन्दा थाना मुगराबादशाहपुर को जरिये मुखबिर खास सूचना पर गोबिन्दासपुर पुलिया के पास से बुधवार को करीब 9.30 बजे गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. विवेक कुमार तिवारी थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर, उ.नि. संजय कुमार सिंह, हे.का. सुरेश चन्द्र, का. संतोष कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# तहरीर देने के चार दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर है मनबढ़

जनसंदेश न्यूज

**असफलता**

**समाचार पत्र कर्मी को खबर न छापने व तहरीर वापस लेने की दे रहा धमकी**

**जौनपुर।** जहाँ एक तरफ नवागत कप्तान जिले में अपराध की व्यवस्था दुरूस्त करने के लिये कमान कसते जा रहें है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ मनबढ़ों की दादागीरी सातवें आसमान पर है। ऐसा ही एक मामला नगर के सिपाह मोहल्ले का है जहाँ समाचार पत्र के कर्मचारी को जान से मारने की धमकी इस कारण मिली कि अखबार ने जौनपुर डिपो की खामियों के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया और उस पर विभागीय कार्यवाही हो गई। जिसमें वर्कशॉप के फोरमैन का दो महीने का वेतन रोक दिया गया। इसी से झल्लाकर जौनपुर डिपो के एक चालक राजेश उपाध्याय ने समाचार पत्र कर्मचारी जीशान हैदर को बीते शनिवार 3 फरवरी को रात्रि 9.42 पर फोन कर मारने की धमकी दी थी। इतना ही नहीं उक्त मामले की तहरीर कोतवाली में देने के बाद चालक के ऊपर कोई कार्यवाही तो नहीं दिखी लेकिन उसकी दादागीरी और बढ़ गई। एक तरफ स्थानीय पुलिस लगातार घर पर दबिश देने का दावा तो कर रही है लेकिन वहीं दूसरी तरफ मनबढ़ चालक ने जीशान को सरेराह रोडवेज के समीप रोककर पुनः धमकी देने का दुस्साहस किया। ऐसे में यह प्रतीत होता है कि कप्तान लाख कमान कस लें लेकिन कुछ मनबढ़ों में उनका भी कोई खौफ नहीं है।

### चाकूबाजी में तीन लोग घायल

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली अन्तर्गत मुफ्तीगंज बाजार में नाबदान के पानी को लेकर बुधवार को शाम साढ़े 5 बजे तीन सगे भाइयों में विवाद हो गया जिसमें तीनों घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सचिन मोदनवाल, बिजय मोदनवाल व जय प्रकाश पुत्र बाबूलाल तीनों में नाबदान के पानी को लेकर विवाद हो गया जिसमें जय प्रकाश सब्जी काटने वाले चाकू को लेकर दौड़ा और सचिन विजय चाकू छीनने में ही घायल हो गए जिससे सचिन विजय ने अपना खून देखकर जय प्रकाश के ऊपर भी चाकू से हमला कर दिया जिससे वह भी चुटहिल हो गया। जय प्रकाश का इलाज निजी चिकित्सालय में हो रहा है। सूचना पाने पर चौकी पुलिस ने सचिन, विजय को गिरफ्तार कर लिया।

# मड़ियाहूं ने मिर्जापुर की टीम को 50 रनों से हराया

जनसंदेश न्यूज

**मड़ियाहूं।** स्व. मंगला प्रसाद यादव स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता पाली सुभाष स्थित मैदान में आयोजित हुई जिसके फाइनल मैच में मड़ियाहूं व मिजार्पुर की टीम से मुकाबला हुआ। मड़ियाहूं की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी किया। निर्धारित 25 ओवर में 193 रन बनाकर जीत के लिए 194 का लक्ष्य निर्धारित करके मिर्जापुर टीम को दिया। मिजार्पुर टीम भी पूरे दमखम के साथ मैदान में खेलने उतरी किंतु मात्र 15 ओवर में 143 रन ही बना सकी। मड़ियाहूं की टीम विजेता रही। मड़ियाहूं टीम के कप्तान संदीप यादव ने शील्ड जीत लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच दिव्य प्रकाश व मैन ऑफ द सीरीज अभय सिंह रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव कुमार यादव और विजय कुमार तिवारी ने विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम के आयोजकगण में जाकिर अली, अजीत पाल, डॉक्टर आलम सहित आए हुए खिलाड़ियों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते अतिथिगण

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889


आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### शिवबारात व शोभायात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के प्राचीन काँवरिया संघ (सेवा महासमिति) द्वारा 18 फरवरी शनिवार को शोभायात्रा व शिव बारात को लेकर बुधवार को श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक श्यामबाबू सेठ उर्फ टेम्पो सेठ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा व शिव बारात अच्छी व सुन्दर निकाली जायेगी जिसमें शोभायात्रा का समय दोपहर 1 बजे श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज पक्के तालाब से शोभायात्रा निकल कर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए शाम 5.30 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर गोलाबाजार में समाप्त होगी। इस बैठक में मुख्य रुप से माता प्रसाद गुप्ता, सुरेश मौर्या, सुरेश निगम, नीलू सिह, मुन्ना चौरसिया सहित नगर के संभ्रांत नागरिक व प्राचीन काँवरिया संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छुट्टा पशुओं से किसान हो रहे बर्बाद



जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत रामपुर गांव में किसानों की खड़ी फसल को छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे हैं। जबकि सरकार का निर्देश है कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में ग्राम प्रधान को निर्देशित कर सभी छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गो-शाला तक पहुंचाये लेकिन ऐसा न होकर यह जीती जागती तस्वीर यह बयां कर रही है कि किसानों की फसल को रौंदकर छुट्टा पशु खा रहे हैं। एक तरफ किसान महंगा बीज, खाद पानी देकर गेंहू की बुवाई कर अपनी फसल को अच्छा देखना चाहता है लेकिन यह छुट्टा पशु फसल बर्बाद कर रहे है।

रामपुर, नैपुरा, विझवार सारंग, सागर, हनुवाडीह, इटैली, पित्तूपुर आदि गांवों में छुट्टा पशुओं का आतंक है। गांव वालों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### फाइलेरिया दवा का सेवन अवश्य करें : डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एमडीए अभियान की शुरूआत जनपद के स्कूलों एवं कालेजों से की गयी, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दवा का सेवन उनके उम्र के अनुसार कराया गया। इसी क्रम में मेडिकल कालेज में बूथ लगाकर दवा का सेवन कराया गया। जिला कारागार में भी बूथ लगा कर बंदियों को फाईलेरिया की दवा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा खिलायी गयी। 9 फरवरी को समस्त स्कूलों, कालेजों, नर्सिंग एवं फार्मेसी कालेजों में दवा खिलायी जायेगी। 10 फरवरी से घर-घर जाकर यह दवा खिलाने का अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि सभी लोग दवा का सेवन अवश्य करे।

### बैठक 12 को

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 12 फरवरी को अपरान्ह 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, सीडा उद्योग बन्धु, ब्यापार बन्धु, श्रम बन्धु, बैंकर्स एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आहूत की गयी है।



# हस्तशिल्पियों की कला निखरने लगी संवरने लगा कल

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**खास मुलाकात**

*कामगारों को उनके अधिकार का पूरा लाभ मिल सके इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री की ओर से पूरे देश में नये विचारों को लेकर नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। वाराणसी में भी काष्ठ कला उद्योग से लगायत गुलाबी मीनाकारी व जरी के साथ ही बनारसी साड़ी के उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके इसके साथ इस कार्य में लगे कामगारों को उनके परिश्रम का पूरा लाभ मिले इसी उद्देश्य से वाराणसी में ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) खोला गया। काशी ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के हस्तशिल्पी को बिचौलियों से निजात दिलाया जा सके वैश्विक मंच पर उन हस्तशिल्पियों का नाम हो जो इसके हकदार है इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री ओर से इस सेंटर की शुरूआत की गयी, आज इस सेंटर के माध्मय से हजारों शिल्पी अपने हुनर को प्रदर्शित कर अपनी पहचान बना रहें हैं, इस स्थान के साथ के साथ ही हस्तशिल्पियों की सुविधाओं के प्रति संजीदा ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) के सहायक निदेशक गोपेश मौर्य हमेशा तत्पर रहते हैं, इस संदर्भ में जनसंदेश टाइम्स के साथ उनकी खास मुलाकात*

## पूर्वांचल के हस्तशिल्पियों के लिए वरदान बना दीनदयाल हस्तकला संकुल

## सितम्बर 2019 में सहायक निदेशक के रूप में टीएफसी को संभालने वाले गोपेश मौर्य हस्तशिल्पियों का रखते हैं खासा ख्याल

ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) यानि वह स्थान जहां आने के बाद हस्तशिल्प में और निखार आने के साथ ही इस कार्य से जुड़ें लोगों को उनका सही हक मिल सके, जिस उद्देश्य से इस सेंटर को बनाया गया वह आज पूरी तरह से चरितार्थ हो रहा है, किसी भी तरह की प्रदर्शनी आयोजित होने पर इस स्थान पर स्टॉल लगाने वाले हस्तशिल्पियों को उनके आने जाने का किराया देने के साथ ही स्टॉल तक निःशुल्क दिया जा रहा है। हां शहर से दूर होने के चलते इस स्थान पर लगने वाले प्रदर्शनी अभी लोगों से गुलजार भले ना हो लेकिन आने वाले दिनों में महानगरों के तर्ज पर इस स्थान को भी लोग हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीदारी के लिए जा सकेंगे। बहरहाल सहायक निदेशक ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) की मानें तो पूर्व के मुकाबले अब लोगों का आवागमन तो बढ़ा है साथ ही हस्तशिल्पियों की वस्तुओं की बिक्री भी बढ़ी है।



गोपेश मौर्य सहायक निदेशक दीनदयाल हस्तकला संकुल

दीनदयाल हस्तकला संकुल ट्रेड फैसिलिटि सेंटर (टीएफसी) के सफल संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले टीएफसी के सहायक निदेशक गोपेश मौर्य मूलत: भदोही खमरिया के रहने वाले हैं, क्षेत्र में कालीन का तानाबाना देखते हुए अपने जीवन की शुरूआत उन्होंने भले ही खमरिया के विद्यालयों से की लेकिन हाई स्कूल, इंटरमीडियट के साथ ही हायर एजुकेशन के लिए इलाहाबाद (अब प्रयागराज) को चुना, मन में क्षेत्र का तानाबाना तो था ही इसलिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपेट से बी.टेक किया, इंस्टीट्यूट के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान न्यूजीलैंड में वूल (ऊन ) हार्वेस्टिंग के सभी व्यवस्थाओं को देखने के बाद दिल्ली से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फेशन डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री ली, गारमेंट प्रोडक्शन में स्पेशलाइजेशन रहा तो विभिन्न निजी कंपनियों में प्रोडक्शन मैनेजर के रुप में काम करते हुए कई उपलब्धि हासिल की, अपने शहर की याद सतायी तो इलाहाबाद एक डिप्लोमा कॉलेज फिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फैशन टेक्नोलॉजी में गेस्ट फैलेल्टी पढ़ाया, लेकिन तैयारी जारी रही,और फिर हैंडिक्राफ्ट प्रमोशन ऑफिसर पद पर चयन हुआ, आज टीएफसी में सहायक निदेशक के रुप में इस सेंटर को संभाल रहे हैं।

## म्यूजियम में सारनाथ का पुरातत्व व अन्य झलकियां भी


ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) के सहायक निदेशक बताते हैं कि यहां म्यूजियम में सारनाथ की पुरातात्विक वस्तुओं के प्रतिरूप भी दिखता है तो रामनगर की रामलीला और घाट पर नौकाओं की झांकियां भी। ट्रेड फैसिलिटी सेंटर में व्यापार सुविधा केंद्र के अंतर्गत बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर सहित तीन अतिरिक्त फ्लोर निर्मित किए गए हैं। दो स्तरीय बेसमेंट में लगभग 400 चार पहिया वाहन खड़े हो सकते हैं। भूतल पर कार्यालय के अतिरिक्त 11 मार्ट, लगभग 2000 व्यक्तियों की क्षमता का कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट, 14 दूकानें, पूछताछ केंद्र, प्रवेश प्लाजा, गैलरी तथा एंफीथिएटर। प्रथम तल पर 13 मार्ट, दो एटीएम, प्रदर्शन गैलरी, दो रेस्तरॉ, 14 दूकानें, लाउंज, सिल्क गैलरी, कारपेट गैलरी तथा इतिहास एवं संगीत गैलरी। द्वितीय तल पर व्यापार केंद्र, सभागार, व्यापार व सूचना का राष्ट्रीय केंद्र, चार दूकानें, 15 डारमेट्री, कार्यालय, पुस्तकालय, रिकॉर्ड रूम, चलचित्र हाल आदि। तृतीय तल पर 13 कार्यालय तथा व्यापार केंद्र के अतिरिक्त 18 अतिथिगृह कॉमन हाल, पैंट्री तथा कार्यालय। पूरा परिसर पूर्णतया वातानुकूलित तथा पॉवरबैकअप की सुविधा से लैस है। परिसर में 13 लिफ्ट, दो सामग्री लिस्ट, दो स्वचालित सीढ़ियां हैं।

## हैंडलूम उत्पादों की दिखती है चमक

सहायक निदेशक ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) गोपेश मौर्य बताते हैं कि प्रधानमंत्री की ओर से ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) के लोकार्पण के बाद इस चमचमाते सेंटर में काशी का ताना-बाना तो झलका ही साथ ही पूर्वांचल भर के हैंडलूम उत्पादों की चमक भी पूरी दुनिया के लिए आकर्षण बन गयी। यहां एक ही छत के नीचे न केवल बुनकर शिल्पी अपने उत्पाद की प्रदर्शनी लगाते हैं, बल्कि क्रेता-विक्रेता के बीच सीधा व्यापार होता है, कोई बिचौलिया नहीं अपने कला का प्रदर्शन करते हुए हस्तशिल्पी अपने उत्पाद को अधिकार के साथ विक्रेताओं तक पहुंचाते हैं।

### कालीन गैलरी


भदोही कालीनों का इतिहास 400 साल से भी ज्यादा पुराना है। कारीगरों द्वारा इन अच्छी गुणवत्ता वाले हाथ से बुने हुए कालीनों के हर विवरण का ध्यान रखा गया है। मिजार्पुर दरिस अपने जीवंत डिजाइन के साथ अन्य कार्यों के साथ भूतल पर प्रदर्शित है।



### वस्त्र गैलरी

सुरुचिपूर्ण बनारसी साड़ियों की हमेशा उच्च मांग होती है, सभी इसकी अच्छी गुणवत्ता और सुंदर जरी के काम के लिए धन्यवाद। कपड़ा दीर्घा में उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रांतों से हथकरघा के विभिन्न विद्यालयों को दशार्ते हुए एक बहुत ही सचित्र प्रदर्शन है।





### संग्रहालय की दुकानें

जीआई उत्पादों, यानी भौगोलिक रूप से संकेतित उत्पादों में रुचि रखने वालों के लिए एक बहुत ही अनूठा मंच उपलब्ध है। ये अपने निश्चित भौगोलिक मूल के कारण विशिष्ट गुणवत्ता और प्रतिष्ठा वाले उत्पाद हैं। वाराणसी जीआई उत्पादों का केंद्र है। व्यापार सुविधा केंद्र संग्रहालय की दुकानों के रूप में एक अद्वितीय उपभोक्ता-कलाकार इंटरफेस प्रदान कर रहा है।

### हस्तकला गैलरी

चमकीले रंग के सुंदर खिलौनों से लेकर मंत्रमुग्ध कर देने वाली धातु और लकड़ी की कलाकृतियों तक, हस्तशिल्प गैलरी वाराणसी में हस्तकला की सदियों पुरानी परंपरा की झलक पेश करने के लिए पहली मंजिल पर मौजूद है।



## हस्तशिल्पियों को मिलती है एक ही छत के नीचे सुविधा

गोपेश मौर्य बताते हैं कि ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) में एक ही छत के नीचे बुनकरों, शिल्पियों को सभी कारोबारी सुविधाएं जहां मुहैया होती हैं वहीं, पर्यटन को भी ज्यादा ऊंचाई मिलती है। यहां का संग्रहालय दुनिया को शिल्प और बुनकरी की खूबसूरती बताता है। यहां आने वाले लोग म्यूजियम में काशी की संगीत और कला के भी दर्शन करते हैं तो रामनगर, चुनार, आजमगढ़, जौनपुर के क्राफ्ट भी यहां डिस्प्ले किए जाते हैं।

---

# शुभकामनाओं के साथ छात्रों का फेयरवेल





जनसंदेश न्यूज

**विदाई समारोह**

### सेन्ट जॉन्स स्कूल की लेढ़ूपुर शाखा में खट्टी-मीठी यादों के साथ कक्षा 12 के छात्रों की विदाई

**वाराणसी।** सेन्ट जॉन्स स्कूल की लेढ़ूपुर शाखा में बुधवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रागंण की खट्टी मिठ्ठी यादों के साथ सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए अगले कक्षा के लिए शुभकामना दी।

सेंट जान्स के लेढ़ूपुर शाखा के प्रागंण में आयोजित फेयरवेल समारोह में शामिल सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन की ओर से भव्य स्वागत किया गया, सभी के माथे पर चंदन लगाया गया इसके साथ ही उन्हें स्वागत पत्र भेंट किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल में बिताये दिनों की स्मृति को सभी ने अपने दिलों में सहेजा और एक दूसरे को आगे की पथ के लिए शुभकामना दी। बिछुड़ने के चलते सभी भावुक भी थे। सभी ने अपने गुरु जनों का आर्शीवाद भी लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर सुसाईराज ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष देते हुए उनके आगे के जीवन के लिए बधाई दी। कहा कि जिस भी क्षेत्र में रहें वहां ना सिर्फ विद्यालय बल्कि अपने परिवार, समाज व राष्ट्र का नाम रौशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छान एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया मौका-मुआयना

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बुधवार की शाम बड़ागांव ब्लॉक के सगुनहा का दौरा किया। उन्होंने गांव के प्राइमरी इंग्लिश स्कूल के निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल को तत्काल पूर्ण कराने, उसका रंग-रोगन कराने और विद्यालय की दीवारों और बड़े वृक्षों पर पर 'जी20' थीम के अनुसार पेंटिंग कराने, स्मार्ट प्रोजेक्टर एवं हैंड वॉश स्थल को दुरुस्त कराने और स्कूल के सामने स्थित मुख्य मार्ग वीआईपी मूवमेंट के मद्देनजर नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम सचिवालय परिसर में की बन रही चहारदीवारी को जल्द पूर्ण कराने व खाली स्थल पर ग्रामीण हाट बनवाने तथा प्रांगण में लाइब्रेरी स्थापित कराने को कहा।

---

# शिव-सती के महामिलन का पर्व है महाशिवरात्रि



## महाशिवरात्रि पर इस बार बन रहा है सर्वार्थ सिद्धि का योग

## शिव का करें दर्शन-पूजन, रखें व्रत, होंगी मनोकामनाएं पूरी

राधेश्याम कमल

भारतीय संस्कृति में हिंदू धर्मशास्त्राओं के अनुसार ब्रह्मा,विष्णु व महेश त्रिदेवों में भगवान शिव सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के पालनहार, अकाल मृत्युहर्ता तथा सर्वसिद्धिदाता माने गये हैं। भगवान शिव की महिमा में फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन महाशिवरात्रि का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाने की परम्परा है। शिवमहापुराण के अनुसार प्रजापति दक्ष की कन्या सती का विवाह भगवान शिव से इसी दिन हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि चतुर्दशी तिथि के दिन निशा बेला में भगवान शिव ज्योति4लिंग के रूप में अवतरित हुए थे। जिसके फलस्वरूप महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 18 फरवरी शनिवार की रात्रि 8.03 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन 19 फरवरी रविवार को दिन में 4.19 मिनट तक रहेगी। चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्दशी तिथि (महानिशीथ काल रात्रि 11.43 मिनट से 12.33 मिनट तक)में मध्य रात्रि में भगवान शिव की पूजा विशेष पुण्य फलदायी होती है। महाशिवरात्रि से ही प्रत्येक माह हर मासिक शिवरात्रि का व्रत प्रारंभ किया जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि के व्रत से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



### शिव आराधना का विधान

व्रतकर्ता को चतुर्दशी तिथि के दिन व्रत-उपवास रखकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। त्रयोदशी तिथि के दिन एक बार सात्विक भोजन करना चाहिए। व्रतकर्ता को तिल, विल्वपत्र व खीर से हवन करने पश्चात अपने व्रत का पारण करना चाहिए।

### क्या करें भगवान शिव को अर्पित

पं. विमल जैन के अनुसार भगवान शिव का दूध व जल से अभिषेक करके उन्हें वस्त्र, चंदन, यज्ञोपवीत, आभूषण, सुंगधित द्रव्य के साथ विल्वपत्र, कनेर, धतूरा, मदार, ऋतु पुष्प, नैवेद्य अर्पित करके धूप-दीप के साथ पूर्वाविमुख या उत्ताराविमुख होकर पूजा करनी चाहिए। शिव भक्त अपने ललाट पर भस्म और तिलक लगा कर शिव की पूजा करें। इससे पूजा का विशेष फल मिलता है।

### पूरी होगी मनोकामना रात्रि के चारों प्रहर करें विशेष पूजा

प्रथम प्रहर- भगवान शिव का दूध से अभिषेक करें एवं ऊँ ह्री ईशाय नम: मंत्र का जप करें

द्वितीय प्रहर- भगवान शिव का दही से अभिषेक करें एवं ऊँ ह्री अघोराय नम: का जप करें

तृतीय प्रहर- भगवान शिव का का शुद्ध देशी घी से अभिषेक करें। साथ ही ऊँ ह्री वामदेवाय नम: का जप करें

भगवान शिव की महिमा में शिव चालीसा, शिव स्तुति, शिव सहस्त्रनाम, शिव महिम्न स्तोत्र, शिव तांडव स्तोत्र, रूद्राष्टक, शिवपुराण का पाठ करना चाहिए। शिव जी के प्रिय पंचाक्षर मंत्र ऊँ नमऋ शिवाय का मानसिक जप करना चाहिए। शिवपुराण के अनुसार ऊँ नम: शिवाय शुभं कुरू कुरू शिवाय नम: ऊँ इस मंत्र के जप से सर्वाधिक कल्याण होता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव की पूजा-अर्चना करके रात्रि जागरण करने पर ही व्रत पूर्ण फलदायी माना जाता है। व्रत के दिन अपनी दिनचर्या नियमित व संयमित रखते हुए भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके विशेष पुण्य लाभ उठाना चाहिए। महाशिवरात्रि से मासिक शिवरात्रि का व्रत प्रारंभ हो जाता है। ऐसी मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि व्रत से सुख-समृद्धि सफलता मिलती है।

### राशि के मुताबिक पूजा विशेष फलदायी

**मेष-** भगवान शिव की पूजा गुलाल से करें। ऊँ ममलेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। लाल वस्त्र, लाल चंदन, गेहूं, गुड़, तांबा, लालफूल आदि का दान करें।

**वृषभ-** शिव का अभिषेक दूध से करें। ऊँ नागेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। सफेद फूल, सफेद चंदन, चावल, चांदी, घी, सफेद वस्त्र का दान करें।

**मिथुन-** शिव का अभिषेक गन्ने के रस से करें। ऊँ भूतेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। मूंग, कस्तूरी, कांसा, हरा वस्त्र, पन्ना, सोना, मूंगा घी का दान करें।

**कर्क-** शिव का अभिषेक पंचामृत से करें। महादेव के द्वादश नाम का स्मरण करें। सफेद फूल, सफेद वस्त्र, चावल, चीनी, चांदी, मोती, दही का दान करें।

**सिंह-** शिव का अभिषेक शहद से करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। लाल फूल, लाल वस्त्र, माणिक्य, केशर, तांबा, घी, गेहूं गुड़ का दान करें।

**कन्या-** शिव का अभिषेक गंगाजल या शुद्ध जल से करें। शिव चालीसा का पाठ करें। हरा फूल, कस्तूरी, क्टांसा, मूंग, हरा वस्त्र का दान करें।

**तुला-** शिव का अभिषेक दही से करें। शिवाष्टक का पाठ करें। हरा फूल, कस्तूरी, कांसा, मूंग, हरा वस्त्र घी, हरा फल का दान करें।

**वृच्छिक-** शिव का अभिषेक दूध व दही से करें। ऊँ अंगारेश्वराय नमः का जप करें। गेहू, गुड़ तांबा, मूंगा, लाल वसत्र का दान करें।

**धनु-** शिव का अभिषेक दूध से करें। ऊँ रामेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। पीला वस्त्र, चने की दाल, हल्दी, पीला फल लाल चंदन मसूर का दान करें।

**मकर-** शिव का अभिषेक अनार के रस से करें। शिवसहस्त्रनाम का पाठ करें। उड़द, काला तिल, केल, काले वस्त्र, लोहा कस्तूरी का दान करें।

**कुंभ-** शिव का अभिषेक पंचामृत से करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। काले वस्त्र काला तिल उड़द, तिल का तेल छाता का दान करें।

**मीन-** शिव का अभिषेक ऋतुफल से करें। ऊँ भौमेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। चने की दाल, पीला वसत्र, हल्दी, फूल, पीला फल सोना आदि का दान करें।